रायपुर, लखनऊ और नई दिल्ली से प्रकाशित

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

# पायनियर

www.dailypioneer.com रायपुर, बुधवार 26 जून 2024 पृष्ठ-12 वर्ष-08, अंक-304 मूल्य 3.00 ₹







# संविधान बचाने की दुहाई देने वालों ने ही संविधान की हत्या की थी : विष्णु देव साय

## आपातकाल में हमने कांग्रेस से लड़कर दूसरी आजादी पाई

पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर/दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेसी घूम-घूम कर संविधान बचाने की दुहाई दे रहे हैं, संविधान खत्म हो जाएगा कहकर दुष्प्रचार फैला रहे हैं। ये वही कांग्रेस है, जिसने तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के तानाशाही नेतृत्व में देश में आपातकाल लगाया था, लोकतंत्र की हत्या की थी। भारतीयों की आवाज को दबाने का काम किया था। तथ्य यह है कि फिरंगियों-अंग्रेजों से गांधी-सुभाष के नेतृत्व में लड़कर हमें जो आजादी मिली थी, वह 1975 में हमने खो दी थी। भारत में जो आजादी है, वह जेपी-लोहिया-अटल-आडवाणी जी जैसे महापुरुषों की देन है। यह कांग्रेस से लड़ कर पाई गई आजादी है, कांग्रेस के शिकंजे से संविधान को मुक्त करा कर लाई गई आजादी है। आपातकाल की 49वीं बरसी पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने यह बयान दिया है। साय ने कहा कि भारत में एक सदी भर लम्बे संघर्षों और हजारों हुतात्माओं के बलिदान के बाद हमने आजादी पाई थी। आजादी उपरांत स्व. भीमराव अम्बेडकर ने हमें मौलिक अधिकारों के साथ 'संविधान' का उपहार दिया। बड़े ही त्याग और बलिदान से प्राप्त इस लोकतंत्र को कांग्रेस नेत्री तब की प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने आधी रात को खत्म कर देश को फिर से तानाशाही और गुलामी के उसी काल में धकेल दिया था, जहां से निकल कर 1947 में भारत वापस आया था। उन्होंने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में यह सबसे अलोकतांत्रिक काल था, जिसे लोकनायक जयप्रकाश नारायण ने 'भारतीय इतिहास की सर्वाधिक काली अवधि' कहा है। सीएम साय ने कहा कि कांग्रेस ने अपनी आजादी की विरासत को, तब ही खत्म कर दिया था जब लोकतंत्र की हत्या कर देश में आपातकाल लगाया था। भारतीय संविधान और लोकतंत्र भाजपा के इतिहास पुरुष अटल-आडवाणी-नानाजी जैसे राष्ट्रवादियों का हासिल किया लोकतंत्र है। लोकनायक जयप्रकाश नारायण का कमाया लोकतंत्र है, जिसका हम आनंद ले रहे हैं। विष्णु देव साय ने कहा कि आपातकाल भले 1977 में खत्म हो गया, लेकिन आपातकाल की मनोवृत्ति वाले तत्व और संगठन आज भी मौजूद हैं, हर क्षण-प्रतिपल लोकतंत्र विरोधी तत्वों के खतरे के प्रति सावधान रहने की जरुरत है। आपातकाल का यह इतिहास हमें इसलिए भी बार-बार हर बार स्मरण रखना चाहिए ताकि ऐसा कलंकित इतिहास कभी अब फिर दुहराने का दुस्साहस कांग्रेस या वैसी मनोवृत्ति वाला कोई दल कभी अब करने में सफल नहीं हो पाए। सत्ता के मद में चूर होकर कांग्रेस जैसा कोई दल फिर से इस भयानक इतिहास को दुहराने का साहस नहीं कर पाये, इस लिए हमेशा सचेत रहने की जरुरत है।

## मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से की मुलाक़ात, विजन डॉक्यूमेंट व माओवादी विरोधी अभियानों की दी जानकारी



छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से संसद भवन में मुलाकात की। इस मौके पर उन्होंने नरेंद्र मोदी को तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने पर बधाई दी। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री साय ने प्रधानमंत्री को अमृतकाल : छत्तीसगढ़ विजन @2047 'विजन डॉक्यूमेंट' के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि इसका निर्माण राज्य नीति आयोग द्वारा किया जा रहा है जिसे एक नवंबर को राज्य की जनता को समर्पित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने विगत छह माह में माओवादी विरोधी अभियानों में की गयी कार्रवाई की जानकारी भी प्रधानमंत्री को दी। नियद नेल्लानार योजना (आपका आदर्श गाँव) के बारे में जानकारी देते हुए मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत नक्सलियों के आधार को कमजोर करने व शासन-प्रशासन व ग्रामीणों के बीच परस्पर विश्वास बहाली का कार्य किया जा रहा है। इस योजना के तहत वर्तमान में 23 कैंप खोले गए हैं, जिनमें 90 ग्राम शामिल हैं तथा भविष्य में 29 कैंपों को प्रारंभ करने की योजना है।

## क्विक न्यूज़

### विधानसभा सत्र 22 से 26 जुलाई




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की षष्ठम् विधान सभा का तृतीय सत्र सोमवार, 22 जुलाई, 2024 से प्रारंभ होकर शुक्रवार, 26 जुलाई, 2024 तक रहेगा। इस सत्र में कुल 05 बैठकें होंगी। इस सत्र में वित्तीय कार्य के साथ अन्य शासकीय कार्य सम्पादित किये जायेंगे। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ विधान सभा के सचिव दिनेश शर्मा ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में दी।

### सीएम हाउस में जनता से रूबरू होंगे सीएम साय, 27 से शुरू होगा जनदर्शन

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आम जनों से मुलाकात का कार्यक्रम 'जनदर्शन' 27 जून से शुरू हो रहा है। यह कार्यक्रम हर गुरुवार को मुख्यमंत्री निवास कार्यालय में पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 01 बजे तक आयोजित किया जाएगा। मुख्यमंत्री के जनदर्शन कार्यक्रम में जन सरोकारों की बातें होंगी। सीएम साय जनदर्शन में समस्याओं को सुनकर उसका यथोचित निराकरण भी करेंगे। इसके साथ ही जनता के सुझाव, शासकीय योजनाओं की उन तक पहुंच की जानकारी आदि भी इस माध्यम से प्राप्त करेंगे। जनदर्शन में आमजन सीधे मुख्यमंत्री से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्या से अवगत करा सकेंगे। मुख्यमंत्री साय वहीं पर समस्याओं के निराकरण के लिए अधिकारियों को दिशा निर्देश भी जारी करेंगे।

### मजबूत बजट की उम्मीद में सेंसेक्स और निफ्टी नये शिखर पर

**मुंबई।** विश्व बाजार के मिलेजुले रुख के बीच स्थानीय स्तर पर नयी सरकार में चालू वित्त वर्ष के लिए पेश होने वाले बजट से सबकी उम्मीदें पूरी होने की आस लगाए निवेशकों की वित्तीय सेवाएं, आईटी, बैंकिंग और टेक समेत सात समूहों में हुई जबरदस्त लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार नये शिखर पर पहुंच गया। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 712.44 अंक की छलांग लगाकर पहली बार 78 हजार अंक के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 78,053.52 अंक पर पहुंच गया।

## संसद भवन में छत्तीसगढ़ के सांसदों के साथ मिले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय



**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संसद भवन में छत्तीसगढ़ के नवनिर्वाचित सांसदों के साथ मुलाकात की। साथ ही उन्होंने सांसदों के साथ भोजन भी किया।

### बिरला ने ली लोकसभा की सदस्यता की शपथ



**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के प्रत्याशी ओम बिरला ने सदन के सदस्य के रूप में शपथ ग्रहण की। लोकसभा में पीठासीन अधिकारी राधामोहन सिंह ने बिरला को संसद की सदस्यता की शपथ दिलायी। शपथ ग्रहण करने के बाद बिरला ने सदस्यता के रजिस्टर पर हस्ताक्षर किये। बिरला 17वीं लोकसभा के अध्यक्ष रहे हैं और 18वीं लोकसभा में भी उनका अध्यक्ष बनना तय माना जा रहा है। लोकसभा में राजग के 293 सदस्य हैं। उनका मुकाबला कांग्रेस के के. सुरेश से होगा जो कांग्रेस के नेतृत्व वाले इंडी गठबंधन के उम्मीदवार हैं।

## राहुल ने ली लोकसभा की सदस्यता की शपथ

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



उत्तर प्रदेश के रायबरेली संसदीय क्षेत्र से चुनकर आए कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता की शपथ ली। गांधी ने संविधान की प्रति हाथ लेकर अंग्रेजी में सदस्यता की शपथ ली और शपथ लेने के बाद 'जय हिंद तथा जय संविधान' का नारा लगाया। गांधी अपनी पसंदीदा सफेद टी-शर्ट पहने शपथ ले रहे थे, तो उस दौरान कांग्रेस के सदस्य नारे लगाते हुए उनका समर्थन कर रहे थे। इससे पहले रामायण धारावाहिक में राम की भूमिका निभाने वाले मेरठ संसदीय सीट से चुनकर आए भारतीय जनता पार्टी के अरुण गोविल ने संस्कृत में शपथ ली और शपथ ग्रहण के बाद जय श्रीराम का नारा भी लगाया। उत्तर प्रदेश के गौतम बुद्ध नगर सीट से चुनकर आए डॉ महेश शर्मा ने भी संस्कृत में शपथ ली। उन्नाव से निर्वाचित साक्षी महाराज ने भी संस्कृत में शपथ ली। मथुरा से भाजपा के टिकट पर निर्वाचित मशहूर अभिनेत्री हेमा मालिनी ने शपथ लेने से पहले राधे राधे का जयघोष किया और अंत में जय कृष्ण जय राधा रानी का नारा लगाया। नगीना से चुनकर आये चंद्र शेखर ने शपथ लेते समय संविधान की बड़ी प्रति हाथ में रखी हुई थी, जिसका आवरण नीले रंग का था। उन्होंने वस्त्र भी नीले ही पहने थे।

## रक्षा मंत्रालय, स्पेसपिक्सेल ने लघु उपग्रह विकसित करने के लिए मिलाया हाथ

वार्ता ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




रक्षा मंत्रालय की एक प्रमुख पहल पर रक्षा क्षेत्र में उत्कृष्टता के लिए नवाचार योजना (आईडीईएक्स) के अंतर्गत राष्ट्रीय राजधानी में स्पेसपिक्सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के साथ एक अनुबंध पर हस्ताक्षर किए गए। आईडीईएक्स ने यह अनुबंध 150 किलोग्राम वजन के इलेक्ट्रो-ऑप्टिकल, इन्फ्रारेड, सिंथेटिक एपर्चर रडार और हाइपरस्पेक्ट्रल पेलोड ले जाने में सक्षम छोटे उपग्रह के डिजाइन और विकास के लिए किया गया है। रक्षा सचिव गिरिधर अरामाने और मंत्रालय के अन्य अधिकारियों की उपस्थिति में अतिरिक्त सचिव (रक्षा उत्पादन) एवं डिफेंस इनोवेशन ऑर्गनाइजेशन (डीआईओ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अनुराग बाजपेयी तथा स्पेसपिक्सेल टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड के संस्थापक एवं सीईओ अवैस अहमद नदीम अल्दुरी के बीच अनुबंध का आदान-प्रदान किया गया। रक्षा मंत्रालय के एक बयान में कहा गया है कि रक्षा सचिव ने अपने संबोधन में प्रौद्योगिकी की सीमाओं को आगे बढ़ाने और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए नए रक्षा नवप्रवर्तकों की अटूट प्रतिबद्धता की सराहना की। नवाचार के साथ स्वदेशीकरण के संयोजन के महत्व पर जोर देते हुए अरमाने ने कहा है कि घरेलू क्षमताएं प्रयोग और विकास के लिए एक मंच प्रदान करके नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक आधार प्रदान करती हैं।

## राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने संभाला कार्यभार




**रायपुर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग के पाँचवे निर्वाचन आयुक्त के तौर पर मंगलवार को अजय सिंह ने कार्यभार संभाल लिया है। 1983 बैच के आईएएस अधिकारी अजय सिंह फरवरी 2020 में शासकीय सेवा से निवृत्त हुए हैं। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियुक्ति से पहले वे उपाध्यक्ष, राज्य योजना आयोग के तौर पर सेवाएं दे रहे थे। वहाँ से पदमुक्त होकर उन्होंने राज्य निर्वाचन आयुक्त का पदभार ग्रहण किया है। स्वागत के इस मौके पर सचिव, डॉ. सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने राज्य निर्वाचन आयोग के अधिकारियों से आयुक्त सिंह का संक्षिप्त परिचय कराते हुए इन अधिकारियों को सौंपे गये दायित्वों की भी जानकारी दी। आयुक्त सिंह ने इसके बाद आयोग के सभी कक्षों का मुआयना किया और आने वाले समय में होने वाले नगरीय निकाय और त्रिस्तरीय पंचायतों के आम निर्वाचन के लिए तैयारियां करने पर जोर दिया है। राज्य निर्वाचन आयुक्त सिंह के पदभार ग्रहण करने पर आयोग की ओर से उनका आत्मीय स्वागत किया गया।

### मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से किया हमला

## 'आपातकाल के काले दिन लाने वाले' संविधान के प्रति प्रेम का दावा नहीं कर सकते : मोदी

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



इंडिया समूह के भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ देश के संविधान के लिये सबसे बड़ा खतरा होने का नारा लगाये जाने के एक दिन बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पलटवार करते हुए कहा कि आपातकाल लगाने वालों को संविधान के प्रति प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। मोदी ने सोशल मीडिया पर सिलसिलेवार पोस्ट में कांग्रेस पर 1975 में तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा करीब 21 महीने तक लगाये गये आपातकाल के लिये हमला बोला। आपातकाल को 'काले दिन' के रूप में याद करते हुये उन्होंने कहा, यह दिन हमें याद दिलायेगा कि कैसे कांग्रेस ने बुनियादी स्वतंत्रताओं को नष्ट किया और भारत के संविधान को रौंद दिया, जिसका हर भारतीय बहुत सम्मान करता है। उन्होंने कहा, जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया था, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। उन सभी महान पुरुषों और महिलाओं को श्रद्धांजलि देने का दिन है, जिन्होंने आपातकाल का विरोध किया। प्रधानमंत्री की यह टिप्पणी ऐसे समय में आयी है, जब देश 25 जून को आपातकाल लागू होने की 49 साल पूरे हो रहे हैं। उन्होंने कहा, सिर्फ सत्ता पर काबिज रहने के लिये तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने हर लोकतांत्रिक सिद्धांत की अवहेलना की और देश को जेल बना दिया। कांग्रेस से असहमत होने वाले किसी भी व्यक्ति को प्रताड़ित और परेशान किया जाता था। सबसे कमजोर वर्गों को निशाना बनाने के लिये सामाजिक रूप से प्रतिगामी नीतियां लागू की गयी थी। मोदी ने कांग्रेस पर परोक्ष रूप से हमला करते हुये कहा, आपातकाल लागू करने वालों को हमारे संविधान के प्रति अपने प्रेम का दावा करने का कोई अधिकार नहीं है। ये वही लोग हैं, जिन्होंने अनगिनत मौकों पर अनुच्छेद 356 लगाने के साथ ही प्रेस की स्वतंत्रता को खत्म करने वाला विधेयक पारित किया तथा संघवाद को नष्ट किया। संविधान के हर पहलू का उल्लंघन किया। उन्होंने दोहराया कि जिस मानसिकता के कारण आपातकाल लगाया गया, वह अभी भी उसी पार्टी में जीवित है। उन्होंने कहा, वे अपने दिखावे के ज़रिये संविधान के प्रति अपनी घृणा को छिपाते हैं, लेकिन देश के लोगों ने उनकी हरकतों को समझ लिया है और इसीलिये उन्होंने उन्हें बार-बार नकार दिया है। आपातकाल की घोषणा ठीक 49 साल पहले 24-25 जून- 1975 की मध्यरात्रि को की गयी थी, जिसे 21 मार्च को हटाया गया था।

### खुद की कमियों को छिपाने के लिए अतीत में खुदाई करते रहते हैं मोदी : खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि वह खुद की कमियों को छिपाने के लिए अतीत में खुदाई करते रहते हैं जबकि पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों पर लगाये गये 'अघोषित आपातकाल' ने लोकतंत्र और संविधान को गहरा झटका दिया है। खड़गे ने एक्स पर अपने पोस्ट में कहा, देश भविष्य की ओर देख रहा है। आप अपनी कमियों को छिपाने के लिए अतीत में खुदाई करते रहते हैं। पिछले 10 वर्षों में आपने 140 करोड़ भारतीयों को जो 'अघोषित आपातकाल' का अहसास कराया, जिससे लोकतंत्र और संविधान को गहरा झटका पहुंचा है। उन्होंने सवाल किया कि पार्टियों को तोड़ना, पिछले दरवाजे से चुनी हुई सरकारों को गिराना, 95 प्रतिशत विपक्षी नेताओं पर ईडी, सीबीआई, आईटी का दुरुपयोग करना, यहां तक कि मुख्यमंत्री को जेल में डालना और चुनाव से पहले सत्ता का इस्तेमाल करके समान अवसर को खराब करना क्या यह अघोषित आपातकाल नहीं है। सवालों की झड़ी करते हुए उन्होंने कहा, मोदी सहमति और सहयोग की बात करते हैं, लेकिन उनके काम इसके उलट हैं। जब विपक्ष के 146 सांसदों को संसद से निलंबित किया गया और आपराधिक न्याय प्रणाली को बदलने के लिए तीन कानून पारित किये गये, तब सहमति शब्द कहां था। विपक्ष से पूछे बिना महान हस्तियों की मूर्तियों को जब संसद परिसर के एक कोने में 'शिफ्ट' कर दिया गया, तब सहमति शब्द कहां था।

## केजरीवाल को नहीं मिली राहत ईडी की याचिका स्वीकार

एजेंसी ◄ नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मामले के आरोपी मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को विशेष अदालत से मिली 20 जून को मिली जमानत निलंबित करने की प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की याचिका स्वीकार कर ली। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार जैन की अवकाशकालीन एकल पीठ ने आदेश सुनाते हुए कहा, ईडी की ओर से दायर आवेदन को स्वीकार किया जाता है, आदेश (विशेष अदालत के जमानत आदेश) पर रोक लगाई जाती है। एकल पीठ ने कहा कि अवकाशकालीन (विशेष अदालत) न्यायाधीश ने शराब नीति कथित घोटाला मामले में रिकॉर्ड पर मौजूद सामग्री पर उचित रूप से विचार नहीं किया। उच्च न्यायालय ने कहा, निचली अदालत द्वारा यह टिप्पणी कि बहुत अधिक सामग्री पर विचार नहीं किया जा सकता, पूरी तरह से अनुचित है और यह दर्शाता है कि उसने सामग्री पर अपना दिमाग नहीं लगाया है। पीठ ने यह भी कहा कि अवकाशकालीन न्यायाधीश को प्रवर्तन निदेशालय के जमानत आवेदन पर बहस करने के लिए पर्याप्त अवसर देना चाहिए। उच्चतम न्यायालय ने 24 जून को इस मामले में सुनवाई की थी और अगली सुनवाई के लिए 26 जून की तारीख मुकर्रर की थी। शीर्ष अदालत ने दिल्ली उच्च न्यायालय के (इस मामले में 21 जून को अंतरिम रोक को) सोमवार को 'थोड़ा असामान्य' करार दिया था और मामले को 26 जून के लिए स्थगित कर दिया था। न्यायमूर्ति मिश्रा और न्यायमूर्ति एस वी एन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद कहा था कि अगर इस बीच उच्च न्यायालय इस मामले में कोई आदेश पारित करता है तो उसे रिकॉर्ड पर लाया जा सकता है।

# अमरनाथ यात्रा से पहले सुरक्षा बलों को सतर्क रहने के आदेश : बिरदी

वार्ता श्रीनगर
www.dailypioneer.com



कश्मीर के पुलिस महानिरीक्षक वी.के. बिरदी ने सभी अधिकारियों को अपने कर्तव्यों के प्रति सतर्क और सक्रिय रहने तथा शनिवार से शुरू होने वाली अमरनाथ यात्रा के दौरान किसी भी संभावित खतरे का जवाब देने का निर्देश दिया है। कुल 52 दिनों तक चलने वाली वार्षिक अमरनाथ यात्रा 29 जून को मध्य कश्मीर के गंदेरबल जिले के बालटाल और दक्षिण कश्मीर के पहलगाम के दोहरे मार्गों से शुरू होगी। जम्मू संभाग में इस महीने की शुरुआत में कई आतंकी हमले की घटनाओं के बाद प्रशासन दोगुना सतर्क है। बिरदी ने पुलिस नियंत्रण कक्ष कश्मीर के सम्मेलन कक्ष में एक बैठक में एसएएनजेवाई-2024 के शांतिपूर्ण संचालन की व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने सुरक्षा ग्रिड को और मजबूत करने तथा राष्ट्र विरोधी तत्वों (एएनई) एवं आतंकवादी सहयोगियों पर क्रियाशील बुद्धि का इस्तेमाल कर जांच करने पर जोर दिया। आईजीपी ने किसी भी संभावित खतरे के लिए समन्वय और समय पर प्रतिक्रिया के महत्व पर जोर देते हुए सभी अधिकारियों से अपने कर्तव्यों में सतर्क तथा सक्रिय रहने का आग्रह किया। बैठक में मध्य कश्मीर रेंज के डीआइजी, उत्तरी कश्मीर रेंज के डीआइजी, दक्षिण कश्मीर रेंज के डीआइजी, कश्मीर जोन के सभी जिला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी), एसएसपी ट्रैफिक सिटी, एसएसपी ट्रैफिक ग्रामीण, एसएसपी सुरक्षा, एसएसपी एपीसीआर, एसपी टेलीकम्युनिकेशन ने भी भाग लिया। शुरुआत में भाग लेने वाले अधिकारियों ने पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से आईजीपी को अपने संबंधित जिलों की विशिष्ट आवश्यकताओं और अमरनाथ यात्रा-2024 के सुचारू संचालन के लिए की गई सुरक्षा व्यवस्था सहित सुरक्षा योजना की जानकारी दी। अधिकारियों को निर्देश देते हुए बिरदी ने सुरक्षा प्रयासों के समन्वय और परिचालन, प्राकृतिक तथा मानव निर्मित आपदाओं से उत्पन्न होने वाली मांगों के प्रबंधन में एकीकृत दृष्टिकोण सुनिश्चित करने के लिए तैयार की गई एसओपी की बारीकी से जांच की। तीर्थयात्रियों की सुरक्षित आवाजाही को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए बिरदी ने रोड ओपनिंग पार्टियों की तैनाती और परिचालन तैयारियों की समीक्षा की, राजमार्गों पर सतर्क गश्त तथा निगरानी की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने अधिकारियों को रात के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए मजबूत रात्रि नियंत्रण सुरक्षा सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। आईजीपी ने वाहनों के साथ-साथ पैदल यात्रा के लिए कार्यक्रम और कटऑफ समय की भी समीक्षा की, जो निर्धारित मार्गों पर तीर्थयात्रियों के एक संरचित तथा सुरक्षित प्रवाह को बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि जमीन पर उनकी प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने और सुधार के क्षेत्रों की पहचान करने के लिए एसओपी के आधार पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाए। उन्होंने अधिकारियों को सभी रणनीतिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे स्थापित करके सभी शिविर स्थलों पर मजबूत सुरक्षा उपाय सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रत्येक यात्रा शिविर में पर्याप्त जनशक्ति सुनिश्चित करने के महत्व पर जोर दिया। बैठक का समापन आईजीपी की ओर से यात्रा के लिए एक सुरक्षित, सुचारू और संरक्षित वातावरण प्रदान करने के लिए पुलिस की क्षमताओं पर विश्वास व्यक्त करने के साथ हुआ जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि तीर्थयात्री अपनी आध्यात्मिक यात्रा बड़े उत्साह तथा मन की शांति के साथ कर सकें।

# भाजपा के ओम बिरला और कांग्रेस के के. सुरेश ने लोकसभा अध्यक्ष का पर्चा भरा

वार्ता नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



अट्ठारहवीं लोकसभा के अध्यक्ष पद के लिए भारतीय जनता पार्टी(भाजपा) के ओम बिरला और कांग्रेस के के. सुरेश ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। इंडिया समूह ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पहले इंडिया समूह को लोकसभा उपाध्यक्ष पद देने का वादा कर सबके सहयोग से सरकार चलाने की बात की थी लेकिन अब वह उपाध्यक्ष पद भी विपक्षी गठबंधन को देने को तैयार नहीं है। इसलिए विपक्षी गठबंधन ने लोकसभा अध्यक्ष के लिए अपना उम्मीदवार मैदान में उतारा है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने मोदी पर आरोप लगाया है कि वह सबके साथ चलकर सहमति की बात करते हैं लेकिन उनके काम इसके ठीक विपरीत होते हैं। उन्होंने कहा देश भविष्य की ओर देख रहा है, आप अपनी कमियाँ छिपाने के लिए अतीत को ही कुरेदते रहते हैं। पिछले 10 वर्षों में 140 करोड़ भारतीयों को आपने जो अघोषित आपातकाल का आभास करवाया उसने लोकतंत्र और संविधान को गहरा आघात पहुँचाया है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा नरेन्द्र मोदी कहते कुछ हैं और करते कुछ हैं। ये इनकी रणनीति है लेकिन इन्हें इसे बदलना ही पड़ेगा। क्योंकि पूरा देश जानता है कि श्री मोदी के शब्दों का कोई मतलब नहीं है। कल राजनाथ सिंह जी ने मल्लिकार्जुन खडगे जी को फोन किया और कहा कि आप हमारे स्पीकर पद के उम्मीदवार का समर्थन कीजिए। हम स्पीकर का समर्थन करने को तैयार हैं लेकिन संसदीय परंपरा के अनुसार उपसभापति विपक्ष का होना चाहिए। संयुक्त प्रगतिशील सरकार में भी यही हुआ था। राजनाथ सिंह जी ने कहा कि वह दोबारा फोन करेंगे लेकिन अभी तक फोन नहीं आया। नीयत साफ नहीं है, नरेन्द्र मोदी कोई कंस्ट्रक्टिव कोऑपरेशन नहीं चाहते हैं।

## भाजपा ने आपातकाल की बरसी पर मीसाबंदियों का किया सम्मान

**भोपाल।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी ने आपातकाल की 50 वीं बरसी पर मीसाबंदियों को सम्मानित किया। ये सम्मान समारोह पार्टी के यहां स्थित प्रदेश कार्यालय में हुआ। इस दौरान प्रदेश के पूर्व मंत्री व वरिष्ठ नेता डॉ नरोत्तम मिश्रा ने कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन के नेता संसद में संविधान की प्रति हाथ में लेकर पहुंचे। लोकसभा चुनाव के दौरान संविधान और लोकतंत्र को बचाने का कांग्रेस और इंडी गठबंधन ने झूठा प्रचार-प्रसार किया। हकीकत में कांग्रेस राज में 100 से ज्यादा बार संविधान में संशोधन किया गया। उन्होंने कहा कि जब तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इमरजेंसी लगाई, उस समय सोनिया गांधी बहू के नाते वहां मौजूद थीं, लेकिन उन्होंने संविधान बचाने की बात नहीं की। पार्टी के प्रदेश महामंत्री व विधायक भगवानदास सबनानी ने कहा कि संविधान की हत्या कर कांग्रेस ने इमरजेंसी लगाई थी। उस समय न कोई अपील चलती थी न कोई दलील।

# कांग्रेस की गोद में बैठे दलों को माफ नहीं करेगी जनता : योगी

एजेंसी लखनऊ
www.dailypioneer.com



समाजवादी पार्टी का नाम लिये बगैर निशाना साधते हुये उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 50 वर्ष पहले कांग्रेस सरकार द्वारा देश पर थोपे गये आपातकाल का विरोध करने वाले आज सत्ता के लालच में उसी कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गये हैं जिन्हे देश की जनता कभी माफ नहीं करेगी। आपातकाल की 50वीं बरसी के मौके पर योगी ने पत्रकारों को संबोधित करते हुये कहा कि 25 जून 1975 को तत्कालीन कांग्रेस सरकार ने आपातकाल लागू कर संविधान का गला घोंटा था। इससे पहले भी देश की आजादी के बाद कांग्रेस ने संविधान में जबरन संशोधन कर कश्मीर में धारा 370 लागू करायी थी जो देश की एकता और अखंडता के लिये गंभीर खतरा बन गयी थी। उन्होने कहा कि कांग्रेस के लिये देश की लोकतांत्रिक प्रणाली और संविधान का मखौल उड़ाना कोई नयी बात नहीं है। उनके नेताओं को जब मौका मिलता है तो देश में नहीं बल्कि विदेशी सरजमीं पर संविधान पर सवाल खड़े करते रहे है। कांग्रेस के एक नेता ने तो पिछले वर्षो में सरेआम संसद में एक विधेयक की प्रतियां जला कर लोकतंत्र का अपमान किया था। योगी ने कहा कि संविधान का बार बार अपमान करने वाली कांग्रेस का सिर्फ चेहरा बदला है मगर चरित्र वही है। वहीं सत्ता के लालच में इमरजेंसी का विरोध करने वाले राजनेताओं द्वारा खड़े किये गये दल कांग्रेस की गोद में जाकर बैठ गये हैं। यह पूरा देश देख रहा है और जनता इसे माफ करने वाली नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा कि बंगाल और केरल समेत जहां भी कांग्रेस अथवा उसके सहयोगी दलों की सरकार है, वहां खुलेआम लोकतंत्र का गला घोंटा जा रहा है जबकि दूसरी ओर कांग्रेस और उसके सहयोगी संविधान की दुहाई देकर संसद की कार्यवाही को बाधित करने का प्रयास कर रहे है जो लोकतंत्र और संविधान का सरासर अपमान है।

## शर्मा ने की राजनाथ से खजुराहो में सैनिक स्कूल खोलने की मांग



**भोपाल।** मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी अध्यक्ष और खजुराहो संसदीय क्षेत्र से सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात कर उनसे खजुराहो में सैनिक स्कूल खोलने की मांग की। शर्मा ने सिंह से आग्रह किया कि खजुराहो में सैनिक स्कूल खोलने से छात्रों को एयरपोर्ट और पालयट ट्रेंनिग सेंटर की सुविधा मिलेगी। खजुराहो में विमान और हेलिकॉप्टर ट्रेंनिग सेंटर हैं, लेकिन मध्यप्रदेश में रीवा के अलावा कहीं सैनिक स्कूल नहीं है। मंत्री सिंह ने शर्मा की मांग पर कार्यवाही करने का उन्हें भरोसा दिलाया।

# एयर इंडिया फ्लाइट में बम होने की धमकी

पायनियर संवाददाता कोच्चि
www.dailypioneer.com




महाराष्ट्र के मुंबई स्थित एयर इंडिया के कॉल सेंटर को सोमवार मध्यरात्रि के बाद कोचीन (सीओके) से लंदन गैटविक (एलजीडब्ल्यू) के लिए उड़ान भरने वाली उड़ान संख्या एआई 149 में बम रखे होने की धमकी मिली। कोचीन में एयर इंडिया और कोचीन इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (सीआईएएल) को रात 1.22 बजे अलर्ट के बारे में सूचित किया गया। स्थापित प्रोटोकॉल का पालन करते हुए, तुरंत सीआईएएल में एक बम खतरा आकलन समिति (बीटीएसी) बुलाई गई। खतरे का आकलन किया गया और इसे विशिष्ट घोषित किया गया। हवाईअड्डा सुरक्षा समूह (एएसजी-सीआईएसएफ), एयरलाइन सुरक्षा कर्मियों और इन-लाइन बैगेज स्क्रीनिंग सिस्टम द्वारा गहन सुरक्षा जांच की गई। उस शख्स की पहचान करने का प्रयास किया गया, जिसने मुंबई कॉल सेंटर को कॉल करके बम रखे होने की सूचना दी थी। जांच से पता चला कि कॉल कोंडोट्टी मलप्पुरम के मूल निवासी सुहैब (29) ने की थी, जो एआई 149 में लंदन की यात्रा करने वाला था। चेक-इन के दौरान सुहैब को उसकी पत्नी और बेटी के साथ कोचीन में हवाई अड्डे के अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान टर्मिनल पर एएसजी ने रोक लिया और कानूनी कार्रवाई के लिए उसे पुलिस को सौंप दिया। कोचीन हवाई अड्डे बीटीएसी की अनुशंसा के अनुसार, विमान को एक अलग विमान पार्किंग बिंदु पर ले जाया गया और व्यापक सुरक्षा उपाय किए गए। विमान की पूरी जांच की गयी और बम की सूचना गलत पाये जाने के बाद उसे उड़ान के लिए मंजूरी दे दी गयी।

## बढ़ रहा अपराध, भाजपा सरकार मौन : कुमारी सैलजा

**चंडीगढ़।** कांग्रेस महासचिव कुमारी सैलजा ने आरोप लगाया कि हरियाणा में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं लेकिन भाजपा सरकार पूरी तरह मौन साधे है। हिसार में सोमवार शाम एक एक नेता के शो रूम पर तीन बदमाशों के 35 राउंड गोलियां चलाने के बाद पर्ची फेंककर पांच करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने की घटना का जिक्र करते हुये उन्होंने कहा कि ऐसा लग रहा है कि हरियाणा में जंगल राज है और अपराधी बेखौफ होकर सरेआम वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि कानून- व्यवस्था की स्थिति बनाये रखने में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी पूरी तरह विफल साबित हुये हैं। उन्होंने हाल में करनाल में विदेश भेजने का काम करने वाले व्यक्ति की कार पर फायरिंग और एक करोड़ रुपये फिरौती मांगने की भी घटना का जिक्र किया और कहा कि इस तरह की घटनायें गुड़गांव, फरीदाबाद, रोहतक, गोहाना, सांपला समेत प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में समय-समय पर सामने आ चुकी हैं, जिनमें न सिर्फ धमकियां दी गयी।

# देहरादून में जुटेंगे साहित्य की विभिन्न कलाओं के मशहूर कलाकार

एजेंसी देहरादून
www.dailypioneer.com

उत्तराखंड के देहरादून में आगामी 28 और 29 जून को साहित्य की विविध कलाओं में पारंगत देश के विख्यात रचनाकार और कलाकार अपनी प्रतिभा के रंग बिखेरेंगे। साहित्योत्सव जश्न-ए-अदब कल्चरल कारवां विरासत नामक संस्था द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम के प्रायोजक संयुक्त रूप से केंद्र सरकार के संस्कृति और पर्यटन मंत्रालय हैं। साहित्योत्सव जश्न ए अदब के संस्थापक, विख्यात कवि कुंवर रंजीत सिंह चौहान ने मंगलवार को बताया कि यह आयोजन निर्धारित तिथि में अपराह्न दो बजे से, सांस्कृतिक विभाग सभागार, हरिद्वार बाईपास मार्ग, देहरादून में होगा। इसमें सभी दर्शकों के लिए प्रवेश बिल्कुल निःशुल्क है। उन्होंने बताया कि पद्म भूषण पं. साजन मिश्रा, पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा (हास्य एवं कवि के पितामह), पं. स्वरांश मिश्रा, पंचायत फेम अभिनेता फैज़ल मलिक, कव्वाल सरफराज अनवर साबरी, गजल गायक सनावर अली खान और सूफी गायक राजीव सिंह जैसे दिग्गज कलाकार प्रस्तुति देंगे। चौहान ने बताया कि आयोजन के पहले दिन कार्यक्रम की शुरुआत सनावर अली खान की मधुर गज़ल गायकी से होगी। इसके बाद सैयद साहिल आगा की बेहद दिलचस्प दास्तान गोई (अनोखी उर्दू कहानी) प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने बताया कि एक महत्वपूर्ण विषय 'किन्नर समुदाय की चुनौतियाँ' पर डॉ. जूही गर्ग के साथ प्रसिद्ध लेखक डॉ. महेंद्र भीष्म की एक पैनल चर्चा होगी। उन्होंने कहा कि महफिल-ए-मुशायरा के सत्र में शारिक कैफी, आज़म शकीरी, बिलाल सहारनपुरी, कर्नल गौतम राजऋषि, मोइन शाहदाब जैसे अत्यंत प्रतिभाशाली कवियों को अपनी रचनाएँ प्रस्तुत करेंगे। उन्होंने बताया कि पहले दिन की आखिरी प्रस्तुति लोकप्रिय कलाकार सरफराज अनवर साबरी की दमदार कव्वाली होगी। कुंवर रंजीत ने बताया कि दूसरे दिन भोपाल के राजीव सिंह एवं समूह के मनमोहक सूफी गायन प्रस्तुत करेंगे। अपनी बुद्धि और हास्य के लिए जाने जाने वाले ओटीटी सीरीज़ पंचायत फेम अभिनेता फैज़ल मलिक एक पैनल चर्चा 'ओटीटी के विभिन्न रंग' में अंतर्दृष्टि साझा करेंगे। उस दिन ऑडिटोरियम ऋचा जैन एवं समूह द्वारा महफिल-ए-रक्स के साथ संगीत और नृत्य से भर जाएगा। कार्यक्रम में सबसे अधिक मांग वाली प्रस्तुति प्रसिद्ध पद्म भूषण पंडित का शास्त्रीय गायन 'सुर साधना' होगी। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम का समापन कवि सम्मेलन और मुशायरे के साथ होगा। जिसमें प्रसिद्ध पद्मश्री सुरेंद्र शर्मा, अश्विनी कुमार चंद, दान बहादुर, अभिषेक तिवारीज़, डॉ. सुनील पवार, जावेद मुशिरी, रंजन निगम, वह खुद कुँवर रंजीत चौहान और रामायणधर द्विवेदी शामिल होंगे।

## आरजीआईए पर विमान यात्री से 58.8 लाख रुपये का सोना बरामद




**हैदराबाद।** तेलंगाना में शमशाबाद स्थित राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (आरजीआईए) पर सीमा शुल्क अधिकारियों ने मंगलवार को हवाई यात्री से 58.8 लाख रुपये मूल्य का 806 ग्राम सोना जब्त किया। सीमा शुल्क अधिकारियों के अनुसार अबू धाबी से आए एक यात्री से पेस्ट के रूप में छुपाये सोने को बरामद किया गया। सूत्रों ने बताया कि आगे की जांच जारी है।

## हैदराबाद में बहुमंजिला इमारत में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

हैदराबाद। तेलंगाना में हैदराबाद के जुबली हिल्स में जर्नलिस्ट कॉलोनी बस स्टॉप के सामने एक बहुमंजिला इमारत की चौथी मंजिल पर मंगलवार अपराह्न भीषण आग लग गयी।

# बोम्मई ने कांग्रेस के संविधान की प्रतियां लेकर विरोध जताने की आलोचना की

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com



कर्नाटक में हावेरी से सांसद एवं कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई ने मंगलवार को कांग्रेस के संविधान की प्रतियां लेकर संसद में विरोध जताने की तीखी आलोचना की। बोम्मई ने संवाददाताओं से कहा कि 50 साल पहले इसी कांग्रेस ने आपातकाल लगाया था और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता को सीमित किया था। तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी द्वारा आपातकाल लगाना भारतीय लोकतंत्र में एक काला अध्याय था। उन्होंने जोर दिया कि आपातकाल लगाकर असहमति और मानवाधिकारों को दबाया गया तथा राजनीति और प्रेस की स्वतंत्रता पर प्रतिबंध लगाये गये। कांग्रेस पर सत्ता में बने रहने के लिए संविधान को विकृत करने का आरोप लगाते हुए उन्होंने कहा कि अब उनके पास इसके संरक्षण की वकालत करने का कोई नैतिक अधिकार नहीं है। उन्होंने कहा, पिछले 50 वर्षों में लोकतंत्र काफी मजबूत हुआ है। शीर्ष न्यायालय के फैसलों और संसदीय संशोधनों जैसे सुरक्षा उपायों से यह सुनिश्चित हुआ है कि ऐसा आपातकाल फिर से नहीं लगाया जा सकता है।

उन्होंने इस मुद्दे का राजनीतिकरण करने तथा जनता के बीच भ्रम फैलाने के कांग्रेस के प्रयासों की आलोचना की और कहा कि यह राजनीतिक जमीन हासिल करने का निरर्थक प्रयास है। बोम्मई ने कांग्रेस के मौजूदा रुख में विरोधाभास को उजागर करते हुए कहा कि यह भी विडंबना है कि जो लोग कभी संविधान का विरोध करते थे, वे अब संसद में विरोध के लिए इसे हाथ में लिए हुए हैं। हाल के वर्षों में अघोषित आपातकाल के आरोपों का जवाब देते हुए उन्होंने कांग्रेस को स्वतंत्रता में कटौती के अपने दावों को पुष्ट करने की चुनौती दी और कहा कि उनके विरोध प्रदर्शन स्वयं लोकतंत्र के अस्तित्व की पुष्टि करते हैं।

# मनरेगा हो 200 दिन, कृषि को लाया जाए दायरे में

एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com




राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से जुड़े भारतीय मजदूर संघ ने मनरेगा में रोजगार की अवधि 200 दिन तक बढ़ाने और इसके दायरे में कृषि और सहयोगी क्षेत्रों को शामिल करने की मांग की है। भारतीय मजदूर संघ ने केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण की अध्यक्षता में केंद्रीय बजट 2024-25 पूर्व परामर्श बैठक में कहा कि आशा कार्यकर्ता, आंगनवाडी कार्यकर्ता, मिडडे मील कार्यकर्ता और स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं के लिए मानदेय बढ़ाया जाना चाहिए। मजदूर संघ ने कहा कि आगामी बजट में ग्रामीण विकास, छोटे उद्योगों, विनिर्माण, निर्यात और आधारभूत ढ़ांचा क्षेत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। इसके अलावा बैठक में मजदूर नेताओं ने कहा कि सभी पेंशन योजनाओं में पेंशन के रूप में अंतिम वेतन का पचास प्रतिशत और महंगाई भत्ता सुनिश्चित किया जाना चाहिए। उन्होंने पुरानी पेंशन प्रणाली बहाल करने को भी कहा। बीड़ी मजदूरों और असंगठित क्षेत्र के कामगारों के लिए भी उचित मानदेय सुनिश्चित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की पेंशन योजना ईपीएस 95 में सभी पेंशन धारकों को कम से कम पांच हजार रुपए प्रतिमाह पेंशन और महंगाई भत्ता दिया जाना चाहिए और सभी पात्र परिवारों को आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत लाया जाना चाहिए। रोजगार के मुद्दे पर मजदूर संगठन ने कहा कि केंद्र सरकार को लगभग 20 लाख रिक्त पदों को अतिशीघ्र भरना चाहिए। इसके अलावा नगर निगमों और पंचायत स्तर पर भी कर्मचारियों की भर्ती करने की व्यवस्था की जानी चाहिए। अनुबंध पर काम करने वाले कर्मचारियों को नियमित किया जाना चाहिए। सभी जिला मुख्यालयों में उद्यम केंद्र स्थापित किये जाने चाहिए और युवाओं की क्षमता की लाभ उठाना चाहिए। सरकार को शीघ्र आठवां वेतन आयोग गठित करना चाहिए।

# अस्पताल में भर्ती होने के बाद आतिशी ने किया अनशन खत्म



एजेंसी नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

दिल्ली की जल मंत्री आतिशी ने राष्ट्रीय राजधानी के हिस्से का पानी की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन अनशन के पांचवें दिन तबीयत बिगड़ने के बाद मंगलवार को अनशन समाप्त कर दिया। आम आदमी पार्टी के राज्य सभा सांसद संजय सिंह ने कहा कि जल मंत्री आतिशी पाँच दिनों से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठी थीं। उनकी एक ही मांग थी कि दिल्ली को उसके हक का पानी मिलना चाहिए। हरियाणा की सरकार से हमारे समझौते के तहत दिल्ली को 613 एमजीडी पानी मिलना चाहिए। लोकसभा चुनाव के परिणाम आने के बाद, पिछले तीन सप्ताह से लगातार दिल्ली को 100 एमडीजी पानी कम दिया जा रहा है। यह दिल्ली के लोगों के हक का पानी है। दिल्ली को निर्धारित कोटे के अनुसार पूरा पानी देने की गुहार कहीं नहीं सुनी गई।

## भूकिया-जगपुरा खान सोने के साथ ही उगलेगी प्रदेश के लिये राजस्व

**जयपुर।** राजस्थान की पहली सोने की खान बांसवाड़ा के भूकिया जगपुरा सोना उगलने के साथ ही औद्योगिक निवेश, रोजगार और राजस्व के नये द्वार खोलेगी। खान सचिव आनन्दी ने बताया कि भूकिया-जगपुरा की माइनिंग लीज की नीलामी से राज्य सरकार को ऑक्शन के साथ ही अपफ्रंट पेमेंट के रुप में तीन किश्तों में 500 करोड़ रुपये प्राप्त होंगे, जिसकी पहली किश्त 15 दिन में 100 करोड़ रुपये प्राप्त हो जायेगी। इस गोल्ड खदान में खनन कार्य शुरू होने के बाद मोटे अनुमान के अनुसार अगले 50 सालों में राज्य सरकार को प्रीमियम, रॉयल्टी आदि के रूप में एक लाख करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त होने की संभावना है। केवल गोल्ड माइनिंग और प्रोसेसिंग से ही प्रदेश में प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रुप से करीब 50 हजार युवाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा।

# आपातकाल लोकतंत्र पर धब्बा, कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए : यादव

पायनियर संवाददाता भोपाल
www.dailypioneer.com



मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने आपातकाल की बरसी पर अपनी प्रतिक्रिया में कहा कि आपातकाल का दौर लोकतंत्र के लिए धब्बा है और कांग्रेस को इसके लिए माफी मांगनी चाहिए। डॉ यादव ने अपने बयान में कहा कि आपातकाल का दौर लोकतंत्र पर बहुत बड़ा धब्बा है। ये ऐसा समय है जिसे देश आज भी याद करके सिहर उठता है। कांग्रेस को माफी मांगनी चाहिए। आपातकाल में कई परिवार तबाह हो गए। उन्होंने कहा कि भाजपा ने संविधान की रक्षा को अपनी निष्ठा माना है। भाजपा के सारे नेता जेल गए। लोकतंत्र के उस काले कार्यकाल के लिए ये सारे लोग जवाबदेह हैं जो नकली संविधान लेकर एक तरह से आडंबर रच रहे हैं। इसके पहले उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि आपातकाल लोकतंत्र का काला अध्याय है, जो प्रतीक है असफलता की कुंठा से उपजे अहंकार और दमन के कुचक्र का। उन्होंने कहा कि 1975 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी सरकार ने देश पर आपातकाल थोप दिया था, तब मां भारती की साहसी संतानों ने कड़ा प्रतिरोध किया और यातनाएं सहकर भी लोकतंत्र को पुनर्स्थापित किया। डॉ यादव ने कहा कि वे लोकतंत्र के लिए समर्पित सभी विभूतियों को शत-शत् नमन करते हैं।

# नियद नेल्लानार और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से फैलेगा शिक्षा का उजियारा

## माओवाद प्रभावित मुदवेंडी में 20 साल बाद बच्चों को मिलेगा शिक्षा का अधिकार

पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com



20 सालों से शिक्षा के प्रकाश से वंचित मुदवेंडी गांव में नए शिक्षा सत्र में स्कूल की घंटी बजनी शुरु हो जाएगी। सड़क और सुरक्षा के विस्तार के बाद जिला प्रशासन के प्रयासों से अब मुदवेंडी के बच्चों को शिक्षा के अधिकार का लाभ मिलेगा और अशिक्षा के अंधकार से मुक्ति मिलेगी। नियद नेल्लानार के जरिये विकास की पहूँच और स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम से शिक्षा की मुख्यधारा में लौटने की अपील का असर अब माओवाद प्रभावित इलाकों में दिखने लगा है। 20 सालों से अशिक्षा का दंश झेल रहे मुदवेंडी को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निदेर्शों से और जिला प्रशासन के प्रयासों से सुनहरे भविष्य की किरणे दिखने लगी है और अब यहाँ के नौनिहाल क ख ग घ की तालीम से वंचित नही रहेंगे। बदलाव की यह शुरुआत स्कूल वेंडे वर्राट पंडूम के घर-घर दस्तक अभियान से संभव हुआ जब जिला प्रशासन की टीम शालात्यागी और अप्रवेशी बच्चों की शाला में वापसी के लिए ग्रामीणों के बीच पहुंची। शिक्षा के फायदे और शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से मिलने वाले लाभ की जानकारी देकर ग्रामीणों को आश्वास्त किया गया कि भविष्य को संवारने में शिक्षा ही महत्वपूर्ण माध्यम है। सड़क सुरक्षा के विस्तार के बीच ग्रामीण अब आश्वास्त है कि उनके बच्चों का भविष्य विकास के पथ पर आगे बढ़ेगा।

विश्वास बहाली के मुहीम के बीच अब माओवाद प्रभावित इलाकों का माहौल तेजी से बदलता दिख रहा है। ग्रामीण स्कूल के लिए स्वयं झोपड़ी तैयार कर रहे है ताकि शिक्षा के मंदिर में उनके बच्चों का भविष्य संवर सके। यहाँ जिला प्रशासन आवश्यक बुनियादी जरूरतों के अलावा गाँव के ही शिक्षित बेरोजगारों को शिक्षादूत की जिम्मेदारी देकर निश्चित मानदेय मुहैया करा रहा है । अब यहाँ के हालात बदलने की कवायद शुरु हो रही है और इसकी बदलाव की पहली गूंज स्कूल की घंटी से पूरे इलाके मे गुंजने वाली है। गौरतलब है कि बीते कुछ समय पूर्व मुदवेंडी में नक्सली की क्रॉस फायरिंग में 6 माह की बच्ची की गोली लगने से मौत हो गई थी अब वही गांव नियद नेल्लानार से फिर से आबाद हो रहा है तथा बुनियादि सुविधाओं के विस्तार के साथ-साथ सुरक्षा का उजियारा गांव को रोशन करने में कारगर हो रहा है। स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम से 24 बंद और 32 नये स्कूल की होगी शुरूआत- जिला प्रशासन की मुहिम स्कूल वेंडे वर्राट पंडुम का व्यापक प्रभाव माओवाद प्रभावित इलाकों में देखने को मिल रहा है। कलेक्टर की पाती गांव-गांव में सकारात्मक साबित हो रही है जिनका नतीजा यह है कि नये शिक्षा सत्र में 24 बंद स्कूल और 32 नये स्कूल खोले जा रहे हैं। डुमरीपालनार, तोड़का, सावनार, कोरचोली, कावड़गांव जैसे गांव में 20 साल बाद स्कूल खुल रहे हैं।

# कलेक्टर ने की निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

### सिंचाई सुविधाओं में हो तेजी से विस्तार

कलेक्टर ने जिले में सिंचाई की सुविधाओं के विस्तार पर जोर देते हुए इस वर्ष बजट में स्वीकृत कार्यों का विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन तैयार करने का कार्य शीघ्रता से करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके साथ ही मिशन जल शक्ति के तहत किए जाने वाले कार्यों को भी गंभीरतापूर्वक करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर संचालक चित्रकांत चार्ली ठाकुर, संयुक्त कलेक्टर अजय उरांव सहित निर्माण विभागों के अधिकारी उपस्थित रहें।

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने मंगलवार को निर्माण विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यो के प्रगति की समीक्षा की और कार्य में विलंब करने वाले ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी कार्यो को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा के भीतर पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिला कार्यालय के भू-तल स्थित सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग द्वारा निमार्णाधीन सड़क एवं भवनों के साथ ही सेतु एवं राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण के प्रगति की समीक्षा भी की। उन्होंने इसके साथ ही जल संसाधन विभाग एवं ग्रामीण अभियांत्रिकी सेवा द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा भी की। कलेक्टर ने निर्माण हेतु भूमि अधिग्रहण के स्थिति की समीक्षा की और भू-अधिग्रहण के प्रकरणों का तेजी से निराकरण करने के निर्देश दिए। समीक्षा के दौरान राष्ट्रीय राजमार्ग के कार्यपालन अभियंता ने बताया कि कोंडागांव से नारायणपुर मार्ग के निर्माण हेतु कार्यवाही तेजी से की जा रही है और इसका निर्माण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा। वहीं केशकाल घाट के मरम्मत के लिए भी कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि, केशकाल बायपास के निर्माण के संबंध में भी निर्देश प्राप्त हुए हैं, जिस पर कार्यवाही की जा रही है। कलेक्टर ने हड़ेली से बेचा मार्ग का निर्माण इस वर्ष के अंत तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। नवागांव हाईस्कूल का निर्माण पूर्ण करते हुए 1 जुलाई तक हस्तांतरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उमरगांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तक पहुंच मार्ग व छोटे कुरुषनार के निर्माण में विलंब पर नाराजगी जाहिर करते हुए ठेकेदारों के विरुद्ध कार्यवाही के निर्देश दिए। कलेक्टर ने समीक्षा के दौरान पुराने स्वीकृत कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने के साथ ही नए स्वीकृत कार्यों के निर्माण में भी गति लाने के निर्देश दिए। उन्होंने बारिश के पूर्व ही सड़कों के निर्माण पर जोर दिया।

# आंगनबाड़ी केंद्र के लिए एएमएनएस कंपनी द्वारा प्रदान की गई बर्तन



पायनियर संवाददाता < किरंदुल
www.dailypioneer.com

किरंदुल वार्ड क्र.18 मिश्रा कैम्प में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र के लिए आर्सेलर मित्तल निप्पन स्टील इंडिया कंपनी द्वारा मंगलवार को नए बर्तन प्रदान की गई।बर्तन पाकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता काफी प्रसन्न रहें।आंगनबाड़ी कार्यकत्ताओं ने इसके लिए एएम/एनएस कंपनी,नगरपालिका अध्यक्ष एवम वार्ड पार्षद को धन्यवाद किया।सीएसआर प्रमुख डॉ तेजप्रकाश ने बताया आंगनबाड़ी केंद्र में गर्म भोजन व्यवस्था को सुदृढ़ करने बच्चों व गर्भवती माताओं में सुपोषण दर को शत प्रतिशत बनाने के लिए केंद्र में उचित मात्रा में भोजन तैयार किया जा सके इसके लिए गंज, टब,बाल्टी,गैस चूल्हा, स्टील टेबल प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल रॉय, सीएसआर प्रमुख डॉ तेज प्रकाश, एस रामचंद्रन, पार्षद राजू कुंजाम, उप-अभियंता तीरथ राम सिन्हा, डीएस साहू उपस्थित थे।

# प्राधिकरण मद के स्वीकृत विकास कार्यों का पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र को जल्द करें जारी : विजय दयाराम के.

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत विकास कार्यों का निर्माण पूर्ण होने की स्थिति में उस कार्य की पूर्णता प्रमाण पत्र और उपयोगिता प्रमाण पत्र को जल्द जारी करें। प्राधिकरण के सदस्यों के गठन उपरांत सरकार जल्द बैठक करेगी उससे पूर्व सभी विकास कार्यों की आवश्यक कार्यवाही पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने इसके साथ ही प्रधानमंत्री आदि आदर्श ग्राम योजना और बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद के स्वीकृत और प्रगतिरत कार्यों को जल्द पूर्ण करवाने पर के निर्देश दिए। कलेक्टर विजय मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक ली। कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी को चिरायु योजना के तहत शालाप्रवेश के साथ ही स्कूलों में विजिट प्रारंभ करने के निर्देश दिए। उन्होंने डिस्मेंटल योग्य स्कूल भवन की चिन्हांकन और आवश्यक कार्यवाही की समीक्षा करते हुए कहा कि जर्जर स्कूल भवनों को हटाने के निर्देश के उपरांत भी कार्य नहीं करवाने के लिए जनपद सीईओ, बीईओ को जिम्मेदार माना जाएगा।बैठक में इसके साथ ही जल जीवन मिशन के कार्य, सांसद निधि, विधायक निधि, प्रभारी मंत्री मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति की समीक्षा किया गया। बैठक में जन शिकायत, जन चौपाल, पीजी पोर्टल और समय-सीमा की प्रकरण पर चर्चाकर संबंधित विभाग के अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही कर निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने कृषि विभाग से संबंधित योजनाओं प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनांतर्गत ई-केवायसी की विकासखंडवार समीक्षा, किसान क्रेडिट कार्ड के निर्माण, उद्यानिकी विभाग द्वारा ऑयल पॉम एडीबल ऑयल का विकास, किसानों का तहसीलदार द्वारा बैंक खाता सत्यापन, खाद-बीज भण्डारण-वितरण की स्थिति का संज्ञान लिया। इसके साथ ही एनआरएलएम बैंक लिंकेज एनपीए की समीक्षा, एनआरएलएम को समय पर राशि उपलब्धता, प्रधानमंत्री आवास योजना की साप्ताहिक प्रगति जनपदवार समीक्षा, मनरेगा में मानव दिवस सृजन की स्थिति,मस्टर रोल की स्थिति, अमृत सरोवर की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि ट्रांसफर हुए मनरेगा कार्यक्रम अधिकारी को तत्काल नई पदस्थापना स्थल में ज्वाइन करने के निर्देश दिए,नहीं करने की स्थिति में बर्खास्तगी की कार्यवाही किया जाएगा। कलेक्टर ने आधार बेस पेमेंट सिस्टम की प्रगति की समीक्षा के दौरान जनपद स्तर पर काम नहीं करवाने पर नाराजगी जाहिर कर जनपद पंचायत के सभी सीईओ को स्पष्टीकरण जारी करने के निर्देश दिए। बैठक में विशेष केंद्रीय सहायता अंतर्गत स्वीकृत अपूर्ण कार्यो की प्रगति, जिला खनिज न्यास संस्थान मद से स्वीकृत कार्यों की प्रगति, ऑफ लाईन प्रक्रिया से संचालित पीडीएस दुकानों को ऑनलाईन करवाने पर चर्चा किए।

# समय सीमा के बाहर वाले अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को तत्काल निराकरण करना करें सुनिश्चित : कलेक्टर विजय दयाराम के.

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर विजय दयाराम के. ने कहा कि समय-सीमा से बाहर वाले सभी अविवादित नामांतरण और सीमांकन के प्रकरणों को राजस्व अधिकारी तत्काल निराकरण करना सुनिश्चित करें। सभी अनुविभागीय दंडाधिकारी व्यक्तिगत रूप से सीमांकन के प्रकरणों का निराकरण करवाएं,जहां जरूरत है वहां पर टीम बनाकर सीमांकन कार्य को पूर्ण करवाएं। राजस्व अधिकारी प्रतिदिन न्यायालय में लक्ष्य निर्धारित कर प्रकरणों का निराकरण की पहल करें। उक्त निर्देश कलेक्टर ने मंगलवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक में दिए। कलेक्टर ने विगत दिनों मुख्य सचिव के द्वारा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से की गई राजस्व प्रकरणों की समीक्षा और निर्देश पर भी राजस्व अधिकारियों को अवगत करवाया। बैठक में कलेक्टर विजय ने कहा कि राजस्व के मैदानी अमलों पर प्रशासनिक कसावट जरूरी है साथ ही जिले के सभी राजस्व कार्यालयों में पर्याप्त मानव संसाधन दिया गया इसलिए राजस्व प्रकरणों के निराकरण में तेजी लाए। उन्होंने नक्शा बांटाकन के लिए जिन तहसीलों में लंबित प्रकरण की संख्या अधिक है उन क्षेत्रों में टीम बनाकर काम को पूर्ण करवाएं, इसके लिए जिला स्तर पर भी एक नोडल अधिकारी बनाकर कार्य में प्रगति लाए। बैठक में राजस्व न्यायालय में दर्ज प्रकरणों की तहसील वार समीक्षा सहित अविवादित नामांतरण, विवादित नामांतरण, अविवादित खाता विभाजन, बी.121-त्रुटि सुधार, बेदखली के प्रकरण, शासकीय भूमि का अतिक्रमण, नक्शा बांटाकन, नक्शा नवीनीकरण, अभिलेख कोष में प्राप्त किए गए न्यायालयीन प्रकरणों की समीक्षा किए।

### जिले में मोबाइल कैम्प के माध्यम से श्रमिक पंजीयन शिविर

**जगदलपुर।** राज्य शासन के द्वारा श्रम विभाग के अधीन मंण्डलों छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मंडल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मंडल के अंतर्गत पंजीकृत किया जा कर संचालित योजनाओं से लाभांवित किये जाने के उद्देश्य से निर्माण श्रमिकों तथा असंगठित कर्मकारों का अधिक से अधिक नियमित रूप से पंजीयन हेतु श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र और निर्माणाधीन भवन स्थल में मोबाईल कैम्प का आयोजन किये जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। कलेक्टर विजय दयाराम के. मार्गदर्शन में श्रम विभाग द्वारा जिले के सभी विकासखण्डों के अंतर्गत पंजीयन शिविर आयोजित किये जा रहे हैं।

# स्कूल जतन योजना में अनियमितता, मरम्मत कार्य में स्तरहीन सामग्री का किया गया उपयोग

पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com



आरईएस विभाग फिर से चर्चे में आ गया हैं, इस बार कोंडागांव जिला अंतर्गत बड़ेराजपुर ब्लॉक में स्कूल के मरम्मत कार्यों को लेकर सुर्खियों में हैं। कांग्रेस शासनकाल में मुख्यमंत्री जतन योजना में भ्रष्टाचार के आरोप लगे थे और अब वही योजना फिर से गड़बड़ी के कारण सुर्खियों नजर आ रही हैं। ग्राम पंचायत बांसकोट के जामपारा और अनंतपुर की प्राथमिक शालाओं की मरम्मत में इंजीनियर और ठेकेदार द्वारा लापरवाही और मनमानी की जा रही है। ग्राम बांसकोट के उप सरपंच अशोक कुमार और ग्रामीणों ने शिकायत की है कि, मरम्मत में प्रोफाइल सीट की जगह सस्ती सीमेंट हार्वेस्टर का इस्तेमाल किया जा रहा हैं, जिससे मुनाफा कमाया जा रहा है। इसके अलावा, कार्य की एस्टीमेट की जानकारी भी नहीं दी जा रही है। ग्रामीणों का कहना हैं कि, मरम्मत कार्य में घटिया सामग्री का उपयोग किया जा रहा हैं, जिससे मरम्मत सही तरीके से नहीं हो पा रही है और गुणवत्ता की कमी के कारण विद्यालय भवन सुरक्षित नहीं है जिसे लेकर ग्रामीणों में को आक्रोष हैं। इधर ग्रामीणों का यह भी कहना हैं कि, मरम्मत के नाम पर सिर्फ औपचारिकता पूरी की जा रही हैं जहां एस्टीमेट के बारे में भी पंचायत एवं संस्था से जुड़े लोगों को जानकारी नहीं दी जा रही हैं जिससे ठेकेदार की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। जब ठेकेदारों से इस बारे में पूछा गया तो इंजीनियर एवं ठेकेदार ने बताया कि, मूल्यांकन कार्य के अनुरूप ही किया जाएगा।

## कलेक्टर ने ली साप्ताहिक समय सीमा की समीक्षा बैठक

# सभी स्कूलों में उमंग और उत्साह से शाला प्रवेश उत्सव मनाने के दिए निर्देश







पायनियर संवाददाता < बीजापुर
www.dailypioneer.com

जिला कार्यालय के इन्द्रावती सभाकक्ष में कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने सभी विभागों की साप्ताहिक समय-सीमा की समीक्षा बैठक ली। जिसमें शाला प्रवेश उत्सव, तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान, वार्ड परिसीमन, नियद नेल्लानार योजना के तहत कार्यो के प्रगति की जानकारी ली। आगामी विधानसभा के मद्देनजर अधिकारियों को मुख्यालय न छोड़ने का निर्देश दिए।

26 जून से नए शिक्षा सत्र 2024 की शुरूआत होने वाली है। सभी स्कूलों में बड़े ही उमंग और उत्साह से ÷शाला प्रवेश उत्सव÷ का आयोजन करने कलेक्टर ने निर्देश दिए। कलेक्टर अनुराग पाण्डेय ने कहा कि बीजापुर के बदलाव की पहली गुंज स्कूल की घंटी से पूरे इलाके में गुंजने वाली है। सभी स्कूलों में घंटी बजनी चाहिए साथ ही मिनू चार्ट भी स्कूल में लगी हो, सभी अधिकारियों को शाला प्रवेश उत्सव के लिए स्कूलों में जाकर बच्चों के साथ उत्सव मनाने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग की समीक्षा करते हुए कुपोषण की जानकारी ली एवं आंगनबाड़ियों में पौष्टिक भोजन बच्चों को उपलब्ध कराने के साथ पोषण की स्थिति में सुधार लाने का निर्देश दिए। स्वास्थ्य विभाग में डॉक्टर, कर्मचारी, मैडिकल स्टॉफ को नियमित उपस्थिति के साथ रात के समय में भी उपस्थित रहने का निर्देश दिए। मलेरिया मुक्त अभियान के लिए सुदूर इलाकों में मितानिनों द्वारा शिविर निकालकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है। मानसून को देखते हुए कलेक्टर ने गड्ढे और नालों की सफाई करने एवं दवाई छिड़काव करने का निर्देश दिए। बस्तर क्षेत्र में आदिवासियों के मुख्य आय का स्त्रोत तेन्दूपत्ता होता है। 27 जून को बीजापुर जिले में तेन्दूपत्ता संग्राहकों को पारिश्रमिक राशि का नगद भुगतान किया जायेगा। तेन्दूपत्ता संग्राहकों को राशि वितरण शिविर कार्यक्रमों में अधिकारी को स्वयं उपस्थित होकर पारदर्शिता के साथ नगद भुगतान करने की बात कही। नियद नेल्लानार योजना के तहत बीजापुर जिले में हो रहे विकास कार्यो में प्रगति लाने की बात कलेक्टर ने कही। उन्होने आधार कार्ड, किसान सम्मान निधि योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, व्यक्तिगत वन अधिकार पट्टा, प्रधानमंत्री आवास योजना, लर्निंग लाइसेंस, पीएम विश्वकर्मा, उज्जवला, महतारी वंदन योजना जैसे विभिन्न योजनाओं की जानकारी लेकर, हितग्राहियों तक ज्यादा से ज्यादा लाभ पहुंचाने का निर्देश दिए। कलेक्टर ने तिमेड़ और भद्रकाली संगम में घाट बनाने की बात कही जिससे ग्रामिणों को सुविधा हो, लोगों को बैठने के लिए व्यवस्थित जगह मिल सके। शीघ्र इन्द्रावती में आरती का आयोजन भी किया जावेगा। बैठक में सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार, डीएफओ रंगानाथा रामाकृष्णा वाय, संयुक्त कलेक्टर कैलाश वर्मा, एसडीएम जागेश्वर कौशल, उत्तम सिंह पंचारी, दिलीप उईके, विकास सर्वे सहित समस्त अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# एक पौधा मां के नाम के तहत विधायक लता उसेंडी ने वार्ड वासियों के साथ किया पौधारोपण



पायनियर संवाददाता < कोण्डागांव
www.dailypioneer.com

डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के पुण्यतिथि के अवसर पर एक पौधा मां के नाम पौधारोपण का कार्यक्रम कोंडागांव के जामकोट पारा एवं स्वामी विवेकानंद वार्ड में क्षेत्र की लोकप्रिय विधायक लता उसेंडी के द्वारा वार्डवासियों के साथ मिलकर पौधा रोपण किया गया, साथ ही वार्डवासियों की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को जल्द से जल्द समाधान करने का आश्वासन दिया साथ ही वार्डवासियों के द्वारा सांस्कृतिक भवन एवं मंदिर निर्माण की मांग रखी गई। जिसे विधायक ने जल्द से जल्द निर्माण कार्य करने का आश्वासन दिया, इस दौरान मुख्य रूप से भाजपा जिलाध्यक्ष दीपेश अरोरा, दयाराम पटेल, जसकेतू उसेंडी, कुलवंत चलह, मनीष साहू, बंटी नाग, आकाश नेताम और पार्षदगण, कार्यकर्तागण व वार्ड के समस्त वार्डवासी उपस्थित रहें।

# मैदानी स्तर पर अधिकारी नियमित निर्माण कार्यों का निरीक्षण करें : सीईओ रोमा श्रीवास्तव

पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com



जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी रोमा श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, प्रधामंत्री आवास योजना (ग्रामीण), महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, स्वच्छ भारत मिशन योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत निर्माण कार्यों के प्रगति की समीक्षा की। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आहूत विभागीय अधिकारियों की बैठक में सीईओ ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत निर्माण कार्यों में प्रगति लाने के लिए अधिकारियों को मैदानी स्तर पर नियमित निरीक्षण करने, निरीक्षण के पूर्व आवश्यक जानकारी हेतु प्रशिक्षण देने कहा। प्रशिक्षण की जिम्मेदारी नोडल ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग की होगी। साथ ही विकासखंड स्तरीय बैठक के भी निर्देश दिये गये। आगामी कुड़िया दिवस के आयोजन के लिए जनमन के तहत प्रधानमंत्री आवास का दस्तावेजीकरण करने सी ई ओ ने कहा, ताकि उक्त आयोजन में फ्लैक्स, बेनर, पोस्टर एवं एल.ई.डी. लाईट के माध्यम से प्रदर्शित की जा सके। सीइओ जिला पंचायत ने कमार बसाहट परिवार के लिए बीसी सखी के माध्यम से स्वसहायता समूहों का सामग्री मैपिंग के निर्देश दिये गये। वहीं कमार परिवार के हितग्राहियों को बैंकिंग कार्य के लेनदेन हेतु बी.सी. सखी के माध्यम से करायी जावें, इस हेतु विकासखंडवार चरणबद्ध तरीके से योजना तैयार करने सीईओ जनपद पंचायत को निर्देशित किया गया। इसी तरह सेंट्रिंग कार्य हेतु स्व सहायता समूह की महिलाओं के लिए कार्य योजना तैयार कर जिला कार्यालय को प्रेषित किये जाने एवं बैंकिंग लोन प्रदान कर समूह की महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने के लिए प्रेरित की जावें। जनमन अंतर्गत नये स्वीकृत आवासों को समयबद्ध पूर्ण करने हेतु हितग्राहियों का उन्मुखीकरण कराने धमतरी, मगरलोड एवं नगरी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को निर्देशित किया गया। सीईओ जिला पंचायत ने यह भी कहा कि समूह की ऐसी महिलाएं जिन्हें प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा, प्रधानमंत्री जीवन ज्योति एवं अटल पेंशन योजना का लाभ मिला है तथा ऐसे पीड़ित परिवारों को क्लेम मिली है, की जानकारी प्रस्तुत करने कहा। प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत बनाए गए समूह और कितने समूह के खाते सक्रिय हैं तथा किन-किन समूहों को आरएफ एवं सीआईएफकी राशि प्रदाय की गई है, उसकी जानकारी प्रेषित करने कहा। साथ ही राजमिस्त्रियों के उन्मुखीकरण के लिए कार्ययोजना बनाने और जनपद पंचायतों के तहत दिए गए दायित्वों का निर्वहन समय-सीमा में करने कहा। जनमन मिते की प्रशिक्षण के साथ कमार परिवारों की आवश्यकतानुसार समाज प्रमुखों के साथ चर्चा कर कार्य योजना तैयार किये जाने निर्देशित किया गया। जनमन एरिया में स्वयं सहायता समूहों का बैंक खाता खोले जाने के निर्देश सीईओ जिला पंचायत ने दिये। प्रधानमंत्री आवास योजनांतर्गत निर्माण के कार्यों में प्रगति लाने हेतु पंचायत सचिव को भी नियोजित करने के निर्देश दिये गये। जिले में योजनांतर्गत 1350 आवास अप्रारंभ है पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी के तहत विकासखंड स्तर पर वृक्षारोपण करने गढ्ढे खुदाई का कार्य पंचायत द्वारा वर्षा प्रारंभ के पूर्व करायी जावें। वित्तीय वर्ष 2021-22 एवं 2023-24 तक के अपूर्ण कार्यों को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये जिनका एम.आई.एस. में सी.सी. अपलोड भी करावें।

# आयुर्वेद चिकित्सा से होता है रोगों का समूल नाश : चातुरी नंद

पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com




क्षेत्र के ग्राम छिंदपाली में आयोजित निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में क्षेत्रीय विधायक चातुरी नंद शामिल हुईं। सर्वप्रथम भगवान धन्वंतरि के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर विधायक चातुरी नंद और अतिथियों ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक नंद ने कहा कि आयुर्वेद विभाग द्वारा विकासखंड स्तरीय आयुष स्वास्थ्य मेला आयोजित करने से क्षेत्र के आमजनों को आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति का लाभ मिला है। उन्होंने कहा कि ऐसे मेले का आयोजन लगातार किया जाना चाहिए ताकि ग्रामीणों को आयुर्वेद का समुचित लाभ मिल सके। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद पुरातन चिकित्सा पद्धति के साथ-साथ हमारी धरोहर हैं। आयुर्वेद चिकित्सा से लाभ भले ही देर से होता है, लेकिन इससे रोगों का समूल नाश होता है। कार्यक्रम में आयुर्वेद विभाग के उप संचालक डॉ सुनील दास ने आयुर्वेद की महत्ता पर प्रकाश डाला और ग्रामीणों को आयुर्वेद चिकित्सा की बारीकियों से अवगत कराते हुए उन्हें अपने दैनिक जीवन में आयुर्वेद पद्धति को अपनाने की अपील की। कार्यक्रम को विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल वरिष्ठ कांग्रेस नेता विश्वनाथ नायक ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में आदिवासी कांग्रेस के जिलाध्यक्ष मोहन लाल भोई, जिला कांग्रेस कमेटी के सदस्य तन्मय पंडा, डॉ भोई, डॉ दुष्यंत प्रधान समेत आयुर्वेद विभाग के कर्मचारी और ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने उपस्थित होकर अपना उपचार कराया जिनका स्वास्थ्य परीक्षण कर मौके पर ही उन्हें दवाइयां दी गई। उल्लेखनीय है कि विकास खंड स्तरीय आयुष मेला का लाभ लेने के लिए ग्रामीण बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान इस तरह के मेला लगाने जाने के कार्यों की सराहना की।

## ऑल इंडिया कराटे चेम्पियनशिप का आयोजन लखीराम मेमोरियल हॉल बिलासपुर में



**भंवरपुर ।** ऑल इंडिया कराटे चेम्पियनशिप का आयोजन लखीराम मेमोरियल हॉल बिलासपुर में केंद्रीय राज्य मंत्री तोखन साहू, पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल, विधायक सुशांत शुक्ला के आतिथ्य में सम्पन्न हुई । उक्त प्रतियोगिता शोतोकान कराटे छत्तीसगढ़, राज्य कराटे संघ सम्बद्ध छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के तत्वावधान में किया गया था। जिसमे राज्य कराटे संघ के अध्यक्ष वरुण पाण्डेय, महासचिव वीरेंद्र डडसेना, कुमार गौरव, कोषाध्यक्ष रूखमणी रानू के नेतृत्व में 125 महिला ,पुरूष खिलाड़ियों के दल ने भाग लेकर काता, कुमिते, के विभिन्न आयु एवं वजन समूहो में महासमुंद जिले के ग्राम बाराडोली ( बसना ) से योगिता खुटे ने कुमेति और काता में पहला स्थान में 2 गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं , स्वराज नंद गेर्राभांठा ( बसना ) से कुमिते में पहला स्थान गोल्ड मेडल प्राप्त किए हैं जिनके कोच हरिशंकर देवांगन ने हर्ष व्यक्त किया ।

# डायरिया नियंत्रण हेतु कलेक्टर ने अन्तर्विभागीय समन्वय के साथ काम करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com




डायरिया से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग के साथ शिक्षा पंचायत, पेय जल एवं स्वच्छता, महिला बाल विकास विभाग, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी को समन्वय बना कर कार्य करने। जल स्रोतों की सफाई, उनका शुद्धिकरण तत्काल करने हेतु विभाग अपने संबंधित कर्मचारियों का जल्द ही उन्मुखीकरण करें। जोखिम समूह और ग्रामों पर विशेष निगरानी की जाए। दवाइयों की उपलब्धता मितानिन स्तर तक पर्याप्त रखी जाए। उक्त सभी निर्देश समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर दीपक सोनी ने डायरिया पर आयोजित उन्मुखीकरण में उपस्थित विभाग प्रमुखों को दिए है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया कि, वर्षा ऋतु आगमन के साथ ही जल जनित रोग में सर्वप्रथम डायरिया का प्रकोप अक्सर दिखाई पड़ता है। इस बाबत भारत सरकार के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा 1 जुलाई से 31 अगस्त तक स्टॉप डायरिया कैम्पेन का आयोजन किया जा रहा है। कैम्पेन में उक्त उल्लेखित विभाग मिल कर कार्य करेंगे जिससे डायरिया की रोकथाम की जा सके। इस कैम्पेन को कुल चार चरणों मे आयोजित किया जा रहा है जिसमें पहले चरण में मूल भूत तैयारियां सम्बंधित विभाग करेंगे। जैसे प्रचार -प्रसार,जिंक ओ आर एस की उपलब्धता, शौचालयों की सफाई, पूर्व में पीड़ित बच्चों की लाइन लिस्टिंग, जल की उपलब्धता तथा उपलब्ध जल का परीक्षण, पानी की गुणवत्ता का आंकलन, कचरे का सही प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्य कैम्पेन के प्रथम चरण में होंगे। ऐसे ही हर चरण के लिए विभागों को जिम्मेदारी दी गई है। गौरतलब है की 0-5 वर्ष तक के बच्चों में डायरिया मृत्यु का मुख्य कारण है। इसके शीघ्र पहचान और निदान से शिशु मृत्यु दर में कमी लाई जा सकती है। बच्चों में इस कारण होने वाली मौतों की रोकथाम हेतु ही यह कैम्पेन चलाया जा रहा है। डायरिया एक संक्रामक रोग है जो दूषित जल और खान पान से होता है। इसके संक्रमण से रोगी को लगातार पतला दस्त होता है जिससे शरीर में पानी की कमी हो जाती है.बुखार भी रहता है एवं उल्टी भी हो सकती है। समय पर उपचार न लेने से जान भी जा सकती है। डायरिया से बचाव हेतु साफ-सफाई का ध्यान रखते हुए दूषित जल और खान-पान से बचना चाहिए। भोजन ताज़ा और आवश्यकता होने पर जल उबाल कर पीना सही रहता है। पीड़ित होने पर ओ आर एस घोल एवं जिंक गोली दी जाए तथा तत्काल अस्पताल में संपर्क करना चाहिए।

## भाजपा कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री से किया सौजन्य भेंट



पायनियर संवाददाता ✓ सरायपाली
www.dailypioneer.com

सरायपाली भारतीय जनता पार्टी प्रदेश के उपाध्यक्ष एवं महिला मोर्चा के प्रदेश प्रभारी सरला कोसरिया के नेतृत्व में प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सौजन्य भेंट कर क्षेत्र के विकास कार्य के लिए सार्थक चर्चा हुई। सरायपाली क्षेत्र से जिला उपाध्यक्ष विपिन उपोवेजा,मंडल अध्यक्ष संजय डड़सेना, जनपद सदस्य कुसुम सिदार, भाजपा कार्यकर्ता लोकनाथ चौधरी, विजय प्रधान, धर्मेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रमोद पटेल, आकाश प्रधान,मिनकेतन पटेल, हरीश डड़सेना, देवेंद्र साहू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैली निकाली गई




**तिल्दा नेवरा ।** कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के दूसरे दिन आज जनपद पंचायत तिल्दा में ग्रामीण महिलाओं द्वारा विभिन्न ग्राम पंचायतों में जल जागरूकता रैली निकाली गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान ÷नारी शक्ति से जल शक्ति÷ के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलो को प्रभारी नियुक्त किये गये है। उक्त पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान ÷नारी शक्ति से जल शक्ति÷ के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य मे आज दूसरे दिन तिल्दा जनपद अंतर्गत महिलाओं द्वारा रैली के अतिरिक्त बैनर और दीवार लेखन से जल संरक्षण हेतु प्रचार प्रसार किया गया। साथ ही ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों के बीच जाकर वर्षा जल के संरक्षण हेतु वाटर हार्वेस्टिंग सिस्टम, सोक पिट, रिचार्ज स्ट्रक्चर के संबंध में जानकारी दी गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल के महत्व के संबंध में अवगत कराते हुए जल का उचित उपयोग करने के संबंध में जागरूकता फेलाने तथा जल को सरंक्षित करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास जिला पशासन द्वारा किया जा रहा है।

## मेनोनाईट सी. सेकेंडरी स्कूल धमतरी के प्रांगण में मुख्यमंत्री द्वारा जिले के मेधावी छात्रों का सम्मान




पायनियर संवाददाता ✓ धमतरी
www.dailypioneer.com

मिशन अव्वल जिला धमतरी के मेधावी विद्यार्थी सम्मान समारोह का आयोजन जिला प्रशासन धमतरी द्वारा आयोजित किया गया जिसका आयोजन हमारे मेनोनाईट इंग्लिश सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी के प्रांगण में हुआ जिससे हम सभी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। इस सम्मान समारोह में धमतरी जिले के समस्त विद्यालयों के 85 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले बोर्ड परीक्षा के मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। मेनोनाईट सीनियर सेकेंडरी स्कूल धमतरी की कक्षा दसवीं और बारहवीं के मेधावी छात्रों को भी छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा प्रशस्ति पत्र के साथ.साथ जीवन मूल्यों हेतु उपयोगी पुस्तक प्रदान की गई। इस सम्मान समारोह के आयोजन से सभी अभिभावक एवं सफल छात्रों ने स्वयं को गौरवान्वित महसूस किया ।

# बरसात में बिजली की समस्या का त्वरित निराकरण कराएं : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में समय- सीमा की बैठक में विभागीय कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बरसात के मौसम में बिजली की समस्या का त्वरित निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश विद्युत विभाग के अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि लोगों को बिजली की समस्या से शीघ्र निजात देने मैदानी अमलों के लिए समय सीमा निर्धारित करें। उन्होंने कहा कि अलग-अलग क्षेत्रों के लिए भी समय सीमा में कार्य पूरा करने समय निर्धारित करें। आंधी तूफान में बिजली के खम्बे या टावर गिरने पर सुधार हेतु शीघ्र कार्यवाही करें। कोई दुर्घटना घटित होने पर अधिकारी मौके पर शीघ्र पहुंचे और पीड़ितों की आवश्यक सहयोग करें। उन्होंने जल जीवन मिशन अंतर्गत नल से स्वच्छ पेयजल पहुँचाने के कार्य की समीक्षा करते हुए गुणवत्ता पूर्ण कार्य सुनिश्चित कराने कहा। इसीप्रकार स्कूलों में आवश्यकतानुसार किचन शेड निर्माण हेतु नरेगा से राशि स्वीकृत कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने जल शक्ति अभियान का जिले में बेहतर क्रियान्वयन हेतु जिला स्तरीय समिति को सक्रिय करने के निर्देश दिए। उन्होंने अभियान अंतर्गत विभिन्न विभागों को दी गई जिम्मेदारी सुनिश्चित करने कहा। कृषि में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए हर विकासखंड से 5-5 प्रगतिशील किसानों का चिन्हांकन कर उन्नत कृषि के लिए प्रोत्साहित करने कहा। कलेक्टर ने बारिश के मौसम में डायरिया नियंत्रण हेतु जरुरी तैयारी करने तथा विभागीय समन्वय साथपित करने के भी निर्देश दिए। सीएमएचओ ने बताया कि जिले के 770 गांवो मे शून्य से 5 वर्ष तक के बच्चों का सर्वे किया जाएगा। सभी प्राथमिक, सामुदायिक एवं उप सवास्थ्य केंद्रों में आवश्यक व्यवस्था कर लिया गया है। कलेक्टर ने खरीफ मौसम में सहकारी समितियों में खाद-बीज़ की भण्डारण एवं एवं वितरण की जानकारी लेते हुए किसानों को खाद-बीज़ एवं ऋण लेने में किसी प्रकार की समस्या न हो इसके लिए कृषि, सहकारिता एवं जिला सहकारी बैंक के अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने समय-सीमा के आवेदनों एवं मुख्यमंत्री जनचौपाल, कलेक्टर जनचौपाल, सीपीग्राम्स के तहत प्राप्त आवेदनों के निरकारण में तेजी लाने के निर्देश दिए। बारनावापरा अभयारण्य क्षेत्र में विचरण कर रहे एक बाघ एवं तीन दंतैल हाथियों के सम्बन्ध में ग्रामीणों को सचेत व सतर्क रहने की जानकारी देते हुए डीएफओ मयंक अग्रवाल ने बताया कि वर्तमान में बाघ का विचरण देवपुरी क्षेत्र में है और उसका विचरण किस समय किधर होगा इसका अनुमान लगाना मुश्किल है इसलिए लोगों को पूरी सावधानी बरतनी जरुरी है। वन विभाग द्वारा लगातार पेट्रोलिंग की जा रही है।

# देयकों एवं मासिक लेखों का प्रस्तुतिकरण होगा पेपरलेस

## कोषालयों में जुलाई से देयकों एवं मासिक लेखे का ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण अनिवार्य

पायनियर संवाददाता ✓ बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ राज्य सुशासन के लक्ष्य को प्राप्त करने एवं प्रभावशील प्रशासनिक व्यवस्था हेतु सूचना एवं संचार प्राद्योगिकी का उपयोग करने में अग्रणी रहा है। वित्त विभाग ने पेपरलेस ऑफिस की अवधारणा को मूर्तरूप दिये जाने 1 जुलाई 2024 से सभी प्रकार के देयकों का प्रस्तुतीकरण, भुगतान एवं लेखे का प्रेषण इलेक्ट्रॉनिक पद्धति से किया जायेगा। कलेक्टर दीपक सोनी ने वित्त विभाग के वित्त निर्देश के प्रावधानों के संबंध में सभी जिला स्तरीय अधिकारी एवं आहरण-संवितरण अधिकारियों को विस्तृत दिशा-निर्देश दिये। कलेक्टर सोनी ने कहा कि देयकों एवं मासिक लेखे का प्रस्तुतिकरण जल्द ही पेपरलेस हो जायेगा। कोषालयों में 1 जुलाई 2024 से देयकों एवं मासिक लेखे का अनिवार्य रूप से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किया जाना है। वित्त विभाग ने देयकों का ई-बिल के रूप में प्रस्तुतिकरण किये जाने निर्देश जारी किया है। जिला कोषालय अधिकारी जी पी घिदौड़े ने देयकों एवं मासिक लेखों के प्रस्तुतिकरण के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया है कि राज्य के सभी कोषालय में देयकों का ई-बिल के रूप में वर्ष 2014 से ऑनलाईन प्रस्तुतिकरण किये जाने के निर्देश जारी किए गए है। वर्तमान में राज्य के सभी कोषालयों में आहरण एवं संवितरण अधिकारियों द्वारा ऑनलाईन तथा ऑफलाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा है। लेकिन कुछ कारणों से यह प्रक्रिया सभी प्रकार के देयकों पर लागू नहीं हो पाई। वर्ष 2022 में ऑनलाईन वेतन देयकों को डीएससी के साथ प्रस्तुत करने पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इन्द्रावती कोषालय को चिन्हित किया गया। इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए अप्रैल 2024 से सभी प्रकार के देयकों को राज्य के सभी कोषालयों में ऑनलाईन डिजिटल हस्ताक्षरयुक्त भेजे जाने की व्यवस्था लागू की गई। कुछ अपवादों को छोड़कर सभी कोषालयों में ऑनलाईन तथा ऑफ्लाईन दोनों माध्यमों से देयकों का प्रस्तुतिकरण किया जा रहा था। उन्होंने बताया कि राज्य शासन द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि 1 जुलाई 2024 से सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारी राज्य के सभी कोषालयों में देयकों का प्रस्तुतिकरण सिर्फ ऑनलाईन माध्यम से किया जाए। साथ ही कोषालयों द्वारा महालेखाकार को भेजे जाने वाले मासिक लेखे को ई-लेखे के रूप में भेजा जाये। इस प्रक्रिया के सुचारू रूप से संचालन हेतु यह आवश्यक है कि सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों के पास नेटवर्क की सही स्पीड, देयकों के साथ अपलोड किये जाने वाले दस्तावेज की स्केनिंग करने हेतु समुचित क्षमता वाला स्केनर तथा अन्य आवश्यक इलेक्ट्रानिक सामग्री की उपलब्धता जरूरी है। साथ ही वैध डिजिटल सिग्नेचर सर्टिफिकेट भी आवश्यक होगा।

इस व्यवस्था को लागू करने हेतु सभी विभागों को अधीनस्थ कोषालयों में समुचित व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करने कहा गया है। राज्य के सभी कोषालयों में पेपरलेस माध्यम से देयकों का प्रस्तुतिकरण तथा महालेखाकार कार्यालय को पेपरलेस मासिक लेखे भेजे जाने की प्रक्रिया 1 जुलाई 2024 से प्रारंभ की जानी है। प्रक्रिया शुरू होने पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा ई-कोष सॉफ्टवेयर में ई-पेरोल तथा ई-बिल माड्यूल में ऑनलाईन माध्यम से देयक तैयार किए जाएंगे तथा डीएससी का उपयोग करने के बाद देयकों को कोषालय को अग्रेषित किया जाएगा।

# अवैध उत्खनन के मामले में 40 हाइवा जब्त



पायनियर संवाददाता ✓ महासमुंद
www.dailypioneer.com

जिला प्रशासन के निर्देश पर रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के मामले में करीब 40 हाइवा राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त कार्रवाई में जप्त किया गया है। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व उमेश साहू ने बताया कि ग्राम बरबसपुर और सिरपुर क्षेत्र से अवैध तरीके से उत्खनन और परिवहन करते 40 हाइवा पकड़ी गई है। देर रात से जारी कार्रवाई में राजस्व और पुलिस की टीम ने छापा मार कार्रवाई की। अभी 32 गाड़ियां रेत घाट पर खड़ी है जबकि 2 गाड़ियों को कोतवाली में खड़ा किया गया है। परिवहन के दौरान बाकी गाड़ी रास्ते में खड़ी की गई है। अग्रिम कार्रवाई के लिए खनिज विभाग के सुपुर्द किया गया है। उल्लेखनीय है की गत दिवस जिले के प्रभारी मंत्री दयाल दास बघेल ने अपने निरीक्षण के दौरान अवैध रेत उत्खनन और भंडारण पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए थे। अनुविभागीय राजस्व अधिकारी, महासमुंद उमेश साहू ने रेत के अवैध भंडारण के निरीक्षण के लिए राजस्व निरीक्षकों के नेतृत्व में पटवारी की टीम गठित कर रिर्पोट देने के निर्देश दिए थे। कारवाई के दौरान राजस्व टीम प्रभारी तहसीलदार श्रीधर पण्डा, नायब तहसीलदार टिकेन्द्र नुरूटी, मोहित अमिला, आरआई मनीष श्रीवास्तव, पटवारी तरूण चंद्राकर तथा पुलिस टीम एसडीओपी यूलंडन यार्क जे, डीएसपी मिलिंद पांडेय एवं लाइन टीआई अजय मौजूद थे।

## निर्धन छात्रों हेतु गणित व एकाउण्ट्स की नि :शुल्क कक्षा एक से

**रायपुर।** शिवानी स्मृति सेवा संस्थान द्वारा कक्षा नवमीं, दसवीं की छात्राओं हेतु निःशुल्क गणित की कोचिंग एक जुलाई से प्रारंभ की जा रही है। इसके अलावा कक्षा ग्यारहवीं, बारहवीं की छात्राओं हेतु एकाउण्ट्स की भी कक्षाएं प्रारंभ की जा रही है। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि ये निःशुल्क कक्षाएं हिन्दी माध्यम की सरकारी स्कूल की छात्राओं के लिए प्रारंभ की जा रही है इसका मुख्य उद्देष्य उन बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था करना है जिनके अभिभावक उन्हें किसी कोचिंग में भेजने व फीस पटाने में असमर्थ होते हैं। ये कक्षाएं पुरानी बस्ती स्थित वीर छत्रपति शिवाजी इंग्लिश मीडियम स्कूल में लगाई जाएगी इसमें प्रवश पहले आओ- पहले पाओ के आधर पर दिया जाएगा। प्रत्येक कक्षा में 25-25 विद्यार्थियों के लिए स्थान रखा गया है। संस्थान के अध्यक्ष मुकेश शाह ने बताया कि गत् दो वर्षो से संस्थान द्वारा निर्धन विद्यार्थियों के लिए गणित की निःशुल्क कक्षाएं चलाई जा रही है जिसमें अब तक 130 विद्यार्थी लाभान्वित हो चुके हैं। इसके अलावा समर क्लासेस के अंतर्गत निर्धन विद्यार्थियों हेतु निःशुल्क अंग्रेजी की भी कक्षाएं ली गई थी जिसमें 80 विद्यार्थियों को अंग्रेजी की बेसिक व व्याकरण की जानकारी दी गई थी। आगामी गणित व एकाउण्ट्स की निःशुल्क कक्षाओं में प्रवेश हेतु शिवाजी स्कूल में संपर्क किया जा सकता है।

## दाऊ जगमोहन चंद्राकर का निधन



**महासमुन्द।** बागबाहरा के जनपद सदस्य ग्राम गांजर निवासी दाऊ जगमोहन चन्द्राकर(63) वर्षीय का कल 25 जून को रायपुर के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया वे दाऊ हेमंत चन्द्राकर के छोटे भाई थे। उनकी अंतिम यात्रा 26 जून को सुबह 10 बजे गृहग्राम गांजर से निकाली जाएगी

# कलेक्टर ने जनदर्शन में पहुंचे हितग्राहियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और निराकरण करने संबंधित विभागों को दिए निर्देश

- दमोदा-बोरई के बीच स्थित ईट भट्टे को हटाने कलेक्टर से लगाई गुहार,-जनदर्शन में प्राप्त हुए 170 आवेदन

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जनदर्शन में बड़ी संख्या में पहुंचे लोगों से कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में आज 170 आवेदन प्राप्त हुए। ग्राम खम्हरिया वासियों ने नलों से गंदे पानी आने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि पिछले सात महीनों से वार्ड क्रमांक 15, 16, 17, 18, 19 एवं 20 में नल की पाईप लाईन फट जाने से गंदे पानी का रिसाव होने के कारण घरों के नलों में गंदा पानी आ रहा है, जिससे बीमार होने की संभावना बनी रहती है। साथ ही यहां हैण्डपंप में भी कंकडयुक्त पानी आता है, जिसके कारण ग्रामवासियों को पानी के लिए समस्याओं का सामना करना पड़ता है। इस पर कलेक्टर ने सीईओ जनपद पंचायत को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। रिसाली भिलाई निवासी ने भूमि का सीमांकन कराने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भारत माला परियोजना के तहत 0.002 हेक्टेयर भूमि अधिग्रहित किया गया, जिसकी मुआवजा राशि प्राप्त हो गई है। परंतु बाद में 0.002 हेक्टेयर के स्थान पर 0.091 हेक्टेयर अधिग्रहण कर लिया गया है। अब मुझे कृषि कार्य के लिए जमीन की आवश्यकता है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम पाटन को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। ग्राम गनियारी निवासी ने विद्युत कनेक्शन के लिए गुहार लगाई। आवेदक ने बताया कि कृषि कार्य हेतु अस्थाई पंप कनेक्शन हेतु आवश्यक शुल्क सहित आवेदन विद्युत विभाग में जमा कर दिया गया है। कनेक्शन के लिए विद्युत कर्मचारी द्वारा मीटर कनेक्टर में खराबी होने के कारण दूसरा मीटर लगाने की बात कही। परंतु तक मीटर नही लगने के कारण विद्युत कनेक्शन प्राप्त नही हुआ है। इस पर कलेक्टर ने सीएसपीडीसीएल को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। देवनगर जामुलवासियों ने बताया कि वार्ड क्रमांक 10 शासकीय प्राथमिक शाला के सामने की जमीन जो कि मंदिर निर्माण एवं अन्य कार्यो के लिए सुरक्षित रखा गया है, जिसे अन्य व्यक्ति द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है, जिसकी सूचना नगर पालिका को दी गई थी। इस पर कलेक्टर ने सीएमओ जामुल को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। दमोदा ग्रामवासियों ने दमोदा-बोरई के बीच स्थित ईट भट्टे को हटाने के लिए आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि दमोदा में ईट भट्टी का संचालन किया जा रहा है। सड़क के दोनों किनारों पर आबादी बसी है। ईट को पकाने के लिए विभिन्न सामग्रियों का उपयोग किया जाता है, जिसके कारण अत्यधिक धूंआ निकलता है जो वातावरण दूषित कर रहा है। वातावरण प्रदूषित होने के कारण यहां निवासरत ग्रामवासियों को बीमारियों की आशंका बनी रहती है।

# 'एनसीसी शिविर के चौथे दिन मिलेट विषय पर हुआ व्याख्यान'

## 'स्वस्थ जीवन प्रदान करता है मिलेटः शर्मा'

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com




संयुक्त राष्ट्र संघ तथा भारत शासन और छत्तीसगढ़ राज्य शासन द्वारा वर्ष 2023 को "मिलेट वर्ष" घोषित किया गया था इसी तारतम्य में 37 छग बटालियन एनसीसी के एटीसी शिविर में मिलेट विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। देसी आहार (मिलेट) लाईफ, कषाय एवं योग सेंटर से विषय विशेषज्ञ सीएमए अशोक शर्मा ने अपने व्याख्यान में बताया कि जब हमारा आहार, पानी प्रदूषित हो व जीवनशैली गलत हो तो दवा किसी काम की नहीं होती वह केवल अल्प समय के लिए बीमारी से राहत दे सकती है लेकिन अगर हम अपना आहार पानी शुद्ध करने व जीवनशैली सुधार ले तो हमें किसी दवा की जरूरत नहीं होती उन्होंने मिलेट के रूप में उपलब्ध मोटा अनाज कोदो, कुटकी, सान्वा, कांगनी, छोटी कांगनी, जवारा, बाजरा, मक्का, चना, रागी को कैसे, कब व कितना लेना है इसकी जानकारी व कुटी हुई मसाले व कच्ची घानी का तेल उपयोग करने की बातें कहीं; जिससे हमारा आहार में शुद्धता आ जाएगी। इसी प्रकार जल को तांबे के बर्तन में 8 घंटे रखकर उसे स्टील के पात्र में डालकर उसका उपयोग करें तो आपको शुद्ध जल मिल जाएगा। उन्होंने बताया कि जीवन शैली सुधारने हेतु आपको प्रतिदिन सूर्योदय के पश्चात व सूर्यास्त के पूर्व कम से कम एक घंटा सूर्य की लालिमा में नंगे पैर पैदल चलना चाहिए और रोज ध्यान प्राणायाम आसन करना चाहिए जिससे जीवन शैली आपकी सही हो जाएगी। कार्यक्रम के अंत में कैम्प कमाडेंट कर्नल मकसूद अली खान ने विषय विशेषज्ञ सीएमए अशोक शर्मा को स्मृति चिन्ह भेंट किया। कार्यक्रम का संचालन ले. डॉ. हरीश कुमार कश्यप ने किया। इस दौरान एनसीसी अधिकारी, पी. आई व 600 से अधिक कैडेटों ने इस व्याख्यान का लाभ लेते हुए प्रश्नों के माध्यम से अपने जिज्ञासाओं को समाधान किया।

# बच्चों को सुपोषित बनाने पहल, बांटे प्रोटीन पाउडर और स्वच्छता किट

- स्वच्छता के उपाय अपनाने दिया माताओं को प्रशिक्षण, पोषण आहार की भी दी जानकारी

पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com



सामाजिक संस्था गोल्डन एंपथी (जीई) फाउंडेशन ने खुर्सीपार जोन-3 परिक्षेत्र अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक 1 में आसपास के केंद्रों के मध्यम एवं गंभीर कुपोषित बच्चों को सुपोषण की स्थिति में लाने पहल की। यहां फाउंडेशन ने स्वच्छता को अपनाने प्रशिक्षण दिया, वहीं प्रोटीन पाउडर, स्वच्छता किट और बच्चों की मालिश हेतु आयुर्वेदिक तेल का वितरण किया। तेलगु पारा, मिनी माता नगर, लेबर कॉलोनी, दुर्गा मंदिर, राम मंदिर, संगम चौक, राधा कृष्ण मंदिर, पुरैना के डाक बंगला, रेलवे लाइन और प्राथमिक शाला के केंद्रों के गंभीर और मध्यम कुपोषित बच्चों के अभिभावकों को सेक्टर पर्यवेक्षक उमेश शुक्ला ने महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुख्य रूप से कुपोषण क्या है, कुपोषण के कारण, कुपोषण से बचाव, कुपोषण को दूर करने के उपाय, बच्चों को शासकीय योजना से लाभान्वित करने, सतत स्तनपान, शिशु को छह माह पश्चात उपरी आहार, पोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) की जानकारी पर विस्तृत चर्चा की। साथ ही बच्चों को कृमिनाशक दवाई, आयरन सिरप और विटामिन ए सिरप की समय पर खुराक लेने और कार्यकर्ताओं को समय-समय पर दवाई देने के बारे में बताया गया। बच्चों के आहार में मूंग दाल, चावल एवं स्थानीय सब्जी मिक्स खिचड़ी का उपयोग लाभकारी बताया गया। केंद्र से मिलने वाले रेडी टू ईट के सही उपयोग पर जानकारी और बच्चों की माता को परामर्श दिया गया। जीई फाउंडेशन के संयोजक प्रदीप पिल्लई ने 'जागरूक महतारी पुष्ट लइका' कार्यक्रम के तहत अपने बच्चों को कुपोषण से सुपोषण की ओर लाने वाली महिलाओं को प्रोत्साहित किया एवं इन महिलाओं को संस्थान की तरफसे सम्मानित करने हेतु कहां। उन्होंने 'कुपोषण भगाओ-सुपोषण लाओ' को सार्थक बनाने में स्थानीय सब्जी, फल और मोटे अनाज का इस्तेमाल करने और इनकी विविधता एवं बारंबारता पर विशेष ध्यान देने कहा।

# इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन

## विदाई की घड़ी में सेवाकाल याद कर भावुक हुए बीएसपी कर्मी



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान माह मई-2024 या उसके पूर्व सेवानिवृत हुए भिलाई स्टील प्लांट के कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व अन्य पदाधिकारियों ने इन सदस्य कर्मियों को शाल/श्रीफल और उनकी जमा पूंजी का चेक देकर सम्मानित किया। शुरुआत में स्वागत भाषण देते हुए सोसाइटी के अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र ने कहा कि सभी वरिष्ठ कर्मी हमेशा सोसाइटी के परिवार का हिस्सा रहेंगे और इनका बीएसपी व हमारी सोसाइटी के प्रति योगदान हमेशा रेखांकित होता रहेगा। इन रिटायर कर्मियों में कोक ओवन एंड कोल केमिकल विभाग से प्रद्युम्न सिंह,मंतराम,अभय वसंत विभूति, मोहम्मद अय्यूब,देव प्रसाद साहू, देवधर साईं,एचपी टंडन,प्लांट गैरेज से एसके आजीबुन, एम.रामाराव, जनरल इस्टैब्लिशमेंट से राजेंद्र प्रसाद, ब्लास्ट फर्नेस से बहल सिंह, हरीश चंद्र सिंह, बार एंड राड मिल से संतोष कुमार, एसएमएस-2 से मदीना अली,राजीव माहुले,पीके नामदेव, रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल से अनिल कुमार अवस्थी, प्लेट मिल से कुंदन लाल, बीएनवी कृष्णा, इंस्ट्रूमेंटेशन से एसके केशकर. लोकेश कुमार,शिक्षा विभाग से महेश प्रसाद, स्टोर से संजय कुमार मिश्रा,मेडिकल से एबीसंत कालाचूर, सरोज सिंह, रिफ्रैक्ट्रीज इंजीनियरिंग विभाग से सत्यनारायण।पावर एंड ब्लोइंग स्टेशन से टिकेंद्र कुमार वर्मा, टेलीकम्यूनिकेशन से अरूण कुमार तिवारी,कंस्ट्रक्शन से आर राजू, ऊर्जा प्रबंधन विभाग से अवध बीन मोहन लहरी,ट्रांसपोर्ट एंड डीजल आर्गनाइजेशन से मोहम्मद कुट्टी, डिप्टी नर्सिंग सिस्टर भारती श्रीवास्तव और एलडीसीपी से सीताराम शामिल हैं। कार्यक्रम को कुछ रिटायर कर्मियों में से एसके केशकर,संजय कुमार मिश्रा,हरिश्चंद सिंह और अरुण कुमार तिवारी ने भी संबोधित किया और सम्मान के प्रति आभार जताते हुए अपना सेवाकाल याद किया। इस दौरान सोसाइटी के पदाधिकारियों में धनंजय चतुर्वेदी भी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन प्रबंधक एम. मुरलीधर ने और आभार प्रदर्शन जेके गहिने ने किया।

# एक ही परिवार में सभी 5 भाई-बहन एमबीबीएस, समाज ने किया सम्मान



पायनियर संवाददाता ➤ भिलाई
www.dailypioneer.com

सेक्टर-5 निवासी भिलाई इस्पात संयंत्र के कर्मचारी के.कृष्ण मूर्ति व के. तुलसी दम्पत्ति के तीन बेटियां एंव दो बेटे एमबीबीएस मे जनरल कैटेगरी मे फ्री सीट हासिल कर पढाई कर रहे है। इन होनहार भाइयों-बहनों की उपलब्धि पर तेलुगू समाज की ओर से इंडियन नेशनल मेटल वर्कर्स फेडरेशन के सचिव एवं भिलाई इस्पात संयंत्र, इंटक के पूर्व उप महासचिव एन.एन.राव ने इन्हें विशेष रूप से सम्मानित किया। आन्ध्र प्रदेश, श्रीकाकुलम जिला, श्रीकरींवानी पालेम ग्राम के मूल निवासी मूर्ति दंपति की दोनों बड़ी बेटियां सुप्रिया व सोनल एमडी की डिग्री हासिल कर चुकी है और तीसरी बेटी स्तुति एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी कर डॉक्टर बन चुकी है। वहीं मूर्ति दंपति का चौथा बेटा शुभम एमबीबीएस के तृतीय वर्ष और पांचवा बेटा शिवम एमबी बीएस के प्रथम वर्ष की पढ़ाई छत्तीसगढ़ शासन के मेडिकल कॉलेज में कर रहे हैं। पूरे परिवार एम बी बी एस कर मेडिकल मे सेवाएं देने पर तेलुगु समाज मे हर्ष व्याप्त है। श्रमिक नेता राव ने श्रीफल, पुष्प गुच्छ व हार एव शाल भेंटकर इनका सम्मान किया। उल्लेखनीय है कि वरिष्ठ श्रमिक नेता एन.एन.राव समाज के गरीब अथवा प्रतिभाशाली बच्चों को प्रोत्साहित करने में अग्रणी रहते हैं। वहीं गरीब व निर्धन कन्याओं के विवाह में खर्च करना व बीमार लोगों की मदद करना उनके समाज सेवा के प्रमुख कार्य हैं।

# 'कृषि आदान विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों का किया गया निरीक्षण'

दुर्ग। कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार खरीफ2024 में जिले के कृषकों हेतु उच्च के गुणवत्तायुक्त आदान सामग्री यथा उर्वरक, बीज एवं कीटनाशक दवाई की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिये कृषि विभाग द्वारा सधन अभियान चलाते हुये जिले के निजी एवं सहकारी प्रतिष्ठानों का सतत् निरीक्षण किया जा रहा है। इसी अनुक्रम में उप संचालक कृषि ललित मोहन भगत के मार्गदर्शन में विकासखंड दुर्ग के जलाराम एग्रोटेक, गंज मण्डी कॉम्प्लेक्स, धमधा रोड दुर्ग का जिला उर्वरक निरीक्षक एवं सहायक संचालक कृषि एस. के. कोरोम, उर्वरक निरीक्षक एवं कृषि विकास अधि नवीन खोब्रागडे मंजुषा सिंह, एकता साहू एवं देवेन्द्र मोहन ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी दल द्वारा मई में औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान के अनुज्ञप्ति पत्र, समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बिल बुक, प्रतिष्ठान में विक्रय हेतु उपलब्ध उर्वरकों का अवलोकन किया गया।

# 'पूर्व एनसीसी कैडेट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व डीएसपी यातायात से मिलकर कैडेटों के खिले चेहरे'

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



बोरई में आयोजित एसीसी कैंप के चौथे दिन कैडेटों के चेहरे खिल उठे जब उन्होंने पूर्व एनसीसी कैडेट अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठोर एवं डीएसपी यातायात सतीश ठाकुर को अपने समीप देखा। इस दौरान वर्तमान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने कैडेटों से अपना अनुभव साझा किया। उन्होंने बताया कि कैसे बचपन में लाल बत्ती की गाड़ी उनके गॉव के पास से गुजरा करती थी, पर रूकती नही थी, इसी से प्रेरित होकर निश्चय किया की वो एक दिन खुद लाल बत्ती की गाड़ी में जायेगें व जब भी गॉव में कोई भीड़ होगी तो गाड़ी रोक कर उनसे मिलेंगे। उनके इस सपने को पूरा करने में एनसीसी ने बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे कुल 18 एनसीसी कैंप में शामिल हुए तथा दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड किया। 'कैडेट ने सीखा ट्रैफिक की एबीसीडी'- डीएसपी यातायात सतीश ठाकुर ने कैडेटों को ट्रैफिक की एबीसीडी सीखाई। उन्होंने,-एक्सेलेटर, बी-ब्रेक, सी-क्लच एवं डी-ड्राइवर से अवगत कराया। उन्होंन अपने 15 साल के यातायात के अनुभव से कैडटों को समझाया कि कैसे यातायात की शिक्षा अत्यंत आवश्यक है। आज से कुछ वर्ष पूर्व सड़क दुर्घटना में एक साथ 7 एमबीबीएस के छात्रों ने अपनी जान गवाई और उनके अभिभावक ने तब ये कहा कि काश वे अपने बच्चों को यातायात की भी शिक्षा दिये होते तो वे आज जीवित होते। जिस तरह हम अपने मोबाईल को बचाने के लिए कवर लगाते है ठीक उसी तरह सिर को बचाने के लिए हेलमेट लगाना भी अनिवार्य है। कैंप कमांडेट कर्नल मकसूद अली खान के द्वारा दोनों अतिथियों को प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।


## न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सरायपाली, जिला-महासमुन्द

### // ईश्तहार //

सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हरिराम पिता घसिया जाति कुम्हार निवासी ग्राम बोंदा तहसीलदार सरायपाली जिला महासमुन्द द्वारा उसके स्वयं के बुआ सुमित्रा राणा का मृत्यु दिनांक 14/11/2018 को ग्राम बोंदा में हुआ है। उक्त मृत्यु का पंजीयन नहीं हो पाने के कारण उक्त तिथि में बुआ के मृत्यु सुमित्रा घटना पंजीकृत किये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया है।

उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/दावा हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनाँक 03/07/2024 को उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा।

आज दिनांक 18/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार
सरायपाली



## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड

IDFC FIRST Bank

(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)
सीआईएनः L65110TN2014PLC097792
पंजीकृत कार्यालयः केआरएम टावर्स, 8वीं मंजिल, हैरिंगटन रोड, चेटपेट, चेन्नई – 600031
फोनः +91 44 4564 4000 | फैक्सः +91 44 4564 4022

**परिशिष्ट IV (नियम 8(1)**
**कब्जा सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)**

जबकि अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम 2002 के तहत **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)**, का प्राधिकृत अधिकारी होने के नाते तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए **उधारकर्ता, सह-उधारकर्ता और गारंटर 1. ऋषि कुमार अनंत, 2. ललिता ऋषि को मांग नोटिस दिनांक 16.02.2024 को जारी किया गया था, जिसमें सूचना में उल्लेखित बकाया राशि रू. 3,13,039.58 (रु. तीन लाख तेरह हजार उनतालीस और पैसे अट्ठावन मात्र) दिनांक 14.02.2024 तक** उक्त मांग नोटिस की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अन्दर भुगतान करने को कहा गया था।

उधारकर्ता उक्त राशि का भुगतान करने में असफल हो गये हैं इसलिये एतद्द्वारा उधारकर्ता तथा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने सम्पत्ति का सांकेतिक कब्जा उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13 की उप धारा(4) के अधीन उन्हें प्रदत्त शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए इसमें नीचे वर्णित सम्पत्ति का **कब्जा दिनांक 21.06.2024** को ले लिया है।

उधारकर्ता को विशेष रूप से और सर्वसाधारण को सामान्य रूप से चेतावनी दी जाती है कि वे निम्न सम्पत्ति के साथ लेन-देन न करें तथा सम्पत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड (तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित) के प्रभार वास्ते बकाया राशि रू. 3,13,039.58 (रु. तीन लाख तेरह हजार उनतालीस और पैसे अट्ठावन मात्र) और भविष्य का ब्याज इत्यादि सहित के अधीन होगा।**

उधारकर्ता का ध्यान एक्ट की धारा 13 की उप धारा (8), के प्रावधानों के अंतर्गत सुरक्षित परिसंपत्तियों के मुक्त करने हेतु उपलब्ध समय सीमा की ओर आकर्षित किया जाता है।

**अचल सम्पत्ति का विवरण**

**सम्पत्ति का वह समस्त भाग एवं अंश जोकि पुराना खसरा नं. 799/3, 800, 801, नया खसरा नं. 799/6, जिसमें खसरा नं. 800/2, 801/2 शामिल, गांव डोंगरी, ओल्ड पी.एच. नं. 28, नया पी.एच नं. 12, ओल्ड आर.एन.एम. बलौदा, नया आर.एन.एम. खिसौरा, तहसील बलौदा, जिला जांजगीर, छत्तीसगढ़-495559, कुल प्लॉट क्षेत्रफल 4360 वर्ग फीट अर्थात 405.20 वर्ग मी.** और चौहद्दीः पूरब में - रामखिलावन की भूमि, पश्चिम में - रामखिलावन का फार्म, उत्तर में - रामखिलावन की भूमि, दक्षिण में - सरकारी भूमि

हस्ता/-
प्राधिकृत अधिकारी
आईडीएफसी फर्स्ट बैंक लिमिटेड
(तत्कालीन कैपिटल फर्स्ट लिमिटेड और आईडीएफसी बैंक लिमिटेड के साथ समामेलित)

दिनांकः 21.06.2024
स्थानः जांजगीर
ऋण खाता नं. 75509136


# दुर्गा मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए महापौर ने आयुक्त व सभापति के संग किया भूमिपूजन

- महापौर निधि पांच लाख से नगर निगम परिसर दुर्गा मंदिर के बाजू अतिरिक्त कक्ष निर्माणःअतिशीघ्र कार्य प्रारंभ करने के निर्देश

पायनियर संवाददाता ➤ दुर्ग
www.dailypioneer.com



नगर पालिक निगम मुख्यालय स्थित माता दुर्गा मंदिर परिसर में सोमवार को मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए महापौर धीरज बाकलीवाल ने आयुक्त लोकेश चन्द्राकर,सभापति राजेश यादव एवं एमआईसी सदस्य,पार्षद व अधिकारी/कर्मचारी संग भूमि पूजन किया.बता दे कि समिति के सदस्यों द्वारा मंदिर के जीर्णोद्धार किया जायेगा.पंडित अमन शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार बीच भूमि पूजन कराया, समिति के सदस्यों ने बताया की निगम मुख्यालय स्थित माता दुर्गा मंदिर परिसर में आज मंदिर के जीर्णोद्धार के लिए भूमि पूजन हुआ.बता दे कि मंदिर करीब 50 से अधिक वर्षो पुराना इस मंदिर का जीर्णोद्धार का बीड़ा समिति के सदस्यों ने उठाया है.भूमि पूजन के मौके पर आयुक्त लोकेशचन्द्राकर, सभापति राजेश यादव, अब्दुल गनी, संजय कोहले, दीपक साहू, भोला महोविया, जमुना साहू,नीता जैन, ज्ञानदास बंजारे, निर्मला साहू, गुड्डू यादव, कार्यपालन अभियंता दिनेश नेताम, दुर्गेश गुप्ता, शुभम गोइर, लता यादव, हेमलता वर्मा,साक्षी वर्मा के अलावा आदि मौजूद रहें। आपको बता दे कि महापौर धीरज बाकलीवाल ने अपने महापौर निधि से वार्ड 29 अस्पताल वार्ड नगर निगम कार्यालय में दुर्गा मंदिर के बाजू अतिरिक्त कक्ष निर्माण हेतु नगर निगम कार्यालय स्थित माता दुर्गा मंदिर के बाजू अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य हेतु 500000/- अक्षरी पांच लाख रूपये मात्र व्यय किये जाने अनुशंसा किया गया है।


## OFFICE OF THE CHIEF MUNICIPAL OFFICER, MUNICIPAL COUNCIL BALOD, DIST-BALOD (C.G.)

### e-Procurement Tender Notice

No./257/N.P.P/2024 Balod, Date 25.06.2024

Online tenders are invited for the following work from Eligible Class Registered Contractor in **"unified Registration system"** PWD Chhattisgarh/Registered firms/Society/N.G.O.

| No. | System Tender No | Name of work | Probable amount of contract | Last date of tender download |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 155394 | Seventy Seven Skilled, Un Skilled, Non Skilled Workers Are Requuired for The Work in Municipal Council Balod (C.G.) For F.Y. 2024-25 | 120.00 Lacs | 25-07-2024 17:30 IST |

The tender documents can be downloaded from the web-portal http://eproc.cgstate.gov.in. It will be compulsory to deposit the security deposit of Rs 90000.00 and documents will be mandatory to be submitted to the office before opening the tender through speed post.

**Chief Municipal Officer**
**Municipal Council Balod**



## न्यायालय तहसीलदार, तिल्दा-नेवरा जिला-रायपुर (छ.ग.)

रा.मा.क्रमांक 202403110300031 अ/27 वर्ष 2023-24
ग्राम-बहेसर, प.ह.नं. 17

### // ईश्तहार //

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक **महासिंह यादव ज्ञानसिंह यादव, गंगासिंह यादव पिता जयसिंह यादव, निवासी-बहेसर** निवासी ग्राम-तिल्दा द्वारा ग्राम **बहेसर,** प.ह.नं. 17 रा.नि.म. तिल्दा तहसील तिल्दा-नेवरा जिला रायपुर (छ.ग.) स्थित अपनी संयुक्त स्वामित्व की भूमि खसरा नंबर 348, 462, 468/1, 542, 559 रकबा क्रमशः 0.890, 0.105, 1.364, 0.065, 0.603 हे. कुल ख.नं. 05 कुल रकबा 3.027 हे. का खाता विभाजन हेतु आवेदन पत्र पेश किया है। इस संबंध में हल्का पटवारी द्वारा फर्द बटवारा पेश किया गया है, जो निम्नानुसार हैः-

**पक्ष क्रमांक-01**
राजकुमार, दिलीप पिता बृजलाल, संतोषकुमार, मथुरा, सुरेखा, लता, मीरा पिता थानूराम

| खसरा नंबर | खसरा नंबर | खसरा नंबर |
|---|---|---|
| 348 टु. | 0.445 | 3.62 |
| 462 टु. | 0.053 | |
| 468/1 टु. | 0.951 | |
| कुल योग 03 | 1.449 | 3.62 |

**पक्ष क्रमांक-02**
गंगासिंह पिता जयसिंह

| खसरा नंबर | खसरा नंबर | खसरा नंबर |
|---|---|---|
| 348 टु. | 0.072 | 1.58 |
| 348 टु. | 0.077 | |
| 468/1 टु. | 0.195 | |
| 559 टु. | 0.251 | |
| **कुल योग 04** | **0.595** | **1.58** |

**पक्ष क्रमांक-03**
महासिंह पिता जयसिंह

| खसरा नंबर | खसरा नंबर | खसरा नंबर |
|---|---|---|
| 348 टु. | 0.076 | 0.85 |
| 348 टु. | 0.072 | |
| 468/1 टु. | 0.097 | |
| 559 टु. | 0.101 | |
| **कुल योग 04** | **0.346** | **0.85** |

**पक्ष क्रमांक-04**
ज्ञानसिंह पिता जयसिंह

| खसरा नंबर | रकबा (हे.में) | लगान (हे.में) |
|---|---|---|
| 348 टु. | 0.148 | 1.43 |
| 462 टु. | 0.053 | |
| 468/1 टु. | 0.121 | |
| 559 टु. | 0.251 | |
| **कुल योग 04** | **0.573** | **1.43** |

**पक्ष क्रमांक-05**
शारदा वो घासिनबाई पिता जयसिंह

| खसरा नंबर | रकबा (हे.में) | लगान (हे.में) |
|---|---|---|
| 542 | 0.065 | 0.10 |

उक्त फर्द बटवारा के संबंध जिस किसी भी व्यक्ति को दावे/आपत्ति यदि कोई हो तो वह पेशी तिथि 26.06.2024 तक स्वयं अथवा अभिभाषक अथवा विधिमान्य व्यक्ति के द्वारा अपना दावे/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। मियांद बाद प्राप्त दावे/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 14.06.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर सहित जारी किया गया।

तहसीलदार
तिल्दा-नेवरा, जिला-रायपुर (छ.ग.)

## संपादकीय

### भारत-बांग्लादेश संबंध नए समझौते


भारत और बांग्लादेश को नए समझौतों से लाभ होगा। नई दिल्ली और ढाका ने अनेक समग्र प्रकृति के समझौतों पर हस्ताक्षर किए हैं और इनमें समग्र आर्थिक साझेदारी समझौते-'सीपा' पर वार्ता शुरू करना शामिल है। इन समझौतों में बांग्लादेशियों के लिए चिकित्सा ई-वीसा सुविधा, तीस्ता जल-साझा पर चर्चा के लिए एक तकनीकी टीम बांग्लादेश भेजना तथा रंगपुर में सहायक उच्चायुक्त कार्यालय खोलना शामिल हैं। इन समझौतों में नई ट्रेन व बस सेवायें, बांग्लादेश को भारतीय ग्रिड से 40 मेगावाट बिजली सप्लाई, सिराजगंज में 'इन्लैंड कंटेनर डिपो' तथा बांग्लादेशी पुलिस अधिकारियों के भारत में प्रशिक्षण हेतु 350 सीटें आबंटित करना भी शामिल हैं। भारत मुख्यत: चार आयामों में बांग्लादेश के साथ रणनीतिक संबंधों को बढ़ावा दे रहा है। इनमें देश की आर्थिक बेहतरी, बांग्लादेशियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं में सहायता, क्षेत्र में भारत की उपस्थिति मजबूत करना तथा बांग्लादेश में चीन के बढ़ते प्रभाव का मुकाबला करना शामिल हैं। 2008 से सत्ता में विद्यमान तथा देश के आर्थिक व सामाजिक विकास के लिए हार्दिक प्रशंसा की पात्र रही बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना अब देश में महामारी-पश्चात सुधार में कठिनाइयां अनुभव कर रही हैं। उनकी योजना द्विपक्षीय संबंधों के माध्यम से इन मुद्दों को संबोधित करना है और वे नई दिल्ली के साथ संबंध और बेहतर बनाना चाहती हैं। नई दिल्ली स्वाभाविक रूप से उनको सकारात्मक जवाब दे रही है। इस बार बीजिंग की बढ़ती 'छाया' को देखते हुए इन रिश्तों में और ज्यादा गर्माहट प्रदर्शित की गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना ने 'भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण' से साझेदारी को गहरा किया है तथा सहयोग में व्यापक स्तर पर सुधार किए हैं। शेख हसीना 21 जून से दो दिन की राजकीय यात्रा पर भारत आई थीं।



भारत का बांग्लादेश के इतिहास में विशेष स्थान है क्योंकि 1971 के मुक्ति संग्राम में उसने प्रमुख भूमिका निभाई थी। लेकिन दोनों देशों के बीच 1970 के दशक मध्य में सैनिक शासन के दौरान वहां भड़क रही भारत-विरोधी भावनाओं के कारण संबंधों में तनाव आ गया था। हालांकि, साझा इतिहास ने मजबूत संबंध बनाने में सहायता की तथा 2014 से मोदी के शासनकाल में द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिली। इसके पहले 1996 में पहली बार शेख हसीना के प्रधानमंत्री बनने पर द्विपक्षीय संबंधों में महत्वपूर्ण बदलाव आया था। इसके बाद से उनमें लगातार सुधार हुआ है। 2019 से दोनों नेताओं की दस अवसरों पर मुलाकात हुई है जिससे उल्लेखनीय परिवर्तनों तथा संबंधों में मजबूती का नया युग शुरू हुआ है। जनवरी, 2024 में लगातार अपना चौथा कार्यकाल शुरू करने वाली प्रधानमंत्री शेख हसीना 9 जून, 2024 को अन्य 6 विश्व नेताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुई थीं। हालांकि, द्विपक्षीय संबंधों में कुछ चुनौतियां बनी हुई हैं जिनमें सीमा प्रबंधन, अवैध आप्रवासी, राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर, रोहिंग्या और नदी जल साझा शामिल हैं। इनके समाधान हेतु निरंतर संवाद जरूरी है। बांग्लादेश ने उत्पीड़ित रोहिंग्याओं के लिए एक द्वीप दिया है, पर वह म्यांमार में इन अल्पसंख्यकों के पुनर्वास में भारत की सहायता चाहता है। मोदी-हसीना साझेदारी से भारत-बांग्लादेश संबंधों को और मजबूती मिलने की पूरी उम्मीद है। आशा है कि दोनों देश अपने बीच बची-खुची चुनौतियों को संबोधित करने में सफल होंगे। इससे परस्पर समृद्धि के लिए साझा व दूरगामी दृष्टिकोण विकसित करने में सहायता मिलेगी।

# आंध्र प्रदेश में नायडू की वापसी

**दो दशक से अधिक समय से हाशिये पर रहने के बाद नायडू का उभार राज्य की राजनीति में बड़ा परिवर्तन है जिससे विकास पर पुन: ध्यान जाएगा।**



कल्याणी शंकर
(लेखिका, वरिष्ठ पत्रकार हैं)



आंध्र प्रदेश में दो दशक से अधिक समय से हाशिये पर रहने के बाद चंद्रबाबू नायडू का उभार राज्य की राजनीति में बड़ा परिवर्तन है जिससे राज्य के विकास पर पुन: ध्यान केन्द्रित करने में सहायता मिलेगी। हाल ही में आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री पद पर नारा चंद्रबाबू नायडू का शपथ ग्रहण व्यक्तिगत रूप से नायडू की उपलब्धि के साथ ही उनकी पार्टी और भारतीय राजनीति के लिए महत्वपूर्ण परिवर्तनकारी घटना है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा अन्य सर्वोच्च भाजपा नेताओं ने 74 वर्षीय नायडू के चौथी बार मुख्यमंत्री पद की शपथ लेने के अवसर पर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। इस प्रकार चंद्रबाबू नायडू की एक बार फिर राजनीति में शानदार वापसी हुई है। दो दशक से अधिक समय से राज्य और राष्ट्र की राजनीति में हाशिए पर रहने के बाद नायडू अब अपनी वर्तमान भूमिका से बहुत संतुष्ट हैं। इस प्रकार उन्होंने एक बार फिर सिद्ध कर दिया है कि राजनेता के तौर पर उनके महत्व को अनदेखा करने वालों ने भारी गलती की है। मुख्यमंत्री के रूप में विजेता चंद्रबाबू नायडू की वापसी के साथ ही उनकी पार्टी तेलगू देशम ने शानदार प्रदर्शन किया है। अब तेलगू देशम पार्टी वर्तमान राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-राजग सरकार में दूसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी है। इससे प्रदेश के साथ ही केन्द्र की सत्ता में महत्वपूर्ण परिवर्तन का संकेत मिला है। लगभग एक साल पहले नायडू के पूर्ववर्ती वाईएसआर कांग्रेस के जगन मोहन रेड्डी आराम से सत्ता में थे और उनको एक और कार्यकाल मिलने की पूरी उम्मीद थी। इसका कारण यह था कि उस समय विपक्ष विभाजित था। उस समय पवन कल्याण तेलगू देशम पार्टी-तेदेपा के साथ नहीं थे और भाजपा इस बात को लेकर दुविधा में थी कि तेदेपा को राजग गठबंधन में फिर शामिल किया जाए या नहीं। चंद्रबाबू नायडू पर भ्रष्टाचार के अनेक आरोप थे और तेदेपा कार्यकर्ता काफी हतोत्साहित थे।

नायडू की सत्ता में वापसी के पीछे अनेक कारण रहे हैं। जगन मोहन के खिलाफ सत्ता-विरोधी भावनाओं के साथ ही पवन कल्याण की जनसेना, भाजपा तथा तेदेपा की जातीय गणित ने महत्वपूर्ण भूमिका अदा की। जगन ने राज्य में ढांचागत संरचना तथा कृषि की उपेक्षा की जिसके कारण लोगों पर बहुत बुरा प्रभाव पड़ा और यह भी नायडू की वापसी का प्रमुख कारण बना। चंद्रबाबू नायडू बार-बार पराजित होकर फिर उभरने वाले नेता रहे हैं। उन्होंने अपने राजनीतिक कॅरियर की शुरुआत 1978 में एक जूनियर मंत्री के रूप में की थी और इसके बाद वे तेलगू देशम पार्टी-तेदेपा के विभिन्न पदों पर रहे। वे अनेक बार आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे और अपने कार्यकाल में उन्होंने अनेक महत्वपूर्ण विकास योजनायें शुरू कीं। हालांकि, इनके कारण वे विवादों में भी घिरे रहे।

लेकिन इस पूरी उथलपुथल के बीच नायडू ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति तथा अदम्य भावना का परिचय दिया। नायडू ने घोषणा की थी कि 2024 का चुनाव उनका अंतिम चुनाव है। इस कदम से जहां वे अपने बेटे लोकेश को वारिस के रूप में विकसित करने में सफल रहे, वहीं मतदाताओं पर इसका भावनात्मक प्रभाव पड़ा। हालांकि, इस रणनीतिक निर्णय का आंध्र प्रदेश की राजनीति में नायडू परिवार के भविष्य पर काफी प्रभाव पड़ सकता है। पहले काफी समय तक चंद्रबाबू नायडू अपने ससुर और तेलगूदेशम पार्टी मुखिया एन.टी. रामाराव की छाया में रहे, पर अंतत: वे पार्टी के लिए अपरिहार्य बन गए। उन्होंने 'राष्ट्रीय मोर्चा' व 'संयुक्त मोर्चा' सरकारों के दौरान राष्ट्रीय राजनीति की महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त की और उसमें अपना स्थान बनाया। उनकी पार्टी तेदेपा वीपी सिंह, देवगौड़ा, आई.के. गुजराल तथा बाद में अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली सरकारों का हिस्सा रही। इस प्रकार वे तथा उनकी पार्टी किसी के लिए अस्पृश्य नहीं थे। चंद्रबाबू नायडू तथा उनकी तेलगूदेशम पार्टी के विभिन्न केन्द्र सरकारों के साथ परिवर्तनशील संबंध रहे। लेकिन वर्तमान प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में उनकी सहभागिता विशेष रूप से उल्लेखनीय है।

मोदी सरकार को तेदेपा के समर्थन के साथ नायडू ऐसी स्थिति में हैं जहां वे आंध्र प्रदेश के हित में बातचीत और पैरवी कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं। चंद्रबाबू नायडू देश के ऐसे पहले मुख्यमंत्री थे जो स्वयं को आंध्र प्रदेश का 'सीईओ' कहते थे। इस प्रकार प्रदेश में एक बार फिर सीईओ की वापसी हो गई है। मुख्यमंत्री के रूप में नायडू ने पहले 'टेक जायंट' बिल गेट्स के साथ बहुत अच्छे संबंध विकसित किए थे। उन्होंने हैदराबाद में निवेश के व्यापक अवसर खोले और इसे 'साइबराबाद' में बदल दिया। उन्होंने विश्व बैंक जैसी एजेंसियों से हैदराबाद में ढांचागत परियोजनाओं के लिए भारी मात्रा में सहायता ली और उसका समग्र विकास करने में सफल हुए। लेकिन गलती यह थी कि उन्होंने राज्य के अन्य भागों के विकास पर इतना ध्यान नहीं दिया।

मुख्यमंत्री के रूप में अपने चौथे कार्यकाल में नायडू के पास आंध्र प्रदेश को फिर से महत्व दिलाने का अवसर मिला है जिसे एक समय देश में 'चावल का कटोरा' कहा जाता था। नायडू की सर्वोच्च प्राथमिकता आंध्र प्रदेश के लिए अतिरिक्त धन जुटाना है जो राज्य के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। आंध्र प्रदेश के विकास में नायडू के दृष्टिकोण में लंबित सिंचाई परियोजनाओं, जैसे 'पोलावरम परियोजना' को गति देना शामिल है ताकि राज्य के कृषि क्षेत्र को मजबूत किया जा सके। अपनी पार्टी के समर्थन से नायडू राज्य के संसाधनों को अधिकतम बढ़ा कर विकास को गति देना चाहते हैं। हाल ही में केन्द्र सरकार बनने के बाद मोदी कैबिनेट में जब उनकी पार्टी के केवल एक कैबिनेट तथा एक राज्य मंत्री मिलने पर जब नायडू से सवाल पूछा गया तो उन्होंने कहा, 'हम नरेन्द्र मोदी कैबिनेट की संरचना पर बात नहीं कर रहे हैं क्योंकि यह राज्य के हितों का मामला है।' इससे स्पष्ट है कि चंद्रबाबू नायडू आंध्र प्रदेश के लिए अपनी केन्द्र सरकार में सहभागिता का अधिकतम लाभ उठाना चाहते हैं। हालांकि, इस बात की उम्मीद है कि मोदी सरकार के अगले विस्तार में उनको मंत्रिमंडल में और स्थान मिलें। नायडू के समक्ष दूसरी महत्वपूर्ण चुनौती आंध्र प्रदेश की राजधानी 'अमरावती' का निर्माण है। उनके पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी ने अपने दो कार्यकाल के शासन में इस परियोजना पर रोक लगा दी थी। अब सत्ता में अपनी वापसी के बाद चंद्रबाबू नायडू अमरावती परियोजना पूरी करना चाहते हैं। इसके लिए वे केन्द्र सरकार पर दबाव भी डाल सकते हैं ताकि राजधानी का निर्माण हो सके। इसके साथ ही वे अनेक नई परियोजनायें तथा छह कल्याणकारी योजनायें चलाना चाहते हैं। एक 'शोमैन' की तरह वे अमरावती परियोजना को एक 'आदर्श राजधानी' के रूप में पेश करना चाहेंगे। लेकिन वर्तमान समय में राज्य गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। राज्य में पैसे की भारी कमी है तथा उस पर कुल 14 लाख करोड़ रुपये का कर्ज है। इसमें विभिन्न स्रोतों से लिया गया 12 लाख करोड़ कर्ज तथा 1.5 लाख करोड़ का बकाया भुगतान शामिल है। राज्य पर इस भारी वित्तीय बोझ का कारण नायडू के पूर्ववर्ती जगन मोहन रेड्डी सरकार की अनेक काल्पनिक योजनायें हैं जो जमीन पर नहीं उतर सकीं। उन्होंने हास्यास्पद रूप से राज्य में तीन राजधानियों की कल्पना की थी, जिसमें एक न्यायिक, एक आर्थिक व एक प्रशासनिक राजधानी होती। इस अव्यावहारिक कल्पना से राज्य का विकास प्रभावित हुआ तथा उस पर वित्तीय बोझ बढ़ा।

अपने चार दशक के राजनीतिक कॅरियर में 74 वर्षीय नायडू अनेक उतार-चढ़ाव से गुजरे। अपने पहले और दूसरे कार्यकाल में वे समय से बहुत आगे थे। उन्होंने स्वयं को एक भविष्योन्मुखी सोच वाले, तकनीक-समर्थक तथा टेक-सेवी मुख्यमंत्री के रूप में पेश किया। वर्तमान समय में नायडू के लिए अच्छा अवसर है। वे एक प्रकार से 'किंगमेकर' हैं और मोदी सरकार में सत्ता का साझा कर रहे हैं। राज्य विधानसभा में उनके सामने कोई विपक्ष नहीं है क्योंकि वाईएसआरसीपी केवल 11 सीटों तक सिमट गई है। तेदेपा को मुस्लिम आरक्षण का मुद्दा सुलझाना है क्योंकि यह भाजपा से उनके टकराव का कारण बन सकता है। फिलहाल मोदी से नायडू के संबंध बहुत अच्छे हैं। इसके साथ ही तेदेपा को नायडू के खिलाफ भ्रष्टाचार मामलों से निपटना होगा क्योंकि वे जमानत पर हैं। चौथे कार्यकाल में नायडू का व्यवहार उनके तथा उनके बेटे लोकेश के भविष्य के लिए महत्वपूर्ण होगा।

# पढ़ने का आनन्द

> पढ़ने की आदत के अनेक लाभ हैं। इनमें बौद्धिक प्रेरणा व समग्र बेहतरी शामिल हैं।

शाइनी शर्मा
(लेखिका, शिक्षक हैं)



पढ़ना उन लोगों के लिए जरूरी है जो सामान्य स्थिति से ऊपर उठना चाहते हैं। पढ़ने की आदत के जीवन पर अनेक सकारात्मक प्रभाव होते हैं जिनमें बौद्धिक प्रेरणा से लेकर भावनात्मक बेहतरी तक शामिल हैं। नियमित रूप से पढ़ने के लिए समय निकालना अपने लिए लाभदायक है, फिर चाहे यह भौतिक पुस्तकों से हो या ई-पुस्तकों से। बरसात और ठंडक के समय गर्म कंबल में बैठ कर और एक कप काफी हाथ में लेकर अपनी पसंदीदा पुस्तक पढ़ने से अधिक आनन्द और कुछ नहीं हो सकता है।

नई किताबों की खुशबू किसी पुराने प्रेम की तरह है जैसे पुराने फूल, फोटो और पत्र बुकमार्क की तरह छिपाए जा सकते हैं और हमेशा आनन्ददायक उपहार की तरह होते हैं। तकनीकी प्रगति से उथलपुथल वाली दुनिया में कभी-कभी साहित्य से संपर्क एक महत्वपूर्ण परिवर्तन का कारण बन सकता है। परंपरागत रूप से किताब पढ़ने के तरीके का आजकल डिजिटल व आडियो समकक्षों से मुकाबला हो रहा है। आज जेब में ऐसी पुस्तक लाइब्रेरी रखना आसान हो गया है जहां लोग अपनी सुविधानुसार उनको देख सकते हैं। इससे किताबों की दूकान या पुस्तकालय तक जाने के झंझट से भी मुक्ति मिलती है और कोई भी अपनी मनपसंद पुस्तक डिजिटल रूप से चुन सकता है।

भौतिक पुस्तकों की तुलना में ई-बुक्स पर्यावरण हितैषी पहुंच प्रकट करती हैं क्योंकि इससे कागज की मांग कम होती है। इससे पेड़ों से लुगदी की मांग घटती है तथा उपभोक्ताओं तक किताबें पहुंचाने के लिए परिवहन व प्रिंटिंग सुविधाओं की जरूरत भी नहीं रहती है। भौतिक पुस्तकों के उत्पादन में अनेक प्रकार की सामग्री और प्रक्रियाओं की जरूरत होती है जिससे कचरा और प्रदूषण होता है। ई-बुक्स के लिए ऐसी विनिर्माण प्रक्रियाओं की जरूरत नहीं होती है और इस प्रकार इनके उत्पादन और कचरा निस्तारण में कमी से पर्यावरण फुटप्रिंट घटता है।



हालांकि, ई-बुक्स के लिए एलेक्ट्रानिक उपकरणों की जरूरत होती है जो ऊर्जा का उपभोग करते हैं, लेकिन ऊर्जा-सक्षम उपकरणों के प्रयोग, चार्जिंग के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के प्रयोग तथा दीर्घजीविता व भौतिक पुस्तकों की तुलना में एलेक्ट्रानिक उपकरणों के संभावित पुन: प्रयोग से पर्यावरण प्रभाव कम किया जा सकता है। लेकिन जब ये ई-बुक्स टेबलेट या फोन जैसे उपकरणों के माध्यम से मिलती हैं तो ध्यान भटकाने का बड़ा स्रोत भी साथ आता है और गंभीरता से पढ़ने का समय घटता है। इसके साथ ही ऐसे उपकरण मल्टीमीडिया संवर्धन जैसे वीडियो या इंटरएक्टिव तत्व प्रदान करते हैं जिससे पढ़ने के अनुभव में व्यवधान पड़ता है। हालांकि, यह व्यक्तिगत अनुभव पर निर्भर है। कुछ लोगों को भौतिक पुस्तकों का स्पर्श ही पसंद आता है।

अनेक शोध एवं अध्ययन ई-बुक्स पसंद में विभिन्न आयामों के अंत: संबंध स्पष्ट होते हैं। भौतिक पुस्तकें बेहतर समझदारी, उसे बनाए रखने तथा ज्यादा आरामदेह पाठन अनुभव देती हैं, जबकि ई-बुक्स सुविधाजनक, लाने ले जाने में आसान तथा लागत प्रभावी होती हैं। इस प्रकार पसंद का अवसर मुख्यत: विशिष्ट पाठक की आवश्यकताओं पर निर्भर करता है। एक पुस्तक में डूबने की तुलना में सोशल मीडिया की ई-ब्राउजिंग से छोटी-छोटी पोस्टों या लेखों का आनन्द उठाया जा सकता है, लेकिन अंतत: इनसे टिकाऊ व गहन अध्ययन की आदत कमजोर पड़ती है। तत्काल आनन्द व सोशल मीडिया का निरंतर अनोखापन पुस्तकें पढ़ने को तुलनात्मक रूप से कम आकर्षक तथा कम लाभकारी बनाता है।

पढ़ने का प्रयास करने के समय सोशल मीडिया चेक करने की प्रवृत्ति संकेन्द्रण तथा पाठन अनुभव में बाधा डालती है। ई-बुक्स बनाम भौतिक पुस्तकों के पर्यावरणीय प्रभाव में प्रयोग किए जा रहे उपकरणों की ऊर्जा दक्षता, बिजली के स्रोत तथा उपकरणों के प्रयोग की बारंबारता महत्वपूर्ण है। लेकिन इसके साथ ही प्रयोगकर्ता भौतिक पुस्तकों के विशिष्ट लाभों का वर्णन करते हैं। इसलिए पढ़ने की आदतों में संतुलन बनाए रखना जरूरी है। वैसे कुल मिला कर कहा जाए तो पुस्तकें पढ़ने के माध्यम से सीखने, विकास करने तथा आराम करने का कोई विकल्प नहीं है।

## आप की बात

### संसद का प्रथम सत्र

दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत में 18 वीं संसद का प्रथम सत्र नवनिर्मित संसद भवन में 24 जून को आरंभ हुआ। सभी भारतीयों को गौरवान्वित होना चाहिए कि हमारा लोकतंत्र लगातार मजबूत हुआ है और संसदीय प्रणाली के माध्यम से भारत में राजकाज सुचारू रूप से चल रहा है। भारत के 543 सांसदों से देश यह जरूर अपेक्षा करता है कि वे अपने क्षेत्र के मुद्दों को जरूर उठाएं, लेकिन जब बात राष्ट्र की सुरक्षा एवम राष्ट्र के मान-सम्मान की आए तो सभी सांसदों को एकजुटता का परिचय देते हुए पूरे विश्व में एकरूपता और एकजुटता का संदेश जरूर प्रसारित करना चाहिए। देश की सबसे बड़ी पंचायत प्रगति का आधार है और इसके कंधे पर भारत की सुरक्षा और संप्रभुता सुनिश्चित करने की भी जिम्मेदारी है। उम्मीद है कि सभी सांसद मर्यादित आचरण करते हुए करते हुए मां भारती की सेवा करेंगे। केंद्र सरकार से यह भी अपेक्षा करते हैं कि कानून-व्यवस्था एवं योजनाओं को लागू करते समय निष्पक्षता का परिचय दें और क्षेत्रवाद से उठकर पूरे देश के सभी लोकसभा क्षेत्रों में प्रगति सुनिश्चित करे। विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है कि वे संकुचित राजनीतिक व चुनावी लक्ष्यों से ऊपर उठ कर रचनाशील विपक्ष की भूमिका निभा कर सम्मान अर्जित करें।

- वीरेंद्र कुमार जाटव, दिल्ली

### आम की खूबियां

आम की खूबियों का जितना वर्णन किया जाए उतना कम है। शायद ही कोई फल ऐसा होगा जिसमें हजारों स्वाद हैं, कोई खट्टा मीठा रसीला खुशबूदार, कोई इतना बड़ा कि 1 किलो का एक आम तो कोई इतना छोटा कि 1 किलो में 20 चढ़ जाएं। आम के दीवाने पूरी दुनिया में है मगर भारत में इसकी दीवानगी सबसे ज्यादा है। क्वालिटी के हिसाब से इनके दामों में जमीन आसमान का फर्क है। अधिकतम 6 लख रुपए किलो से लेकर 20 रुपये किलो तक आम आपको मिल सकते हैं। उत्पादक क्षेत्रों से लेकर पूरे देश और विदेशों में सब के पास आम जाता है। चाहें तो आम पर एक ग्रंथ लिखा जा सकता है। मगर उसे मोटे ग्रंथ को पढ़ने के बाद आम के बारे में जो ज्ञान प्राप्त होगा वह ज्ञान आपको एक आम खाने मात्र से प्राप्त हो जाएगा। कोल्ड स्टोरेज की बदौलत इसे ठंडा कर 12 महीने उपलब्ध करवाया जाता है। वहीं कोल्ड ड्रिंक में रसायनों, रंगो और शक्कर की सहायता से ही आम का स्वाद देने की कोशिश की जाती है। आम के अचार, मुरब्बा, आम पापड़, स्लाइस, कैंडी के रूप में भी इसका 12 महीने स्वाद लिया जा सकता है। भारत का राष्ट्रीय फल होने के साथ इसे फलों का राजा भी कहा जाता है।

- सुभाष बुडावन वाला, रतलाम

### रूस-यूक्रेन युद्ध

रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि वाशिंगटन और कीव शांतिपूर्ण निवासियों पर जानबूझ कर किए मिसाइल हमले के जिम्मेदार हैं। उसका आरोप है कि अमेरिका द्वारा दी गई कुछ मिसाइलों का इस्तेमाल किया गया। इसमें तीन बच्चों सहित पांच लोगों की मौत हो गई और 120 से ज्यादा लोग घायल हो गए। लेकिन यह तथ्य अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि रूस भी यूक्रेन पर रोज हमला कर उसके स्कूलों, अस्पतालों, बाजारों, आवास स्थलों, आधारभूत संरचनाओं, बिजली उत्पादन केंद्रों को निशाना बनाता है जिसका सबसे ज्यादा नुकसान निरपराधी यूक्रेनी नागरिकों, बच्चों, महिलाओं और वृद्धों को उठाना पड़ रहा है। पिछले माह जर्मनी और अमेरिका ने यूक्रेन को छूट दे दी कि वो उनके द्वारा सप्लाई हथियारों का प्रयोग कर रूस के भीतर तक आक्रमण कर सकता है। रूस को इस आक्रमण के लिए खुलेआम चीन और उत्तर कोरिया जैसे तानाशाही देशों से मदद मिल रही है। ब्रिटेन के एक नेता ने यह कह कर हंगामा खड़ा कर दिया है कि अमेरिका ने ही रूस को यूक्रेन पर हमले के लिए उकसाया है। इस प्रकार रूस-यूक्रेन युद्ध में कोई दूध का धुला नहीं है, लेकिन इसका खामियाजा रूस और यूक्रेन की जनता भुगत रही है। यह युद्ध अब समाप्त होना ही चाहिए।

जंग बहादुर सिंह, जमशेदपुर

### ट्रेनों का संचालन

वाराणसी से दिल्ली जा रही वन्दे भारत के इंजिन में खराबी के चलते वो करीब एक घंटे यूपी में इटावा के पास भरथला में खड़ी रही। बताते हैं किसी पशु के टकराने से उसके इंजिन में खराबी आ गई थी जिसे रेलवे के तकनीकी स्टाफ ने ठीक कर ट्रेन को रवाना किया। पशु के टकराने से हुई खराबी एक अनहोनी हो सकती है, किन्तु पहले भी कई बार देखा गया है कि वन्दे भारत ट्रेनों में तकनीकी खराबी आती रही है और वो चलते-चलते रास्ते में रोकी गई। नई ट्रेन, नई बोगियां और नए इंजिन आदि होने के बावजूद इन ट्रेनों में बार-बार तकनीकी खराबी आना ठीक नहीं कहा जा सकता है। ट्रेनों के संचालन में तकनीक को उत्कृष्टतम बनाने के साथ रेलवे सुरक्षा और संरक्षा में समुचित संख्या में कर्मचारियों की भर्ती की जानी चाहिए। इस दिशा में देर से ही सही कुछ कदम उठाए जा रहे हैं। ट्रेनों के संचालन में मानवीय गलतियों के कारण पिछले दिनों कई दुर्घटनायें हुई हैं। इसलिए मानवीय श्रमशक्ति तथा तकनीकी स्टाफ की कमी की भरपाई केवल तकनीकों के प्रयोग से संभव नहीं लगती है। रेलों की सुरक्षा पर भी ध्यान देना चाहिए।

- शकुंतला महेश नेनावा, इंदौर

इस कॉलम में अपने विचार या प्रतिक्रिया भेजने के लिए हमारे ई-मेल pioneer.editorial@gmail.com पर भी भेज सकते है।

# एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्ययनरत छात्रों के भविष्य से खिलवाड़, जिम्मेदार मौन




पायनियर संवाददाता ✓ कवर्धा
www.dailypioneer.com

नई दिल्ली प्रवर्तित एवं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय आदिम जाति कल्याण, आवासीय एवं आश्रम शैक्षणिक संस्थान समिति द्वारा प्रदेश में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों का संचालन किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य जनजातीय वर्ग के विद्यार्थियों को उत्कृष्ट शिक्षा प्रदान किया जाकर सर्वांगीण विकास करना है । जिसके लिए प्रति विद्यार्थी एक साल में लगभग तीस हजार रूपए व्यय करने का प्रावधान है और वहां पर अध्यापन कार्य में लगे शिक्षको को लगभग एक लाख रुपए प्रतिमाह वेतन दिया जाता है लेकिन बारहवीं बोर्ड परिक्षा में विद्यालय का परिणाम महज बीस प्रतिशत आया है और अस्सी प्रतिशत छात्रों को संस्था से बाहर कर दिया जाता है जो जनजातीय वर्ग के बच्चो के भविष्य के साथ खिलवाड़ है । इन सबके ज़िम्मेदार आखिर कौन है और उसके ऊपर क्या कार्यवाही तय होगा ।ये बड़ी सवाल है।

### लाखो का पगार , परिणाम शून्य

कबीरधाम जिला के बोडला विकासखंड में आदिवासी जनजातीय वर्ग के लोग बहुतायत संख्या में निवास करते है । पहाड़ी इलाका होने के कारण जनजातीय बच्चे शिक्षा से वंचित न हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए एकलव्य आवासीय विद्यालय सरकार के द्वारा खोला गया है। वहां पर अध्ययन कर बच्चो को सभी प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है । छात्रों के पर्याप्त विषयवार शिक्षको की नियुक्ति किया गया है जिनका वेतन लगभग एक लाख रुपए प्रतिमाह है । बच्चो को अच्छी शिक्षा मिले इसके लिए अतिथि शिक्षक और कोचिंग की भी व्यवस्था समय समय पर किया जाता है लेकिन वहां पर तैनात शिक्षक बच्चो पर ध्यान नही देते जिसके चलते शिक्षा सत्र2023,24 में बारहवीं में मात्र 20 प्रतिशत ही विद्यालय का परिणाम आया है ।

### आदिवासी बच्चो भविष्य से खिलवाड़ जिम्मेदार कौन

एकलव्य आवासीय विद्यालय में कक्षा छठवीं से ही प्रवेश लिया जाता है और आवासीय शिक्षा दिया जाता है जिससे वहां अध्ययनरत छात्रों का परिक्षा परिणाम बेहतर हो और आदिवासी छात्र अपने भविष्य का बेहतर निमार्ण कर सके लेकिन यहां तो छात्रों के भविष्य को बेहतर बनाने के बजाए बद से बत्तर बना दिया है। इसके ज़िम्मेदार कौन है तरेंगांव पूरे जनजातीय वर्ग क्षेत्र के रूप में जाने जाते है इसलिए वहां इस विद्यालय की स्थापना किया है।

### एकलव्य के नाम को धूमिल कर रहे जिम्मेदार

महाभारत में वर्णित कथा के अनुसार एकलव्य धनुर्विद्या सीखने के उद्देश्य से द्रोणाचार्य के आश्रम में आये किन्तु निषादपुत्र होने के कारण द्रोणाचार्य ने उन्हें अपना शिष्य बनाना स्वीकार नहीं किया। निराश हो कर एकलव्य वन में चले गये । उन्होंने द्रोणाचार्य की एक मूर्ति बनाई और उस मूर्ति को गुरु मान कर धनुर्विद्या का अभ्यास करने लगे । एकाग्रचित्त से साधना करते हुये अल्पकाल में ही वह धनुर्विद्या में अत्यन्त निपुण हो गया। एक दिन पाण्डव तथा कौरव गुरु द्रोण के साथ आखेट के लिये उसी वन में गये जहाँ पर एकलव्य आश्रम बना कर धनुर्विद्या का अभ्यास कर रहा था। राजकुमारों का कुत्ता भटक कर एकलव्य के आश्रम में जा पहुँचा। एकलव्य को देख कर वह भौंकने लगा। कुत्ते के भौंकने से एकलव्य की साधना में बाधा पड़ रही थी अतः उसने अपने बाणों से कुत्ते का मुँह बंद कर दिया। एकलव्य ने इस कौशल से बाण चलाये थे कि कुत्ते को किसी प्रकार की चोट नहीं लगी। कुत्ते के लौटने पर कौरव, पांडव तथा स्वयं द्रोणाचार्य यह धनुर्कौशल देखकर दंग रह गए और बाण चलाने वाले की खोज करते हुए एकलव्य के पास पहुँचे। उन्हें यह जानकर और भी आश्चर्य हुआ कि द्रोणाचार्य को मानस गुरु मानकर एकलव्य ने स्वयं ही अभ्यास से यह विद्या प्राप्त की है लेकिन यहां पर लाखो रुपए पगार पाने वाले गुरुजनों के रहे बच्चो का भविष्य खराब कर रहे है।

# कुम्हारी मंडल भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्मरण किया डॉ श्याम प्रसाद मुखर्जी को



पायनियर संवाददाता ✓ कुम्हारी
www.dailypioneer.com

भारतीय जनता पार्टी कुम्हारी मंडल द्वारा जनसंघ के संस्थापक, प्रखर वक्ता, देश की एकता अखंडता के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर करने वाले अपने प्राणों का बलिदान देने वाले एवं एक देश एक निशान, एक विधान, एक प्रधान का मंत्र देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि कुम्हारी के वार्ड क्रमांक 15 सांसद कार्यालय में मनाई गई । सर्वप्रथम पुष्पांजलि कर दीप प्रज्वलित की गयी तथा उनको याद कर अमर शहीद के नारे लगाए गए। इस बलिदान दिवस कार्यक्रम के आयोजन के संचालक मंडल महामंत्री लोकेश साहू थे। कार्यक्रम में सर्वप्रथम प्रदेश किसान मोर्चा कार्य समिति सदस्य गोल्डी गोस्वामी ने कहा की एक देश में दो निशान, दो विधान, दो प्रधान नहीं चलेगा का मूल मंत्र देने वाले डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ही थे। भिलाई जिला किसान मोर्चा महामंत्री योगेश साहू ने कहा की इन्ही की विचारधारा से प्रेरित होकर 5 अगस्त 2019 को धारा 370 एवं आर्टिकल 35 को समाप्त किया गया। मुखर्जी जी ने मुस्लिम लीग की पश्चिम बंगाल विभाजन को अपने कुशल नेतृत्व एवं राष्ट्रवादी विचारधारा के द्वारा बंगाल का विभाजन नहीं होने दिया। वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश पाण्डेय ने कहा कि मुखर्जी जी कोलकाता के एक प्रतिष्ठित परिवार में जन्म लिया था,आप प्रखर राष्ट्रवादी नेता रहे, सबसे कम (32वर्ष) की उम्र में कोलकाता यूनिवर्सिटी के कुलपति बनने का गौरव प्राप्त हुआ। इंग्लैंड से बैरिस्टर की पढ़ाई करके लौटे एवं पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता एवं वित्त मंत्री के रूप में अपनी सेवाएं दी, 21 अक्टूबर 1951 को आप ने जनसंघ की स्थापना की। शासकीय महाविद्यालय सांसद प्रतिनिधि रामाधार शर्मा ने मुखर्जी के राष्ट्र के प्रति विचारों को याद कर उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित किए,उन्होंने कहा कि देश को नेहरू एवं शेख अब्दुल्ला परिवार विभाजन की नीति के तहत आज तक राज करते आ रहे हैं उनके इन्हीं नीतियों का पुरजोर विरोध डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने किया और आज ही के दिन 23 जून 1953 को जम्मू कश्मीर में उनकी रहस्यमई मौत हो गई थी कार्यक्रम का समापन एवं भिलाई जिला संगठन के निर्देशानुसार आगामी 6 जुलाई तक के विभिन्न कार्यक्रमों के बारे में जानकारी मंडल अध्यक्ष राजू निषाद के द्वारा दी गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मंडल अध्यक्ष पी.एन.दुबे, शासकीय हाई स्कूल सांसद प्रतिनिधि राम कुमार सोनी , मंडल महामंत्री धर्मेंद्र सिन्हा, वार्ड नंबर 15 पार्षद रागिनी निषाद, राजमहल एवं पार्षद ओंकार प्रसाद मारकंडे, पार्षद विनोद बंजारे, मंडल उपाध्यक्ष विरेंद्र सिंह, जिला कार्य समिति सदस्य तृप्ति चंद्राकर, पूर्व मोर्चा अध्यक्ष सुजीत यादव, पूर्व युवा मोर्चा महामंत्री सुमित द्विवेदी, मनहरण साहू, राजेश, सरस्वती डांडे एवं सुनील कुर्रे मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# मीठे जल को लेकर भाजपा कर रही है गंदी राजनीति

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने विगत दिनों बेमेतरा जिला भाजपा के द्वारा नगर पालिका घेराव की घोर निंदा करते हुए कहा है कि बेमेतरा की जनता को भरमाने का कार्य कर रही है भाजपा जबकि उन्हे बहुत अच्छी तरीके से मालूम है कि जल आवर्धन पेयजल योजना का शुभारंभ भाजपा के कार्यकाल में ही हुआ था और 16 करोड रुपए की बंदर बाट किस तरह की गई थी वह आम जनता अपनी आंखों से देख चुकी है पूर्व विधायक आशीष छाबड़ा ने अपनी ओर से बेहतर प्रयास किया कि बेमेतरा के सभी वार्डों में जल आवर्धन योजना अंतर्गत मीठे जल का वितरण हो सके किंतु पी एच ई विभाग की लापरवाही एवं भर्राशाही के चलते वह कार्य पूर्ण ना हो सका आज जब भाजपा सत्ता सरकार में है तो इस योजना को पी एच ई विभाग से पूरी करने के बजाय नगर पालिका के ऊपर दोष मढना भाजपाइयों का चरित्र दिखता है कि वह किस तरीके से आम जनमानस को भ्रमित करते हैं साथ ही साथ नगरपालिका अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आते ही नगरी निकायों से उनके वित्तीय अधिकारों में कटौती की गई है तथा नगर में चल रहे विकास कार्यों में रोडा अटकाया जा रहा है दूसरी भाजपा के पदाधिकारी इतना सब करके भी नगर पालिका को बदनाम करने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं ज्यादा अच्छा होगा कि नगर के भाजपाई भाजपा सत्ता सरकार से यह मांग करें कि पी एच ई विभाग जल्द से जल्द बेमेतरा शहर के सभी वार्डों में मीठे जलप्रदाय के लिए पाइप लाइन का विस्तार सभी वार्डों में करें कांग्रेस को बदनाम करने से समस्या का समाधान नहीं होगा अगर भाजपा चाहती की समस्या का समाधान हो तो अपनी सत्ता सरकार से नगर पालिका बेमेतरा को मदद करें।

# बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष ने विधायक दीपेश साहू एवं कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



बेमेतरा नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने विधायक एवं कलेक्टर बेमेतरा से मिलकर उन्हें ज्ञापन सौपा जिसमें उन्होंने मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा तथा नगर पालिका के निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के बीच संवादहीनता सहित विभिन्न मुद्दों को रखा है नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू ने कलेक्टर बेमेतरा से मांग की है कि नगर पालिका के माध्यम से होने वाले बस स्टैंड परिसर निर्माण को जल्द से जल्द पूर्ण करने के लिए कदम उठाए जाये साथ ही माता भद्रकाली तालाब एवं परिसर के अपूर्ण निर्माण एवं पाडेय तालाब का सौदरीकरण का अपूर्ण कार्य है बेमेतरा शहर के 6 चौक चौराहा एवं माता भद्रकाली प्रवेश द्वार के अपूर्ण कार्य को पूर्ण करने के लिए मुख्य नगर पालिका अधिकारी को आवश्यक निर्देश देने तथा डीएफ फंड का शेष राशि जारी करने एवं बेमेतरा शहर में जल आवर्धन योजना अंतर्गत पी एच ई विभाग को पाइपलाइन का विस्तार बचे हुये वाड मे करने हेतु आदेशित करने की बात लिखते हुए ज्ञापन सौपा गया है इस दौरान विधायक दीपेश साहू एवं कलेक्टर बेमेतरा ने नगरपालिका अध्यक्ष को आस्वस्त किया कि उनकी मांगों पर और नगर पालिका में व्याप्त समस्याओं को शीघ्र ही निराकृत किया जाएगा ज्ञापन सौंपने वालों में नगर पालिका अध्यक्ष शकुंतला मंगत साहू के साथ मनोज शर्मा रश्मि फनेंद्र मिश्रा रेहाना वाहिद रवानी घनश्याम देवांगन राजू साहू जया साहू रानी सेन सहित धर्म वर्मा पार्षदगण उपस्थित रहे।

# आंगनबाड़ी कार्यकर्ता–सहायिका पद हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com

बेमेतरा जिले की एकीकृत बाल विकास परियोजना साजा अंतर्गत वर्तमान में नवीन स्वीकृत पद एवं रिक्त पद हेतु आ. बा. कार्यकर्ता व सहायिका के पदों पर शासन द्वारा निर्धारित निर्देश एवं मानदंडों के अनुसार नियमानुसार नियुक्ति किया जाना हैं। इसके अंतर्गत एकीकृत बाल विकास परियोजना साजा अंतर्गत आं.बा. केन्द्र डोंगीतराई में आ.बा. कार्यकर्ता हेतु एवं आं.बा. केन्द्र कोपेडबरी एवं डोंगीतराई में आ.बा. सहायिका हेतु पद पर आवेदन आमंत्रित किया गया है। आवेदन संबंधित ग्राम की आवेदिकाओ द्वारा आवेदन पत्र भरकर निर्धारित तिथि में 25 जून 2024 से 09 जुलाई 2024 तक एकीकृत बाल विकास परियोजना कार्यालय साजा में कार्यालयीन समय 10:00 से 5:30 बजे तक सीधे अथवा पंजीकृत डाक द्वारा जमा किये जायेगे। निर्धारित तिथि के पश्चात् प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किये जावेगे। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पद के लिए निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता नये या पुराने पाठ्यक्रम में हायर सेकंडरी बोर्ड परीक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वहीं आंगनबाड़ी सहायिका पद हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8 वीं परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए। आवेदिका की आयु 18 से 44 वर्ष के मध्य होना चाहिए। एक वर्ष या अधिक सेवा अनुभव रखने वाले अभ्यर्थियों को आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट दी जाएगी। आवेदिका को ग्रामीण क्षेत्रों में उसी ग्राम की स्थानीय निवासी होनी चाहिए जिस ग्राम में आंगनबाड़ी केन्द्र के लिए विज्ञापन जारी हुआ है। तथा नगरीय क्षेत्र में उसी वार्ड की निवासी होनी चाहिए जिस वार्ड हेतु विज्ञापन जारी हुआ है।

# राजहरा के भविष्य को संवारने के लिए शीघ्र किया जाएगा विशाल आंदोलन : गोविंद वाधवानी

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर के भविष्य को सवारने के लिए राजहरा के निवासियों के द्वारा एक बार फिर राजहरा व्यापारी संघ के बैनर तले आंदोलन की तैयारी किया जा रहा है द्य अगर राजहरा के इतिहास के बारे में सोचे तो आज से 10 साल पहले दल्ली राजहरा में लगभग एक लाख की जनसंख्या हुआ करती थी । आज वह सिमट कर मात्र 40-45 हजार के लगभग हो गयी है । दल्ली राजहरा में तहसील कार्यालय था जिसे डौंडी को तहसील बनाकर वहां स्थानांतरित कर दिया गया। दल्ली राजहरा में बीएसपी द्वारा संचालित हाई स्कूल क्रमांक 1, 2 और 3 था पर अब तीनों ही बंद हो चुकी है द्य प्राथमिक शाला क्रमांक 6, 22, 28, 30 और था वह भी बंद हो चुका है। सीनियर सेकेंडरी स्कूल जिसमें इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई होती थी वह भी अब बंद हो चुका है द्य उसके जगह DAV स्कूल संचालित हो रहा है दल्ली राजहरा के बीएसपी क्षेत्र में इतने सारे क्वार्टर बने हुए हैं वह भी खंडहर हो चुका है । रविवार को लगने वाले बाजार विशाल हुआ करता था जहां सब्जी लेने जाने के लिए पैर रखने की भी जगह नहीं थी लेकिन अब आप जाकर देखेंगे तो आप साइकिल और मोटरसाइकिल लेकर भी पूरे बाजार में घूम सकते हैं इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है की दल्ली राजहरा किसी और दिशा की तरह जा रहा है। राजहरा व्यापारी संघ के अध्यक्ष गोविंद वाधवानी ने बताया कि दल्ली राजहरा दिनों-दिन विनाश के कगार पर बढ़ता जा रहा है । यहां स्थापित हुए विभिन्न सरकारी संस्थाओं को सरकार कूटनीति की तहत दल्ली राजहरा से हटाकर अन्य जगहों पर भेजने की तैयारी में लगा हुआ है द्य जिसका ताजा उदहारण है दल्ली राजहरा में तहसील कार्यालय हुआ करता था उसे डौंडी में स्थानांतरित कर दिया गया है। कई दिनों से राजहरा वासियों की मांग थी कि राजहरा बालोत तहसील का बड़ा शहर है इस नाते से जिला का दर्जा दिया जाए लेकिन सरकार के द्वारा बालोद को जिला बना दिया। फिर बात आई दल्ली राजहरा में खुलने वाले केंद्रीय विद्यालय की लेकिन सरकार के द्वारा उसके लिए भी जगह का चुनाव कर दिया गया था द्यलेकिन अब जानकारी मिल रही है कि उस जगह को कैंसिल कर दिया गया है। इस संबंध में जब कलेक्टर से जानकारी चाही तो उन्होंने अभिनज्ञता जाहिर की। जब अपर कलेक्टर से बात किया गया तब उन्होंने कहा कि जो टीम देखने के आई थी , उनको जगह पसंद नहीं आया। राजहरा में खेल कॉरिडोर बनाने का प्रस्ताव आया था यह भी जानकारी मिली है कि उसे भी बालोद में बनाने के लिए दबाव बना रहे हैं। दूसरी ओर मेडिकल कॉलेज भी सरकार के द्वारा बालोद में बनाया जाएगा । बालोद के आसपास क्षेत्र को सरकार के द्वारा पूरी तरह से डेवलप किया जा रहा है। स्कूल कॉलेज विभिन्न सरकारी गैर सरकारी संस्थाएं बालोद में ही खुल रही है जबकि दल्ली राजहरा जिले का सबसे बड़ा शहर होने के बावजूद अपने दुर्दशा पर आंसू बहा रहा है और उजड़ने के कगार पर है। यहां बीएसपी के कई बिल्डिंग खाली पड़ी हुई है इसके बावजूद सरकार के द्वारा राजहरा के साथ छल किया जा रहा है। पिछले वर्ष जून के आसपास विशाल आंदोलन किया गया था द्य सरकार के द्वारा हमारे सभी मांगों को पूरा करने के लिए 6 माह का समय मांगा गया था द्य तब जाकर आंदोलन खत्म हुआ था द्य हमारी मांग थी कि दल्ली राजहरा में एक 100 बिस्तर का सरकारी अस्पताल बना कर दिया जाए। लेकिन 100 बिस्तर के बजाय 30 बिस्तर का अस्पताल बनाकर दिया गया है उसमें भी ना तो डॉक्टर है और ना ही स्टाफ। दल्ली राजहरा के निवासियों के द्वारा वर्षों से बायपास रोड की मांग की जा रही है उसे भी सरकार के द्वारा अनसुना कर दिया जा रहा है। हर वर्ष 10 से 20 व्यक्ति बायपास रोड के अभाव में मौत के कगार पर जा रहे हैं। उद्योग लगाने के लिए भी दल्ली राजहरा में पर्याप्त जगह है इसके बावजूद सरकार की ओर से इस संबंध में कुछ भी पहल अभी तक नहीं किया गया है।

# भाजपा के सौरभ लूनिया ने की खेल मंत्री से मुलाकात

## दल्लीराजहरा को जल्द ही मिल सकती है बड़ी सौगात

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



भाजपा नेता सौरभ लूनिया ने खेल मंत्री टंक राम वर्मा से मुलाकात कर दल्लीराजहरा में खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए मल्टीस्टोर खेल परिसर बनाने की मांग की है। लूनिया ने बताया कि दल्लीराजहरा सहित आसपास का क्षेत्र खेल प्रतिभाओं से भरा हुआ है यहां से राज्य स्तर एवं राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी बाहर निकलते हैं खेल प्रतिभा को बढ़ाने के लिए अगर यहाँ एक मल्टी स्टोरी स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स ग्राउंड का निर्माण किया जाता है तो इस क्षेत्र के साथक्क्साथ संपूर्ण बालोद जिला के युवाओं को इसका बड़ा लाभ मिलेगा। सौरव लूनिया ने मंत्री से मुलाकात कर कहा कि खेलो इंडिया के तहत लगभग 5 से 10 एकड़ में एक बड़ा स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स का निर्माण किया जाए ।उनकी मांग पर मंत्री ने तत्काल अधिकारियों को निर्देशित किया व जगह चयन की प्रक्रिया की शुरुवात करने को कहा। राजहरा सहित बालोद जिले को इसका लाभ मिलेगा। सौरभ लूनिया ने खेल मंत्री टंक राम वर्मा को धन्यवाद ज्ञापित किया। ज्ञात हो की जब से भारतीय जनता पार्टी की सरकार छत्तीसगढ़ राज्य में बनी है सौरभ लुनिया दल्ली राजहरा नगर के विकास के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं।

### सिस्टम और नौकरशाहों की बड़ी लापरवाही ...

# कलेक्टर जनदर्शन पहुचे किसान ने कहा, मैं जिंदा हूं साहब

पायनियर संवाददाता ✓ बालोद
www.dailypioneer.com



जिले में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। सिस्टम और नौकरशाहो की लापरवाही के कारण एक पात्र व जीवित व्यक्ति को 2021 से पहले मिल रही पीएम किसान सम्मान निधि की राशि को किसी दूसरे मृत हुए व्यक्ति के परिजन को दी जा रही है। यह भारी चूक एक जैसा नाम और आरईओ द्वारा फिजिकल वेरिफिकेशन के दौरान बरती गई लापरवाही की वजह से हुई हैं। दरअसल गुरुर ब्लॉक के ग्राम भोथली निवासी किसान खिलानंद साहू पिता जीवनलाल साहू को 2021 के बाद से प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की राशि नही मिल रही हैं। 2021 के पूर्व उन्हें सम्मान निधि राशि प्राप्त हो रही थी। 29 जुलाई 2019 को इनका पीएम किसान सम्मान निधि राशि के लिए रजिस्ट्रेशन हुआ था, जिसके बाद से ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू को 5 किश्त किसान सम्मान निधि की प्राप्त हुई है। लेकिन 2021 के बाद से इन्हें राशि खाते में आना बंद हो गई। जिसकी जानकारी के लिए ख़िलानंद साहू ने जब गुरुर के कृषि विस्तार अधिकारी और आरईओ से पूछा तो उन्होंने बताया कि गांव में ही एक ख़िलानंद साहू पिता बुधारू राम साहू की मृत्यु कोरोना काल के दौरान 2020 में हो गई थी, जब मृत हुए ख़िलानंद साहू के पुत्र को वेरिफिकेशन के लिए आरईओ केडी साहू ने बुलाकर पूछा तो मृतक के पुत्र ने वेरिफिकेशन के दौरान रजिस्ट्रेशन में दर्शाएं गए मोबाइल नम्बर को पिता का होना बताया। जबकि रजिस्ट्रेशन में दर्ज नम्बर ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू का है। इस गड़बड़ी और आरईओ द्वारा की लापरवाही के चलते जिस ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू के खाते में किसान सम्मान निधि की राशि न जाकर मृतक स्व. ख़िलानंद साहू पिता बुधारू राम साहू के परिजन के खाते में जा रही है। जिसके चलते 2021 से सम्मान निधि की राशि पाने पात्र किसान ख़िलानंद साहू कृषि विभाग के चक्कर पे चक्कर लगा रहा है। और जब अंततः वो 3 वर्ष बाद हार गया, तब मंगलवार को उसने कलेक्टर जनदर्शन में न्याय की गुहार लगाते हुए, खुद के जिंदा होने का प्रमाण दिया। किसान ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू ने जनदर्शन में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंप प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि राशि दिलाने की मांग की। किसान ख़िलानंद साहू पिता जीवनलाल साहू ने आरोप लगाया कि कृषि विभाग द्वारा सम्मान निधि से उनका नाम कांट दिये जाने की वजह से उनके खाते में राशि नहीं आ रही हैं। जिसके कारण कृषि विभाग में कई बार सम्पर्क कर चुका हूं, लेकिन हाथ सिर्फ निराशा लगी। किसान ख़िलानंद ने पीएम किसान सम्मान निधि में पुनः नाम जोड़कर जल्द से जल्द राशि दिलाने की मांग की हैं।

### राज्य नोडल से एक्टिव होना शेष- आरईओ

कृषि विभाग के आरईओ केडी साहू ने बताया कि 2021 का मामला है, जो पेडिंग है। फिजिकल वेरिफिकेशन में आया था, उसी नाम के दो व्यक्ति थे, और जो लिस्ट भेजा गया था उसमें सिर्फ कृषक का नाम था और मोबाइल नम्बर था, पिता और आधार नम्बर नही था। मेरे द्वारा मृतक के लड़के को बुलाया गया था, पहचान के लिए, ताकि मोबाइल नम्बर के आधार पर वेरिफाई हो जाये। तो मृतक ख़िलानंद साहू पिता बुधारू राम साहू के बेटे ने गलत मोबाइल नम्बर को अपना बताया, जबकि वह मोबाइल नम्बर ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू का था। मृतक के बेटे ने झूठ बोलकर मोबाइल नम्बर की पहचान की। आरईओ केडी साहू ने बताया कि जैसे ही संज्ञान में आया कि यह गलत हो गया है, तो मैं 2021 में सुधार हेतु कार्यालय को सूचित कर दिया था। और ईमेल भी करवाया। फिर कार्यालय से भी पत्राचार हुआ, और डीडीए कार्यालय से राज्य नोडल रायपुर को सुधार करने पत्र लिखे हैं। स्टेट्स ओके हो चुका है, बस राज्य नोडल से जारी होना बाकी हैं। केडी साहू ने आगे बताया कि खिलानंद साहू पिता बुधारू राम की मौत 2020 कोरोना के दौरान हुई थी। और पात्र ख़िलानंद साहू पिता जीवन लाल साहू को 5 किश्त सम्मान निधि की मिल चुकी हैं।

# भाजपाइयों ने अर्पित की पुष्पांजलि, मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि

पायनियर संवाददाता ✓ दल्लीराजहरा
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत चिखलाकसा अंतर्गत मुख्य चौराहा अटल चौक में भारतीय जनता पार्टी ने जनसंघ के संस्थापक डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की पुण्यतिथि मनाई। सर्वप्रथम सभी ने पुष्पांजलि अर्पित कर डॉ श्यामा प्रसाद की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस के रूप में मनाया गया। इसके पश्चात डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला।जिला मंत्री भाजपा अनिता कुमेटी ने बताया कि डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी का नाम जब भी सामने आता है तो एक हिंदूवादी नेता की छवि उभरती है. उनको जनसंघ का संस्थापक तो माना ही जाता है, जो बाद में भारतीय जनता पार्टी बनी पर एक देश, एक निशान, एक विधान और एक प्रधान के संकल्प के अगुवाकार के रूप में भी उनको जाना जाता है. हालांकि, भारत के विकास में भी उनका बड़ा योगदान रहा। इस दौरान भिखी मसिया अध्यक्ष नगर पंचायत चिखलाकसा, उपाध्यक्ष अब्दुल इब्राहिम सैयद, भरत पटेल , पार्षद गण विमला जैन, लता पाथोड़े, संगीता साहू, विजय डड़सेना, तिहरु आर्य, ताराचंद पाथोड़े, युवा नेता तुषार साहू, सचिन मेश्राम सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे। डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई, 1901 को एक संभ्रांत परिवार में हुआ था। महानता के सभी गुण उन्हें विरासत में मिले थे। उनके पिता आशुतोष बाबू अपने जमाने ख्यात शिक्षाविद् थे। अगस्त 1947 को स्वतंत्र भारत के प्रथम मंत्रिमंडल में एक गैर-कांग्रेसी मंत्री के रूप में उन्होंने वित्त मंत्रालय का काम संभाला। डॉ. मुखर्जी ने चितरंजन में रेल इंजन का कारखाना, विशाखापट्टनम में जहाज बनाने का कारखाना एवं बिहार में खाद का कारखाने स्थापित करवाए। उनके सहयोग से ही हैदराबाद निजाम को भारत में विलय होना पड़ा। मुखर्जी की 23 जून, 1953 को मृत्यु की घोषणा की गईं। बंगाल ने कितने ही क्रांतिकारियों को जन्म दिया है, उनमें से एक महान क्रांतिकारी डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी थे। बंगभूमि से पैदा डॉ. मुखर्जी ने अपनी प्रतिभा से समाज को चमत्कृत कर दिया था।

# विद्यार्थी एवं आरटीई विद्यार्थियों के मध्य शाला प्रबंधन द्वारा न हो असमानता का व्यवहार : कलेक्टर

**कलेक्टर ने ली शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) के अंतर्गत जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्यों की बैठक**

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



कलेक्टर आकाश छिकारा ने आज जिला मुख्यालय स्थित जिला पंचायत के पास ऑडिटोरियम भवन में शिक्षा के अधिकार अधिनियम (आर.टी.ई.) के अंतर्गत जिले में संचालित अशासकीय विद्यालयों प्राचार्यों की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि निःशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा का अधिकार अधिनियम के तहत प्रत्येक बच्चे को शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है। सभी बच्चों को शिक्षा का अवसर मिलना चाहिए। हर एक बच्चा शिक्षित होना चाहिए। उन्होंने कहा कि निजी विद्यालयों में आरटीई के तहत कोई भी बच्चा प्रवेश करता है, तो उसके साथ वैसा ही व्यवहार करें जिस प्रकार सामान्य तौर पर प्रवेशित बच्चों के साथ व्यवहार करते हैं। ऐसा नहीं करने या शिकायत प्राप्त होने पर संबंधितों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने जिले में शत प्रतिशत आईटीई की सीट भरने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। उन्होंने पिछले सत्र में ड्राफ्ट आऊट विद्यार्थियों की जानकारी लेते हुए कहा कि इस बात पर ध्यान देने की आवश्यकता है कि जो बच्चे ड्राफ्ट आऊट हुए हैं उसका कारण का पता लगाकर उन्हें एवं उनके पालकों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सत्र 2024-25 में आर.टी.ई. के तहत प्रवेशित विद्यार्थियों की जानकारी तथा निर्धारित समय तक दाखिला कार्य पूर्ण करने की तैयारी के संबंध आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा आर.टी.ई. के तहत मेंटॉर नियुक्त किया जाएगा। मेंटॉर पालक व विद्यालय प्रबंधन के मध्य समन्वय स्थापित करेंगे। मेंटॉर द्वारा ड्राफ्ट आऊट बच्चों के पालकों को प्रेरित करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि ऐसे आर.टी.ई. नोडल अधिकारी, जो वर्तमान में सेवा निवृत्त, थानांतरण, मृत्यु हो चुके है, उनके स्थान पर वर्तमान प्रभारी की जानकारी उपलब्ध कराने कहा गया, ताकि आर.टी.ई. पोर्टल में नाम परिर्वतन किया जा सके। बैठक में सहायक कलेक्टर दुर्गा प्रसाद अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी अश्वनी भारद्वाज सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी, नोडल अधिकारी, निजी विद्यालयों के प्राचार्य एवं प्रधान पाठक उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरों से प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही करते हुए आरोपी को नवागढ़ पुलिस ने किया गिरफ्तार

- **आरोपी द्वारा फेसबुक व सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील वीडियो मोबाईल से किया गया था प्रसारित**

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



पुलिस अधीक्षक जांजगीर चाम्पा के निर्देशन में हमर पुलिस हमर संग कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जिसके तहत् महिलाओं/ नाबालिक बच्चों पर घटित अपराधों को गंभीरता से लेते हुये थाना/ सायबर सेल में प्राप्त राष्ट्रीय अपराध रिकार्ड ब्यूरो जो कि 24 घंटे आनलाईन फेस बुक, इंस्ट्राग्राम में नजर बनायें रखने से जो लोग बाल अश्लीलता से संबंधित विडियों देखते तथा पोस्ट करते है उनके ऊपर कार्यवाही करने हेतु जहां पर व्यक्ति द्वारा सर्वर का उपयोग किया है से संबंधित सायबर सेल जिला पुलिस को सूचित करता है, जिसको सायबर पुलिस जांजगीर द्वारा गंभीरता से लेते हुयें विधिवत् कार्यवाही कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में अति पुलिस अधीक्षक के कुशल मार्गदर्शन में थाना नवागढ़ पुलिस द्वारा कार्यवाही किया गया जिसमें आरोपी सुब्रतो कुंडू पिता अशोक कुंडू उम्र 25 साल निवासी नवागढ़ जिला जांजगीर-चाम्पा के द्वारा फेसबुक सोशल मीडिया के माध्यम से अश्लील विडियो अपललोड कर प्रसारित करना पायें जाने से घटना के समय प्रयोग में लाया गया सीम को बरामद किया जाकर आरोपी के विरूद्ध विरूद्ध धारा सूचना प्रौद्योगिक अधिनियम 2000 की धारा 67 (बी) के तहत् विधिवत् कार्यवाही कर 24.04.2024 को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया। सोशल मीडिया में महिला एवं बच्चों से संबंधित अश्लील फोटो विडियों साझा न करें। सायबर पुलिस द्वारा शोसल मीडिया साईट्स में ऑटोमेटेड साफ्टवेयर से नजर रखी जा रही है। सोशल मीडिया साईट्स में किया गया पोस्ट मैसेज आपका व्यक्तिगत् नहीं होता है, आप जो पोस्ट या मैसेज साझा करते है, वो एक से अनेक लोगो को प्रसारित होता जाता है। किसी भी मैसेज या फोटो विडियों को फारवर्ड करने से पूर्व उसकी सत्यता की जांच कर ले, सत्यता से अंजान होने पर उसे फारवर्ड न करें। सायबर सेल पुलिस जांजगीर द्वारा वर्तमान में शोसल मीडिया पर अश्लील फोटो विडियों पोस्ट किये गये लोगो पर साईबर टिपलाईन रिपोर्ट के आधार पर लगातार की जा रही है कार्यवाही। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक भास्कर शर्मा थाना प्रभारी नवागढ़, महिला प्रआर स्वाती गिरोलकर, आर. बलराम यादव एवं प्रआर विवेक सिंह सायबर सेल जांजगीर का सराहनीय योगदान रहा।

# ट्रैक्टरों से अवैध रूप से दुलाई से जनता परेशान

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com



ट्रैक्टर मालिक इतना चालाक हो चुके हैं, कि वह जब ट्रैक्टर खरीदते समय यह का कर लेते हैं कि यह ट्रैक्टर का उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए किया जाएगा और शपथ पत्र अपने स्वयं भरकर ट्रैक्टर मालिक को देते हैं लेकिन देखने वाली बात यह आती है कि ट्रैक्टर तो किस्तों में खरीद लेते हैं लेकिन उनका उपयोग सीधा व्यवसाय के लिए किया जाता है जबकि यह ट्रैक्टर का उपयोग केवल कृषि कार्य के लिए ही उपयोग में ले जाने के लिए शपथ या बान्ड भरा जाता है।

ट्रैक्टर के मालिक कृषि कार्य ना करते हुए उस ट्रैक्टर का उपयोग व्यवसाय के लिए किया जा रहा है। जिसमें की रेत (बालू) गिटटी, ईट व्यवसाय के लिए किया जा रहा है जिसमें की रेट, गिट्टी, ईट, पत्थर के जरिए वे मुख्य ट्रैक्टर को ही अपना व्यवसाय साधन बना बैठे हैं लेकिन मजेदार बात यह है कि पुलिस विभाग भी इन पर । किसी प्रकार की कार्यवाही नहीं करने से ट्रैक्टर व्यवसाय चलाने वालों के हौसले बुलंद होते जा रहे हैं इससे यह सब जाहिर होता है कि ट्रैक्टर एवं पुलिस की मिली भगत की वजह से बेखौप ट्रैक्टर सड़कों पर दौड़ रहे हैं जहां पर नदी को चीर कर रेत को या बालू नदी से निकलकर अवैध बिक्री कर रहे हैं । खनिज विभाग भी उतना सक्रियता के साथ उन्हें पकड़ नहीं रही है। यदि कोई जिला से अधिकारी जाता है तो उनके मुखबिर के द्वारा उन्हें सूचना मिल जाती है और उस दिन वह रेत, ईट ,पत्थर एव गिटटी का परिवहन नहीं करते।

# राजस्व अभिलेख में लिपिकीय त्रुटि सुधार की जिम्मेदारी पटवारीयों को मिले : सुदर्शन मानिकपुरी

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



लिपिकीय त्रुटियों की वजह से लगातार पूरे प्रदेश में किसानों को सुधार कार्य हेतु एसडीएम कार्यालय का चक्कर लगाना पड़ रहा है वही छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा बनाए गए ऑन लाइन पोर्टल भुइयां में हमेशा सर्वर डाउन की समस्या बनी रहती है जिसकी वजह से भोले भाले किसान ठोकर खाने को मजबूर हैं, किसानों की समस्या को गंभीरता से समझते हुए छत्तीसगढ़ निर्माण मजदूर महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष सुदर्शन मानिकपुरी ने विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह से मुलाकात की और समस्या पर लिखित आवेदन देते हुए उनसे निवेदन किया कि वह छत्तीसगढ़ शासन के राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा को को अवगत कराते हुए किसानों की समस्या को शीघ्र अति शीघ्र दूर करें, विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह ने सुदर्शन मानिकपुरी द्वारा संज्ञान में लाए गए विषय को संवेदनशीलता से लेते हुए तत्काल विभाग के मंत्री टंकराम वर्मा को लिखित समस्या से अवगत कराते हुए कहा कि इस समस्या का निराकरण जल्द से जल्द किसानों के हित में किया जाए ।पूर्व के सरकार के बनाएं नियमों की वजह से आज किसानों को समस्या से दो-चार होना पड़ रहा है जिसका निराकरण शीघ्र किया जाना चाहिए सुदर्शन मानिकपुरी ने बताया कि वह लगातार जनहित के मुद्दों को उठाते रहे हैं और किसानों की इस समस्या से वह बहुत ज्यादा आहत है और जितनी जल्दी इस समस्या से किसानों को छुटकारा मिले उतना प्रदेश के किसानों के और सरकार के हित में होगा।

# धीवर समाज महासभा बिलासपुर संभाग का चुनाव हुआ संपन्न,देवव्रत भीष्म (संजू) बने अध्यक्ष

**जैजैपुर में हुआ 22 जून को धीवर समाज महासभा का अध्यक्ष चुनाव**

पायनियर संवाददाता ◄ जांजगीर-चांपा
www.dailypioneer.com



धीवर समाज महासभा बिलासपुर संभाग अध्यक्ष पद का चुनाव 22 जून शनिवार को नगर पंचायत जैजैपुर में गुप्त मतदान से शांति पूर्ण तरीके से सम्पन्न हुआ। जहां सुबह 10 बजे सदभावना भवन में प्रभु भगवान श्रीराम के तैल चित्र पर पुजा अर्चना कर निर्वाचन हेतु स्वजातीय अतिथियों द्वारा नामांकन का कार्य प्रारंभ किया गया। जो 11 बजे तक का समय निर्धारित की गई थी। 11:30 बजे तक नाम वापसी का समय दिया गया था। तत्पश्चात प्रत्याशियों को चुनाव चिन्ह आबंटित किया गया। जिसमें आरती लाल धीवर निवासी कपिस्दा को उगता सूरज छाप, गिरजा शंकर धीवर निवासी भटगांव को नारियल पेड़ छाप, देवव्रत भीष्म (संजू) निवासी केरा को शंख छाप, लच्छराम धीवर निवासी टुण्ड्रा को चश्मा छाप, संतोष धीवर निवासी तिलकेजा को बोरिंग छाप आबंटित किया गया।चुनाव पदाधिकारियों द्वारा 12 बजे से मतदान प्रारंभ किया गया, जो शाम 5 बजे तक चली। उसके पश्चात मतों की गिनती शुरू हुआ। जिसमें दुसरे राउंड से ही देवव्रत भीष्म (संजू) ने बढ़त बनाई थी। जो छठवें राऊंड तक बढती गई। जिसमें देवव्रत भीष्म (संजू) को 1142 मत मिले। तो वहीं प्रतिद्वंद्वी रहे लच्छराम धीवर को 542 मत, गिरजा शंकर धीवर को 449 मत, आरती लाल धीवर को 73 मत, संतोष धीवर को 41 मत मिले तथा 35 मत निरस्त हुए। देवव्रत भीष्म (संजू) 600 मतों से विजयी घोषित हुए। इस बार धीवर समाज के स्वजातीय बंधुओं, माताओं, बहनों सहित युवा वर्ग ने भारी उत्साह के साथ अपने मताधिकार का शत-प्रतिशत उपयोग किया। नव निर्वाचित महासभा अध्यक्ष देवव्रत भीष्म (संजू) ने सभी स्वजातीय बंधुओं, माताओं, बहनों का दंडवत प्रणाम कर अपने जीत के लिए आभार व्यक्त किया। धीवर समाज के स्वजातीय बंधुओं, युवाओं ने नवनिर्वाचित महासभा अध्यक्ष देवव्रत भीष्म (संजू) का फूल माला और गुलाल से बधाई व शुभकामनाएं दी। जिसमें आर एल धीवर एस डी ओ, नवीन धीवर, सनत धीवर,सनत रॉयल, रामबनवास धीवर (मिडिया प्रभारी), शिवशंकर धीवर, अनदराम, बंशीलाल, प्रह्लाद, चंदन ढीमरा, भरत लाल धीवर, भागीरथी धीवर रेंज अध्यक्ष नवागढ़, रामेश्वर बनारी, विजयकांत कोसा, भोपाल राम मेऊ, घसिया धीवर, रंजित, बजरंग धीवर, पुनिराम, रथराम ,अवरीद पुरुषोत्तम धीवर,अक्षय धीवर, श्यामलाल भोजपुर, शिव, संतोष धीवर ,जय धीवर सरखों नेतराम, नंदलाल, ताराचंद, बलराम, मनीष भीष्म, चंदन धीवर, देवेन्द्र धीवर, कन्हैयालाल धीवर, पवन धीवर, नरेंद्र धीवर, अमर धीवर, प्रभात धीवर, अर्जुन धीवर, शेखर धीवर, पंकज धीवर, गोपाल धीवर, महेंद्र धीवर, राहुल धीवर, कल्याण प्रसाद धीवर सहित हजारो के संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थिति देकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

# बाराद्वार के युवा समाजसेवी आयुष शर्मा बनाए गए विप्र फाउंडेशन के जिला अध्यक्ष

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com



बाराद्वार शहर के प्रतिष्ठित अन्नपूर्णा परिवार के वरिष्ठ सदस्य एवं भाजपा नेता दिनेश शर्मा के सुपुत्र, तथा उमेश शर्मा एवं महेश शर्मा के भतीजे आयुष शर्मा को विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ द्वारा जांजगीर चांपा एवम सक्ति जिले के अध्यक्ष की जिम्मेदारी दी गई है, तथा उपरोक्त नियुक्ति विप्र फाउंडेशन छत्तीसगढ़ के प्रदेश अध्यक्ष कचरू राम शर्मा राजनांदगांव द्वारा 24 जून 2024 को की गई है,ज्ञात हो की आयुष शर्मा बाराद्वार के प्रतिष्ठित अन्नपूर्णा प्रतिष्ठान के सदस्य एवं भाजपा नेता दिनेश शर्मा के सुपुत्र हैं तथा आयुष शर्मा की नियुक्ति पर जहां विप्र समाज के बंधुओ में हर्ष व्याप्त है, तो वहीं समाज बंधुओ ने कहा है कि आयुष शर्मा के नेतृत्व में विप्र फाउंडेशन को जांजगीर चांपा एवम सक्ति जिले में मजबूती मिलेगी, तो वहीं आयुष शर्मा ने भी अपनी इस नियुक्ति पर कहा है कि समाज के वरिष्ठ जनों ने उन्हें जो बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है, वे सभी के मार्गदर्शन एवं सहयोग से पूरे जांजगीर चांपा एवं सक्ति जिले के सभी स्थानों पर विप्र फाउंडेशन के संगठन को मजबूत बनाएंगे तथा समाज बंधुओ को इस संगठन की मुख्य धारा से जोड़कर उन्हें सक्रिय रूप से समाज के प्रत्येक कार्यक्रमों में उनकी भागीदारी हो इस दिशा में कार्य करेंगे, ज्ञात हो की छत्तीसगढ़ प्रदेश में विप्र फाउंडेशन द्वारा समाज हित में एवं जन सेवा की दृष्टि से अनेकों कार्य किये जा रहे हैं, तथा 24 जून को छत्तीसगढ़ प्रदेश में नई कार्यकारिणी का गठन किया गया है, जिसमें प्रत्येक जिलों में अध्यक्ष सहित प्रांतीय स्तर पर भी समाज के वरिष्ठ जनों को नई जिम्मेदारी सौंपी गई है एवं विप्र फाउंडेशन की इस नवगठित कार्यकारिणी पर समाज बंधुओ में भी प्रसन्नता देखी जा रही है।

# 46 लाख 42 हजार रुपये का गबन का आरोप सरपंच-सचिव के खिलाफ अब तक कायवाही नहीं

- कलेक्टर के दोबारा आदेश के बावजूद अब तक कोई जाच नहीं

पायनियर संवाददाता ◄ जैजैपुर
www.dailypioneer.com

शासन ने महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा जरूर दिया है लेकिन जहां पर देखा जाए तो उनके पति या प्रतिनिधि ही सरपंच का कार्य संभालते हुए नजर आएंगे केवल सरपंच एक मोहरा बना हुआ है। चाहे वह जनपद सदस्य हो चाहे सरपंच हो या पंच लेकिन उनका कार्यभार उनके बच्चे पति या प्रतिनिधि ही संभालते हैं। महिला प्रतिनिधि को पुरुष वर्ग अपना गुलाम बनाकर रखें हुए हैं जब तक की खुलकर सामने महिलाएं नहीं आएंगे तब तक उन्हें उनका हक नहीं मिलेगा।

पुरुष वर्ग ही महिला का शोषण कर रहे हैं। सक्ती जिला के नवगठित तहसील भोथिया अंतर्गत ग्राम पंचायत हरदी के सचिव प्रेमलाल नारंगे द्वारा पंद्रहवें वित्त मद और जीपीडीपी योजना की 46 लाख 42 हजार रुपये की शासकीय राशि फर्जी बिल वहाउचर का उपयोग करके गबन कर लिए जाने की शिकायत होने के बाद दिखावे मात्र की जाँच कार्यवाही हुई लेकिन अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं हुई जिससे हरदी गाँवों के लोग भी काफी आक्रोशित नजर आ रहे हैं। पुनः दोबारा जांच की मांग किए हैं।

### जाँच कार्यवाही अधूरा छोड़ भागे जाँच दल

शिकायतकर्ता का कहना है कि जाँच दल द्वारा जब ग्राम पंचायत हरदी पहुंच कर उक्त शिकायत की जाच करना प्रारंभ किये थे कि तभी सरपंच पति व सचिव द्वारा शिकायतकर्ता को धमकाने लगे और ग्रामीणों के सामने जाँच कार्यवाही नहीं होने देने की बात कहते हुए हंगामा करने लगे जिसके बाद जाँच दल को खाली हाथ वापस लौटना पड़ा था । जिसके बाद पुनः जाँच की माँग के आधार पर जिला स्तरीय टीम गठित कर जाँच कार्यवाही कर सात दिवस् के अन्दर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया। कलेक्टर महोदय ने आदेश 10/06/2024 को जारी किया गया था किन्तु पंद्रह दिवस बीत जाने के बावजूद अब तक किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं होना दर्शाता है, कि 46 लाख 42 हजार रू का क्या होगा। इस तरह से पुनः जांच दल को एक और मौका मिलेगा जिसमें जांच में क्या बात सामने आती है वह अभी नहीं बताया जा सकता। यदि ईमानदारी से जांच किया जाएगा तो दूध का दूध और पानी का पानी सामने आएगा और संकट सरपंच एवं सचिव पर लटकती तलवार ही जल्द दिखाई दे रही है ।

### सरपंच ने नहीं किया कॉल रिसीव

इस मामले में जब जानकारी लेने के लिए अपने पत्नी के स्थान पर सरपंच चलाने वाले दीनानाथ बंजारे से फोन के माध्यम से सम्पर्क किया गया तो उन्होंने कॉल रिसीव करना मुनासिब नहीं समझा ।


## एयू स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड शिड्यूल्ड कॉमर्शियल बैंक

AU SMALL FINANCE BANK
A SCHEDULED COMMERCIAL BANK

रजिस्टर्ड ऑफिसः 19-A, धुलेशवर गार्डन, अजमेर रोड, जयपुर–302001 (CIN:L36911RJ1996PLC011381)

**सिक्योरिटाइजेशन अधिनियम 2002 की धारा 13 (2) के अन्तर्गत मांग सूचना पत्र**

अधोहस्ताक्षरकर्ता एयू स्मॉल फाईनेंस बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी है। ''वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002'' की धारा 13 (2) के अन्तर्गत प्राधिकृत अधिकारी ने ऋण खातों के गैर निष्पादनीय आस्तियों (एन.पी.ए.) होने पर नीचे दी गई तालिका के अनुसार ऋणीयों/ सह–ऋणीयों/ गारण्टर/ बंधककर्ताओं (जिन्हें आगे ऋणी/ऋणीयों के नाम से सम्बोधित किया जायेगा) को 60 दिनो के नोटिस प्रेषित किये थे, नोटिस के अनुसार यदि ऋणी 60 दिनों के भीतर सम्पूर्ण ऋण राशि जमा नही करवाते है तों प्राधिकृत अधिकारी प्रदत्त शक्तियों के प्रयोग में अधिनियम की धारा 13 उपधारा 4 व 14 के अन्तर्गत कदम उठाने हेतु स्वतंत्र होगा। जिसमें अन्य बातों के साथ–साथ उसे प्रतिभूत आस्तियों का कब्जा लेने की शक्ति तथा उनका विक्रय करना सम्मिलित है । अतः आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि निम्न सूची में दी गई सम्पूर्ण बकाया ऋण राशि भविष्य के ब्याज तथा खर्चो एवं लागतों इत्यादि के साथ 60 दिवस के भीतर जमा करवा दें।इसके अतिरिक्त आप ऋणीयों को यह सूचित किया जाता है कि उपरोक्त 13(13) में निर्दिष्ट सूचना की प्राप्ति के पश्चात प्रतिभूत लेनदार की पूर्व लिखित सहमति के बिना सूचना में निर्दिष्ट अपनी किन्ही प्रतिभूत आस्तियों को विक्रय द्वारा या पट्टे द्वारा अथवा किसी भी माध्यम से अन्तरित नहीं करेंगे। ऋणीयों का ध्यान इस ओर आकर्षित किया जाता है कि उक्त अधिनियम की धारा 13(8) सपठित नियम 3(5) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अनुसार ऋर्णी अपनी बंधक सम्पत्ति को उसके द्वारा उपगत सभी खर्चो प्रभारों और व्ययों के सहित प्रतिभूत लेनदार द्वारा विक्रय या अन्तरण के लिये नीलामी सूचना के प्रकाशन से पूर्व किसी भी समय भुगतान करके मुक्त करवा सकते है।

| ऋणी/ सहऋणी / बंधककर्ता / गारन्टर का नाम / ऋण खाता संख्या | धारा 13(2) के अन्तर्गत नोटिस की दिनांक व राशि | बंधक सम्पत्ति का विवरण |
|---|---|---|
| (ऋण खाता संख्या) L9001060115292918, दीपक कुमार बंजारे (ऋणी), श्रीमती करूंदा बाई (सहऋणी) | 14-मई-24 ₹ 13,39,833/- तेरह लाख उनतालीस हजार आठ सौ तेतीस रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 21/52, खसरा नं. 440/2, ग्राम कवरधा, जिला कबीरधाम, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.020 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060125581762, धनी राम रथिया (ऋणी), श्रीमती गुरवारी रथिया (सहऋणी) | 14-मई-24 ₹ 9,66,141/- नौ लाख छियासठ हजार एक सौ इकतालीस रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित पीएच नं. 01, खसरा नं. 175, ग्राम खादगांव, आरएनएम/ तहसील खारसिया, जिला रायगढ, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.202 हैक्टेयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001061124379296, दीपक कुमार बंजारे (ऋणी), श्रीमती करूंदा बाई (सहऋणी) | 14-मई-24 ₹ 1,78,489/- एक लाख अठहत्तर हजार चार सौ नवासी रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित 440/2 का भाग, कवरधा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 0.02 हैक्टैयर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127342568, दास वेल्डिंग वर्क्स (ऋणी), विजय दास माणिकपुरी (सहऋणी), श्रीमती राधा माणिकपुरी (सहऋणी) | 15-मई-24 ₹ 9,42,902/- नौ लाख बयालीस हजार नौ सौ दो रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 400 109 का भाग, कसहीबारा ग्राम बगवाहारा के पास, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 2475 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060134795200, श्रीमती सोनिया देवी मिश्रा (ऋणी), श्रीमती निकिता मिश्रा (सहऋणी) | 16-मई-24 ₹ 6,86,547/- छः लाख छियासी हजार पांच सौ सैंतालीस रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 1719, आबादी भूमि का भाग, पीएच नं. 09, ग्राम धमदा, तहसील धमदा दुर्ग, जिला दुर्ग, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 750 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060130039147, श्रीमती ईश्वरी देवांगन (ऋणी), संतोष कुमार देवांगन (सहऋणी), श्रीमती काला बाई देवांगन (सहऋणी) | 16-मई-24 ₹ 5,81,387/- पांच लाख इक्यासी हजार तीन सौ सतासी रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 217 4 बागदेही, गरियाबाद राजिम, नावापारा, राजिम, जिला रायपुर, छत्तीसगढ, क्षेत्रफल 1292 वर्ग फीट |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060127011583, विजय कुमार जायसवाल (ऋणी), सुरेश जायसवाल (सहऋणी), श्रीमती पदमा जायसवाल (सहऋणी) | 16-मई-24 ₹ 14,97,827/- चौदह लाख सतानवे हजार आठ सौ सत्ताईस रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित खसरा नं. 3183-3, पीएच नं. 9-23, ग्राम सिधमा, आरएनएम बरियो, बलरामपुर रामानुजगंज राजपुर, जिला सुरगुजा, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 460 वर्ग मीटर |
| (ऋण खाता संख्या) L9001060113128735, कंसाराम साहू (ऋणी), श्रीमती कमला बाई साहू (सहऋणी), लिलेश कुमार साहू (सहऋणी), श्रीमती भूमिका साहू (सहऋणी), गंगाराम साहू (गारंटर) | 16-मई-24 ₹ 9,21,959/- नौ लाख इक्कीस हजार नौ सौ उनसठ रूपये मात्र 13-मई-24 तक | संपत्ति स्थित सर्वे नं. 152 एवं 160, खसरा नं. 152 एवं 160, मातगुढा हनुमान मंदिर, कोमाखान मातगुडा, जिला महासमुंद, छत्तीसगढ क्षेत्रफल 54896 वर्ग फीट |

दिनांकः 25-06-2024
स्थानः छत्तीसगढ


प्राधिकृत अधिकारी
ए.यू.स्मॉल फाईनेन्स बैंक लिमिटेड


**संस्थान के विकास के लिए एक्शन प्लान बनाने दिए निर्देश, हैरिटेज बिल्डिंग के रूप में संरक्षित करने का होगा प्रयास**

# उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने एशिया के प्रथम आईटीआई कोनी का किया निरीक्षण



पायनियर संवाददाता ◄ बिलासपुर
www.dailypioneer.com






उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कोनी स्थित आदर्श आईटीआई का निरीक्षण किया। एशिया महाद्वीप के प्रथम आईटीआई होने का गौरव इस संस्थान को हासिल है। ब्रिटिश शासन के दौरान वर्ष 1939-40 में इसकी स्थापना की गई थी। वर्तमान में लगभग 1200 विद्यार्थी इसमें विभिन्न प्रकार के 33 ट्रेडों में पढ़ाई कर रहे हैं। शर्मा ने विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण कर पढ़ाई कर रहे बच्चों से बातचीत की। उन्होंने इस संस्थान के विकास को लेकर अधिकारियों की बैठक भी ली। जनप्रतिनिधियों से सलाह लेकर इस प्राचीन संस्थान की गरिमा को पुनःस्थापित करने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश भी दिए। विधायक सुशांत शुक्ला, जिला पंचायत अध्यक्ष अरूण सिंह चौहान एवं कलेक्टर अवनीश शरण भी इस अवसर पर उपस्थित थे। उप मुख्यमंत्री एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के भारसाधक मंत्री विजय शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुविधा के लिए एक और हॉस्टल बनाये जाने की जरूरत है। फिलहाल केवल सवा सौ छात्र-छात्राओं के लिए दो हॉस्टल सुविधा है, जो कि अपर्याप्त है। उन्होंने संचालित इन दोनों छात्रावासों में मेस सुविधा भी शुरू करने के निर्देश दिए। उन्होंने समय की मांग के अनुरूप नये ट्रेड्स खोलने की जरूरत भी बताई। जिन ट्रेड्रों में रोजगार एवं नौकरी की संभावनाएं बंद हो गई हैं, उन्हें बंद करने का प्रस्ताव भी संचालनालय भेजने को कहा। आईटीआई वर्तमान में 60 एकड़ भूमि पर पसरा हुआ है। इसके सामने के कुछ हिस्से को व्यावसायिक उद्देश्य के लिए परिवर्तित कर संस्थान की आमदनी बढ़ाई जा सकती है। शर्मा ने कहा कि चूंकि यह एशिया की सबसे पहली आईटीआई के रूप में पहचान रखती है। इसलिए इसे हैरिटैज बिल्डिंग के रूप में संरक्षित रखने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने संस्थान के परिसर की साफ-सफाई करने के निर्देश भी दिए। प्राचार्य अरूण कुमार सिंह ने संस्थान की गतिविधियों एवं जरूरतों के संबंध में मंत्री को ज्ञापन भी दिया। इस अवसर पर भूपेन्द्र सवन्नी, रामदेव कुमावत, संयुक्त संचालक सोनी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

# फन एन्ड फिश वर्ल्ड में झूलों के रेट में कमी मेले में रायपुरियंस की उमड़ रही भीड़


पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्थानीय काली मंदिर, आकाशवाणी के सामने चल रहे फन एन्ड फिश वर्ल्ड में रायपुरियंस की भीड़ उमड़ रही है। छोटे बड़े सभी उम्र के लोग इस मेले का मज़ा ले रहे हैं। इस मज़े को दोगुना करने के लिए आयोजक ने सभी झूलों के रेट्स में कमी कर दी है। उपरोक्त जानकारी फन एन्ड फिश वर्ल्ड के संचालक शोएब ने दी। उन्होंने बताया कि रोमांचक झूले और रंग बिरंगी मछलियों से सजे इस मेले में रोज़ाना सभी वर्ग के लोग आनंद उठा रहे हैं। ज्ञात हो कि इस आयोजन में दुबई फिश टनल पहली बार लाया गया है, जिसमे छोटी-बड़ी, रंग-बिरंगी विविध मछलियों से भरे टनल के अलावा कई एक्वेरियम भी हैं। जिसे देखने लोगों की भीड़ पहुंच रही है। एक्वेरियम में 40 प्रकार की हज़ारों मछलियां मौजूद है। इसके अलावा मेले में बच्चों और युवाओं को अट्रैक्ट करने के लिए नए झूले लगाए गए हैं। इनमे फ्रिस्बी, जाइंट फ्रिस्बी, रेंजर, ब्रेक डांस झूला, कोलंबस झूला, जाइंट व्हील, और ड्रैगन झूला समेत एरो प्लेन, मिनी ट्रेन, कार झूला, मिकी माउस आदि प्रमुख हैं। ज्ञात हो कि काफी ऊंचाई तक जाने वाला कलरफुल जायंट व्हील आकर्षण का केंद्र है। इससे लोगों को मनोरंजन के साथ रोमांच भी मिल रहा है। डबल डिस्क झूले का छोटे बड़े सभी पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही छोटे बच्चों के लिए कई आकर्षक झूले मौजूद है। मेले में परिजनों के साथ लोग देर रात तक झूमते नज़र आते हैं। यहाँ 30 से अधिक प्रकार के झूले लगाये गये हैं। उल्लेखनीय है कि और यहाँ देश भर के बुनकरों के हैंडलूम, हैंडीक्राफ्ट, लाईफ स्टाईल, होम डेकोर, फर्नीचर व एसेसरीज की विशाल श्रृंखला किफायती दरों में उपलब्ध है. संचालक ने आगे बताया कि इस मनोरंजन पार्क में 50 से अधिक स्टॉल लगे हुए है जिसमे महिलाओं के लिए ज्वेलरी और साड़ी की दुकान सजाई गई है। महिलाओं की पहली पसंद ज्वेलरी व अन्य राज्यों की हैंडमेड साड़ियां है। देश के विभिन्न राज्यों से व्यापारी अपने अपने वस्तुओं के साथ शामिल हो रहे हैं। मुख्य आकर्षण के रूप में साड़ियों के अलावा फर्नीचर, बेड व सोफा कवर, डिज़ाइनर ड्रेस, घरेलु वस्तुएं, बर्तन, हैंडमेड पर्स, कॉस्मेटिक, होम एप्लायंसेस आदि की विशाल रेंज रखी गई है। यहां स्वाद प्रेमियों के लिए फूड जोन भी है जिसमें एक से बढ़कर एक स्वादिष्ट फूड के स्टॉल लगाए गए है। इस मेले का समय रोज़ाना शाम 5 बजे से रात्रि 10 बजे तक है। मेला सीमित दिनों के लिए है।

# आयुक्त ने जर्जर मकानों को तोडकर नये पक्के मकान बनवाने शीघ्र सहमति बनाकर कार्यवाही करने के दिये निर्देश

## डंगनिया खदान बस्ती को पाटकर वहां शीतला मंदिर डंगनिया के पास का सब्जी बाजार शीघ्र व्यवस्थापित करवाने के दिये निर्देश



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

नगर पालिक निगम के आयुक्त अबिनाष मिश्रा ने राजधानी शहर रायपुर में आमानाका स्वीपर कालोनी के अत्यंत जर्जर मकानों का निरीक्षण जोन 5 कमिश्नर विमल शर्मा, कार्यपालन अभियंता अंशुल शर्मा, लाल महेन्द्र सिंह की उपस्थिति में किया। आयुक्त ने अत्यंत जर्जर मकानो के रहवासी सफाई मित्र परिवारो की जीवन सुरक्षा की दृष्टि से उनसे चर्चा कर एवं सकारात्मक सहमति शीघ्र बनाकर वहां रह रहे सभी परिवारो को सुरक्षित प्रधानमंत्री आवास योजना के पक्के मकानो में शिफ्ट करके मकान खाली करवाकर उन्हें तोडकर उनके स्थान पर नये पक्के मकान बनाने की कार्यवाही शीघ्र प्राथमिकता से करवाने के निर्देश दिये। आयुक्त ने नगर निगम जोन 5 के ठाकुर प्यारे लाल सिंह वार्ड क्षेत्र में डंगनिया खदान बस्ती के स्थल का निरीक्षण किया एवं खदान बस्ती को शीघ्र पाटकर शीतला मंदिर डंगनिया के समीप लगने वाले सब्जी बाजार को वहां व्यवस्थापित करने की कार्य योजना पर कार्यवाही करने के निर्देष दिये। ताकि शीतला मंदिर डंगनिया के पास यातायात सुगम और सुव्यवस्थित जनहित में जनसुविधा हेतु कायम हो सके। इस दौरान निरीक्षण में आयुक्त अबिनाष मिश्रा से नगर निगम लोककर्म विभाग अध्यक्ष एवं ठाकुर प्यारे लाल सिंह वार्ड पार्षद ज्ञानेश शर्मा ने चर्चा की। आयुक्त ने जनहित में जनसुविधा विस्तार की दृष्टि से आवश्यक कार्यवाही शीघ्र कार्य योजना के तहत करवाना सुनिश्चित करने के निर्देष जोन कमिश्नर को दिये।

# ग्रामीणों को दिलाई गई कैच द रैन की शपथ



पायनियर संवाददाता ◄ तिल्दा-नेवरा
www.dailypioneer.com

रायपुर जिला कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह ने निर्देश पर 'नारी शक्ति से जल शक्ति' अभियान के अंतर्गत ग्राम पंचायत ताराशीव, जनपद पंचायत तिल्दा में अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) प्रकाश टंडन द्वारा ग्रामीण जनों को कैच द रैन 2024 की शपथ दिलाई गई। उल्लेखनीय है कि जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के क्रियान्वयन हेतु प्रथम चरण में जिले की 101 जल की समस्या वाली ग्राम पंचायतों का चिन्हांकन कर अभियान के प्रभावी कियान्वयन हेतु विभिन्न विभागों के तकनीकी अमलो को प्रभारी नियुक्त किये गये है। उक्त पंचायतों में 24 जून 2024 से जल शक्ति अभियान नारी शक्ति से जल शक्ति के तहत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इसी तारतम्य में, ग्राम पंचायत के युवाओं, बच्चों एवं बुजुर्गों में जल सुरक्षा की जागरूकता हेतु शपथ ली गई। इन कार्यक्रमों के माध्यम से ग्रामीणजनों को जल की महत्वतता के संबंध में अवगत कराते हुए जल का उचित उपयोग करने के संबंध में जागरूकता फेलाने तथा जल को सरंक्षित करने हेतु प्रेरित करने का प्रयास जिला पशासन द्वारा किया जा रहा है।

# ओप्पो ने भारत का पहला आईपी 69-रेटेड सुपर-रग्ड मॉनसून-रेडी फोन एफ-27 प्रो+ 5जी पेश किया




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओप्पो इंडिया ने एफ27 प्रो+5जी पेश किया है। यह देश का पहला आईपी66, आईपी68 और आईपी69 रेटेड सुपर रग्ड, मॉनसून रेडी स्मार्टफोन है। एफ27 प्रो+ दो रंगों - डस्क पिंक और मिडनाईट नैवी में मिलेगा और 128जीबी स्टोरेज के लिए इसका मूल्य 27,999 रुपये एवं 256जीबी वैरिएंट के लिए 29,999 रुपये होगा। इस स्मार्टफोन में ओप्पो का फुल डिवाईस प्रोटेक्शन सॉल्यूशन - डैमेज प्रूफ 360 डिग्री आर्मर बॉडी है, जो डिवाईस को ड्रॉप और स्क्रैच से सुरक्षा प्रदान करती है। इसमें चार साल तक टिकाऊ 5,000 एमएएच की बैटरी लगी है। इस लॉन्च के बारे में सैवियो डीसूज़ा, डायरेक्टर, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, ओप्पो इंडिया ने कहा, ''ओप्पो एफ27 प्रो+ 5जी उन ग्राहकों की जरूरतों के अनुरूप है, जो सदैव गतिशील रहते हैं, और जिन्हें एक ऐसे स्मार्टफोन की जरूरत है, जो चाहे धूप हो या बारिश, हमेशा उनके साथ रहे।

# एनएस एनआईएस पटियाला में आयोजित हुआ द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण समारोह



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

पुलिस विभाग में पदस्थ निरीक्षक (एम) प्रियंका शर्मा ने भारतीय खेल प्राधिकरण नेताजी सुभाष राष्ट्रीय ीड़ा संस्थान पटियाला (एनएसएनआईएस) में आयोजित राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्य म को सफ्लतापूर्वक ए श्रेणी प्राप्त कर छ.ग.पुलिस विभाग की पहली राष्ट्रीय योग कोच बन गई है। प्रियंका शर्मा छत्तीसगढ़ राज्य की राष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता तथा गुंडाधूर अवॉर्डी खिलाड़ी हैं तथा राज्य पुलिस अकादमी चंद्रखुरी में पुलिस की राजपत्रित अधिकारियों की स्विमिंग तथा फिटनेस कोच रह चुकी हैं, वर्तमान में इन्हें छत्तीसगढ़ में प्रस्तावित ऑल इंडिया पुलिस चैंपियनशिप के लिए योगा इवेंट में कोच की ज़िम्मेदारी सोंपी गई है। पटियाला में अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर प्रियंका राज्य की प्रथम राष्ट्रीय पुलिस महिला योगासन कोच बन गई है। पटियाला के राष्ट्रीय खेल संस्थान (एनएस एनआईएस), में आयोजित भव्य कार्य म में सभी प्रशिक्षकों में से प्रथम चार उत्कृष्ट योगासन कोच को यूरोप टिकट के साथ पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर आईडीवाई प्रोटोकॉल की ट्रेनिंग भी दी गई। इस द्वितीय राष्ट्रीय योगासन कोच प्रशिक्षण कार्य म में 29 राज्य/केंद्र शासित प्रदेशों से आए 140 प्रशिक्षकों ने भाग लिया। आईटीबीपी के योगासन एथलीट्स और अधिकारियों ने भी आईडीवाई योग ट्रेनिंग प्रोटोकॉल में भागीदारी की। इस कार्य म में कई राज्यों से आए पुलिस अधिकारियों ने भी प्रशिक्षण लिया। इस अवसर पर तमिलनाडु की योगासन एथलीट ने योगासन खेल की शानदार प्रदर्शन से सबका मन मोह लिया, और अफ्रीकी महाद्वीप से आए अंतरराष्ट्रीय कोच डॉ. जयराम ठक्क र जी ने भी सभी को प्रशिक्षण दिया। अफ्रीकी महाद्वीप समन्वयक जयराम ठक्क र मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके साथ अफ्रीकी महाद्वीप की अंतरराष्ट्रीय योगा एंबेसडर मरियम, संपादक विशेषज्ञ प्रवीण प्रभाकर, और शिक्षा एवं प्रशिक्षण समिति के निदेशक रचित कौशिक भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

# रायपुर वासी ट्रैफिक की समस्या से है हलाकान : सुशील सन्नी अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत पुराना धमतरी मार्ग के संतोषी नगर ब्रिज के पास हमेशा यातायात बाधित होने के कारण जाम लगा रहता है जिससे कि वहां के रहवासी, व्यापारियों, स्कूल में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं एवं महिलाओं को आने-जाने में बहुत सी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। अत्यधिक ट्रैफिक होने के कारण दुर्घटना से अभी तक 70 से अधिक लोगो की जान चली गई है जिसके कारण वहां के लोगों में भय का माहौल है। संबंधित अधिकारियों को स्थानीय लोगो द्वारा मिलकर कई बार आवेदन दिया गया है फिर भी वह अभी तक बंद नहीं हुआ। छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के पूर्व अध्यक्ष सुशील सन्नी अग्रवाल के नेतृत्व में व्यापारियों के प्रतिनिधि मंडल, ट्रैफिक एसपी तथा जोन कमिश्नर आयुक्त ने ऑफिस में बुलाकर सुझाव लिए तथा त्वरित कार्यवाही करते हुए इस समस्या का समाधान हेतु आश्वासन प्रदान किया। इस समस्या का समाधान जल्द पूर्ण न होने पर अग्रवाल के नेतृत्व में स्थानीय लोगो और व्यापारियों के द्वारा चक्का जाम और आंदोलन करने के चेतावनी दी गई है। इस अवसर पर कमलेश नथवानी, हसन आबिदी, बॉबी, देवराज, हरि भाई, दिलीप सिंह, आरती, रूबी एवं अन्य मोहल्ले वासी उपस्थित थे।

# स्कोडा ऑटो इंडिया ने कुशाक और स्लाविया के नई मूल्य प्रस्ताव की घोषणा की




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

स्कोडा ऑटो इंडिया ने ब्रैंड को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने की अपनी पहलों को जारी रखते हुए, सीमित अवधि के लिए कुशाक और स्लाविया की नई कीमतों की घोषणा की है। इससे उपभोक्ताओं की स्कोडा ऑटो इंडिया की उन गाड़ियों तक पहुंच बढ़ी है, जिन्हें 5 स्टार रेटिंग दी गई है और जो कार में बैठे वयस्कों और बच्चों की सुरक्षा के लिहाज से पूरी तरह सुरक्षित हैं। स्कोडा ऑटो इंडिया के ब्रैंड डायरेक्टर पेट्र जेनबा ने कहा, हम भारत में लगभग 25 सालों से हैं और इस मार्केट को लेकर हमारी प्रतिबद्धता अटूट है। हम अपने प्रॉडक्ट में लगातार नए फीचर्स पेश करने के लिए तत्पर रहते हैं और इसी के अनुसार कदम उठाते हैं। हमने 2025 के लिए प्लान की गई ऑल-न्यू कॉम्पैक्ट एसयूवी की घोषणा की है। इसलिए हमने यह सोचा है कि इस नई कार के साथ हम नए बाजारों में जाएंगे, युवा ग्राहकों तक पहुंच बनाएंगे और ब्रांड की पहुंच बढ़ाने की कोशिश करेंगे।

# मीसाबंदियों के सम्मान समारोह में शामिल हुए विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल

## मीसाबंदी लोकतंत्र के सच्चे सेनानी : संपत अग्रवाल



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

महासमुंद भाजपा कार्यालय में आयोजित मीसाबंदी सम्मान कार्यक्रम में विधायक डॉ.सम्पत अग्रवाल शामिल हुए। इस मौके पर मीसाबंदियों को संबोधित करते हुए विधायक डॉ सम्पत अग्रवाल ने कहा की मीसाबंदी लोकतंत्र के सच्चे सेनानी है। जिन्होने आपातकाल के पाबंदियों व अपने प्राणों की परवाह किए बिना जनता के लिए आशा की सबसे बड़ी किरण बनकर कष्ट उठाकर तानाशाह सरकार का विरोध किया। वे इन मीसाबंदियों का सम्मान कर स्वयं को सम्मानित महसूस कर रहे हैं। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष लक्ष्मी वर्मा, महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा, जिला अध्यक्ष संजय शर्मा, मीसाबंदी मणीलाल चंद्राकर, उर्मिला साहू, शमशेर सिंह सम्मी, पिछड़ा वर्ग मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष राकेश चंद्राकर, जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा नेता माधव टाकसले, सतपाल सिंह, परेश भाई, श्याम सावरकर, धरम पटेल, पप्पू पटेल, प्रेम साहू, धरम दीवान आदि सम्मानित जन मौजूद रहें।

# ओला ने अपने एस1 स्कूटर पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के फायदों के साथ 'इलेक्ट्रिक रश' ऑफरों की घोषणा की




पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

ओला इलेक्ट्रिक अपने 'ओला इलेक्ट्रिक रश' अभियान के अंतर्गत अपने एस1 पोर्टफोलियो पर 15,000 रुपये तक के आकर्षक ऑफर प्रदान कर रहा है। 28 जून तक लागू इन ऑफरों में एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये और एस1 प्रो एवं एस1 एयर पर 2,500 रुपये का फ्लैट डिस्काउंट दिया जा रहा है। इसके अलावा ग्राहकों को 10,000 रुपये तक के अतिरिक्त फायदे प्रदान किए जा रहे हैं, जिनके अंतर्गत एस1 एक्स+ पर 5,000 रुपये तक का एक्सचेंज बोनस और एस1 के संपूर्ण पोर्टफोलियो पर चुनिंदा क्रेडिट कार्ड ईएमआई के साथ 5,000 रुपये तक का कैशबैक शामिल है। ओला इलेक्ट्रिक एक विशाल एस1 पोर्टफोलियो पेश करता है, जिसमें आकर्षक मूल्य में छः उत्पाद हैं, जो विभिन्न रेंज की जरूरत वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान करते हैं। हाल ही में कंपनी ने मास-मार्केट सेगमेंट में अपना एस1 एक्स पोर्टफोलियो उतारा है।

# भिलाई में अपने एक्सक्लूसिव स्टोर के लॉन्च के साथ पैन इंडिया रिटेल स्ट्रेटेजी को सुदृढ़ कर रहा है एसुस



पायनियर संवाददाता ◄ रायपुर
www.dailypioneer.com

देश भर में ब्रैंड के रिटेल फुटप्रिंट को सुदृढ़ करने की दिशा में कदम बढ़ाते हुए, ताइवान की टेक जायंट कंपनी, एसुस इंडिया ने भिलाई में अपने नए एक्सक्लूसिव स्टोर को शुरू करने की घोषणा की है। यह नवीनतम एक्सक्लूसिव स्टोर 392 वर्ग फुट में फैला हुआ है, जो इलेक्ट्रॉनिक्स और कम्प्यूटर हार्डवेयर की एक विस्तृत श्रृंखला सहित एसुस फ्लैगशिप प्रोडक्ट्स की पेशकश करने के लिए पूरी तरह तैयार है। इस श्रृंखला में वीवोबुक, ज़ेनबुक, रिपब्लिक ऑफ गेमर्स (आरओजी) लैपटॉप्स, गेमिंग डेस्कटॉप्स, ऑल इन वन डेस्कटॉप्स और एक्सेसरीज़ शामिल हैं। भिलाई में स्थित यह एसुस का पहला स्टोर है, जिसके साथ ब्रैंड छत्तीसगढ़ में कुल 3 एईएस स्टोर्स की उपलब्धि हासिल कर चुका है। इस विस्तार के बारे में बात करते हुए, जिग्नेश भावसार, नेशनल सेल्स मैनेजर- पीसी एंड गेमिंग बिज़नेस, एसुस इंडिया, ने कहा, हम भारत में अपने रिटेल फुटप्रिंट के विस्तार की घोषणा करते हुए बेहद हर्षित महसूस कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ हमारे लिए एक महत्वपूर्ण बाजार है। ऐसे में, भिलाई में नवीनतम ब्रैंड स्टोर का उद्घाटन हमारे लेटेस्ट इनोवेशन के बेहतर अनुभव के साथ, देश के विभिन्न क्षेत्रों में कंज्यूमर्स को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम होगा। एक स्ट्रेटेजिक रिटेल एक्सपांशन एप्रोच के साथ, हम अपने यूज़र्स के लिए और अधिक इंटरैक्शन व नए टच पॉइंट्स बनाना जारी रखेंगे।

**CHHATTISGARH STATE POWER TRANSMISSION CO. LTD.**
(A Government of Chhattisgarh undertaking) CIN – U40108CT2003SGCO15820
O/o THE EXECUTIVE DIRECTOR (Fin.) II nd Floor Load Dispatch Centre Building, Dangania, Raipur (C.G.)
Phone No- 0771-2576500, Fax No. 0771-2574616

**Notice Inviting Tender No. No.06-01/ ED(Fin.)/TR-47**

Sealed tender are invited through E-bidding for "Supply, installation and commissioning of Air Conditioner in O/o ED (Fin.) and RAO-HQ, 2nd Floor SLDC Building, CSPTCL, Raipur. Interested parties can visit our website " www.cspc.co.in/ CSPTCL /tender notices/ Finance Office". For further details download tender document. Tender documents can also be obtained from O/o ED (Fin) CSPTCL, 2nd floor SLDC Building, Dangania, Raipur 492013

Samvad-40560/3

SAVE ELECTRICITY

Manager (F&A) CSPTCL, Raipur

**कार्यालय नगर पालिका परिषद बालोद**
**जिला-बालोद (छ.ग.)**

**// ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना //**

Main Portal : https://eproc.cgstate.gov.in

क्रमांक/254/लो.नि.वि./न.पा./2024 — बालोद, दिनांक - 25/06/2024

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से 15वें वित्त आयोग मद अंतर्गत निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है:-

| क्र. | सिस्टम टेंडर क्र. | कार्य का विवरण | अनु. लागत (लाख में) | निविदा डाउनलोड करने की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 155374 | दशहरा तालाबपार से स्टेशन रोड तक पाईप लाईन विस्तार कार्य एवं उच्चस्तरीय पानी (250 कि.ली.) निर्माण कार्य | 91.29 | 17.07.2024 17:30 IST |

टीप :- अन्य शर्ते व विस्तृत जानकारी संबंधित शाखा/विभागीय वेबसाईड www.uad.cg.gov.in में भी देखी एवं डाउनलोड की जा सकती है।

नगर पालिका के करों का भुगतान समय पर करें।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बालोद

**कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), साजा जिला बेमेतरा (छ.ग.)**

**// ईश्तहार //**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक रमेश वर्मा पिता केशवसिंह निवासी ग्राम तोरन तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा के द्वारा ग्राम-थानखम्हरिया प.ह.न. 07 तहसील थानखम्हरिया जिला बेमेतरा में अपने भूमिस्वामी हक की भूमि ख.नं. 429/22 रकबा 0.01 हे./1177 वर्गफीट भूमि को आवासीय प्रयोजनार्थ व्यपवर्तित करने हेतु आवेदन पत्र पेश किया गया है। जिसे संहिता की धारा 172 सहपठित धारा 5(2), (5) के तरह व्यपवर्तित किया जाना है।

अतः इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को उजर-दावा हो तो दिनांक 04/07/2024 तक स्वतः अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में शाम 5:00 बजे तक दावा/आपत्ति पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

मुहर

अनुविभागीय अधिकारी
(राजस्व) साजा

**कार्यालय, नगर पालिक निगम रायपुर**
नवीन मुख्यालय भवन, नगर पालिक निगम, गांधी चौक के पास, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2535780, 90 फैक्स : 0771-2227395, ई-मेल :- dc_rmc@rediffmail.com

क्रमांक 309/यो.शाखा/नपानि/2024 — रायपुर, दिनांकः 25/06/2024

**// निविदा आमंत्रण सूचना //**

नगर पालिक निगम, रायपुर द्वारा अनुभवी अधिकृत विक्रेताओं/एजेंसी/फर्म/निर्माता कंपनी जिन्हें इस प्रकार के कार्य का अनुभव हो सीलबंद निविदा नॉन एस.ओ.आर. आयटम हेतु फर्म "B" में ऑयटम दर पर दो लिफाफा पद्धति से दिनांक 18.07.2024 को अपरान्ह 4:00 बजे तक स्पीड पोस्ट अथवा रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्यालयीन अवधि एवं समय पर योजना शाखा से दिनांक 16.07.2024 तक निर्धारित शुल्क अदा कर प्राप्त किया जा सकता है। निविदा दिनांक 18.07.2024 को अपरांह 4:30 बजे उपस्थित निविदाकार/उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जावेगी।

| क्र. | कार्य का विवरण | आगणित (राशि रू.) | अमानती (राशि रू.) | निविदा प्रपत्र (राशि रू.) | ठेकेदार की श्रेणी | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | समता कॉलोनी खेल मैदान में 01 सेट (11 नग प्रति सेट) Outdoor Open Gym Equipments स्थापना एवं 5 वर्ष की अवधि हेतु संचालन एवं संधारण कार्य। | 4,93,664.00 | 7,500/- | 7,50/- | निर्माता कंपनी/अनुभवी अधिकृत फर्म | 01 माह |

नियम शर्ते :-
1. सशर्त निविदा स्वीकार नहीं की जावेगी।
2. अमानती राशि राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी एफडी.आर. अथवा बैंक ड्राफ्ट के रूप में आयुक्त, नगर पालिक निगम, रायपुर के नाम से स्वीकार होगी।
3. लिफाफा (अ) में अमानती राशि एंव लिफाफा(ब) में वित्तीय आफर।
4. लिफाफा (अ) में राशि रू. 100/- के नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर में निविदा के साथ प्रस्तुत किये जाने वाले समस्त दस्तावेजों के सत्यापन संबंध में शपथ पत्र प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य है।
5. कार्य की स्पेशिफिकेशन एवं अन्य जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
6. किसी भी निविदा को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार आयुक्त नगर निगम, रायपुर को होगा।
7. न्यूनतम 03 वर्ष की अवधि हेतु Outdoor Open Gym Equipments सफल संचालन एवं संधारण कार्य का प्रमाण-पत्र, कार्यादेश की छायाप्रति एवं कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्र उपरोक्त कार्य हेतु शासकीय विभाग के कार्यपालन अभियंता अथवा समतुल्य अधिकारी से प्रमाणित प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा।

*घरों से निकलने वाले सूखा और गीला कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।*

कार्यपालन अभियंता,
नगर पालिक निगम
रायपुर (छ.ग.)

**छत्तीसगढ़ शासन वन विभाग**
**सुकमा वन मण्डल, सुकमा जिला-सुकमा (छ.ग.)**

**ईमारती काष्ठ का नीलाम विज्ञापन-सुकमा वन मण्डल सुकमा, जगदलपुर वृत्त जगदलपुर**

सर्व साधारण को सूचनार्थ प्रकाशित किया जाता है जगदलपुर वृत्त के सुकमा वन मण्डल के अन्तर्गत सुकमा काष्ठागार में संग्रहित **ईमारती काष्ठ नीलाम** दिनांक 02/07/2024 समय प्रातः 10.00 बजे सुकमा काष्ठागार नीलाम हॉल में किया जावेगा।

अतः इच्छुक व्यापारियों से अनुरोध है कि वे नीलाम में भाग लें। नीलाम की शर्तें व अन्य जानकारियाँ कार्यालयीन दिवसों में काष्ठागार अधिकारी या वन मण्डल कार्यालय सुकमा से प्राप्त की जा सकती है। प्रस्तावित मात्रा में कमी या अधिकता हो सकती है। बोली लगाने के पूर्व कृपया वनोपज का निरीक्षण करने के बाद ही बोली लगायें। नीलाम में लॉट पर बोली लगाने के पूर्व सत्यंकार राशि 10 प्रतिशत के बराबर या 1000/- रुपये, इनमें से जो भी अधिक हो बयाने की राशि जमा करना अनिवार्य है। वर्ष 2024 का पंजीयन एवं फर्म का **पेन नम्बर** एवं **जी.एस.टी. नम्बर** की प्रति जमा करें।

**सुकमा काष्ठागार में अनुमानित ईमारती काष्ठ की मात्रा**

| प्रजाति | पुराना काष्ठ की मात्रा | | |
|---|---|---|---|
| | घ.मी. | बल्ली | डेंगरी |
| सागौन | 205.563 | 165 | 218 |
| बीजा | 85.345 | 58 | 0 |
| साजा | 19.267 | 49 | 0 |
| साल | 18.911 | 0 | 0 |
| शिशम | 0.023 | 0 | 0 |
| शिवना | 1.513 | 3 | 0 |
| हल्दू | 0.167 | 0 | 0 |
| अन्य | 52.581 | 95 | 0 |
| **योग** | **383.370** | **370** | **218** |

G-242500573/5

वन मण्डलाधिकारी
सुकमा वनमण्डल सुकमा

# धंधा चला रहे नक्सली...कैडर चलाने रकम जुटाने ट्रेक्टर किराए पर देते रहे, ग्रामीणों की मदद ली, वाहन खरीदने ठेकेदार ने दी थी रकम

- 4 नक्सल सहयोगी गिरफ्तार, इनमें एक पंचायत सचिव भी शामिल, राजनांदगांव के दो व्यक्ति भी गिरफ्त में
- नक्सल सहयोगियों के लिंक सीधे अबूझमाड़ से, एक दशक से लंबे वक्त से जुड़े हुए हैं

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव/मानपुर
www.dailypioneer.com



एमएमएसी जिला पुलिस ने 4 नक्सल सहयोगियों को गिरफ्तार कर बड़ी सफलता हासिल की है। इनमें राजनांदगांव शहर के दो नागरिक भी शामिल हैं। इस कार्रवाई से नक्सलियों की ठेकेदारों से लेवी वसूली, रकम जुगाड़ने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में दूसरे ग्रामीणों के माध्यम से व्यवसाय किए जाने और नक्सल कैडर द्वारा खेती करने का खुलासा हुआ है। नक्सलियों के व्यवसाय के माध्यम से पैसे जुटाने के मामले पर यह पहली कार्रवाई बताई जा रही है। पुलिस ने मुखबिर से मिली खबर को पुख्ता करने के बाद इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर इस बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। बताया गया कि, वर्ष 2019-20 के दौरान राजनांदगांव के बसंतपुर निवासी ठेकेदार रामकिशन यादव (50) ने नक्सल क्षेत्र में काम करने के एवज में नक्सलियों को 7 लाख 50 हजार रुपए दिए थे। नक्सलियों से उसकी बातचीत कारेकट्टा निवासी अरविंद तुलावी (30) और ग्राम पंचायत कनेली सचिव महेश मेश्राम ने करवाई थी।

राजनांदगांव रेंज के पुलिस महानिरीक्षक दीपक झा ने खुलासा किया कि, रामकिशन यादव नक्सल प्रभावित क्षेत्र में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना एवं वन विभाग में निर्माण कार्य का ठेका लेता था। वर्ष 2014 में रामकिशन की रोड निर्माण में लगी गाड़ियों को नक्सलियों ने आग के हवाले कर दिया था। इसके बाद ही उसने मनीष और अरविंद के माध्यम से नक्सलियों से समझौता किया था। उन्होंने बताया कि, ठेकेदार रामकिशन ने 7 लाख 50 हजार रुपए की व्यवस्था की थी। इन पैसों से नक्सल नेताओं ने अरविंद और महेश को एक ट्रेक्टर खरीदने कहा था। इसमें राजनांदगांव के तुलसीपुर निवासी ट्रेक्टर शो रुम के सेल्समेन सुशील साहू (54) ने उनकी मदद की। सुशील ने एक लाख 50 हजार की रकम शो रुम में नगद जमा की। जबकि 6 लाख रुपए उसने अपने खाते में जमा करने के बाद अरुण एग्रीकल्चर ट्रेक्टर कम्पनी के खाते में डाले। अरविंद और मनीष खुद ही यह ट्रेक्टर लेकर अबुझमाड़ पहुंचे और वहां नक्सल कैडर के बड़े लीडर्स बलदेव उर्फ अशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फ शंकर, लोकेश सलामे उर्फ हरसिंग को सौंपा दिया। कुछ दिनों बाद नक्सलियों ने दूसरी मुलाकात में ट्रेक्टर अरविंद के हवाले कर दिया और उसे क्षेत्र में किराए पर चलाकर होने वाली आमदनी से मदद मुहैया कराने की बात कही। इसके बाद अरविंद क्षेत्र में ट्रेक्टर किराए पर देकर व्यवसाय करने लगा। पुलिस ने आरोपियों के पास से एक महिंद्रा ट्रेक्टर, 8750 रुपए, 10 जोड़ी जूते, 4-4 जीबी का मेमोरी कार्ड, पेन ड्राईव के साथ नक्सलियों की चिट्ठी, पैसे हिसाब-किताब की कापी, बैंक पासबुक, सड़क निर्माण संबंधी दस्तावेज बरामद किए हैं। आरोपियों अरविंद तुलावी, पंचायत सचिव महेश मेश्राम, रामकिशन यादव, सुशील साहू को धारा विधि विरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम की धारा 10(क), 13, 17, 38(1)(2), 40, भारतीय दण्ड संहिता की धारा 420, 120 बी के तहत गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया है।

### अबूझमाड़ में माओवादियों से मिलते थे

मानपुर इलाके से गिरफ्तार किए गए नक्सल सहयोगियों अरविंद और महेश की माओवादियों के साथ लंबे समय से मेलजोल थे। ये आरोपी मानपुर से तकरीबन 200 किमी दूर अबूझमाड़ में नक्सल कैडर के कमांडर और दूसरे बड़े माओवादियों से मुलाकात करते थे। बताया जाता है कि जंगल से होते हुए अबूझमाड़ के लिए और भी कई रास्ते हैं जिनका इस्तेमाल अरविंद और महेश करते थे। नक्सल भी ऐसे ही रास्तों से महाराष्ट्र की सीमा से होते हुए मानपुर और दूसरे इलाकों की ओर बढ़ते हैं।

### अरविंद था टारगेट, पकड़ने ज्वाईंट ऑपरेशन किया

मनीष और अरविंद के खिलाफपुलिस को लगातार इनपुट्स मिल रहे थे। पुलिस टीम ने उन्हें राडार पर रखा था। काफी दिनों की छानबीन की गई। इस दौरान खुफिया तंत्र ने भी जानकारी जुटाई। मुखबिर ने पुलिस को अहम सुराग दिए। इतना सब होने के बाद मदनवाड़ा थाना प्रभारी के साथ डीआरजी-आईटीबीपी ने ज्वाईंट ऑपरेशन किया। अरविंद तुलावी के घर रेड की गई। ट्रेक्टर को छुपाकर ग्राम गट्टामेटा केकेड़हुर में रखा गया था जिसे बरामद किया गया।

### अरविंद नक्सलियों का बड़ा मददगार

पुलिस की पकड़ में आने के बाद अरविंद ने कई राज उगले। उसने बताया कि, इस ट्रेक्टर को किराए पर देने के व्यवसाय से होने वाली आमदनी असल में नक्सलियों को आर्थिक फायदा पहुंचा रही थी। उसने बताया कि वह माओवादी कमांडर बलदेव उर्फअशोक रेड्डी, विजय रेड्डी उर्फशंकर, लोकेश सलामे उर्फहरसिंग से बीते 10 सालों से संपर्क में है। इस दौरान वह कई बार जिला कांकेर के मेसपी, वट्टेकल, कलपर, हापाटोला आदि गांव में जाकर नक्सलियों के लिए सामान छोड़ने का काम करता रहा। वह कई बार नक्सल नेताओं की बैठकों में भी शामिल हुआ।

### सामने आया पंचायत सचिव का माओवाद से लिंक

नक्सलियों के लिए ट्रेक्टर खरीदने के लिए पंचायत सचिव महेश मेश्राम ने दस्तावेज जुटाए थे। पुलिस ने बताया है कि वर्तमान में ग्राम कनेली पंचायत सचिव महेश लंबे समय से नक्सलियों के संपर्क में है। वे समय समय पर नक्सल कैडर के लीडर्स से अलग-अलग जगहों पर मिलता रहा। उसने उन्हें कई तरह की मदद भी मुहैया कराई। कई मामलों में नक्सली उसकी सालों से मदद ले रहे हैं। उसने कभी पुलिस को इसकी भनक नहीं लगने दी थी। लेकिन अरविंद के पुलिस की पकड़ में आने के बाद सारा मामला खुल गया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी अंबागढ़ चौकी निरीक्षक अश्वनी राठौर, मदनवाड़ा थाना प्रभारी उप निरीक्षक सतीश साहू, मानपुर थाना प्रभारी उप निरीक्षक रविशंकर डहरिया एवं आईटीबीपी फोर्स, डीआरजी के जवान एवं थाना स्टाफशामिल रहा।

### इस कार्रवाई से पुलिस को काफी कुछ हासिल

नक्सल कैडर अपनी जरुरतों के लिए व्यवसाय कर रहे हैं। खरीदे गए ट्रेक्टर से वे माड़ इलाके में खेती कर रहे थे। इसके अलावा वे इसे किराए पर देकर भी रकम जुटा रहे थे। नक्सल सहयोगियों के पकड़ में आने के बाद पुलिस को काफी नई जानकारियां मिल रही है। इन गिरफ्तारियों से नक्सलियों को बड़ा नुकसान संभव है। पुलिस के हाथ उनके आर्थिक मदद मुहैया कराने वाले सोर्स की जानकारी लग सकती है। महेश और अरविंद ऐसे कई समझौतों में मध्यस्थ रहे हैं जिनमें नक्सलियों ने बड़ी रकम वसूली है। पुलिसिया पूछताछ में कई और नाम सामने आ सकते हैं। शहरों में मौजूद नक्सल नेटवर्क से जुड़े लोग के नेटवर्क तक पहुंचने में भी पुलिस को बड़ी मदद मिलेगी।

# नारी शौर्यता की प्रतीक है रानी दुर्गावती

## बूचाटोला में मना बलिदान दिवस



पायनियर संवाददाता छुरिया
www.dailypioneer.com

आदिवासी कोयतुर गोंड़ समाज ग्राम इकाई बूचाटोला के तत्वावधान में 24 जून को गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती की 460 वें बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यअतिथि जिला पंचायत सभापति ललिता कंवर थीं। अध्यक्षता समाज के ब्लाक अध्यक्ष दिनेश कोरेटी दिलेर ने किया। विशेष अतिथि सरपंच पवनबाई ध्रुर्वे, उपसरपंच रूपनाथ हारमें, समाज के ब्लाक संगठनमंत्री एवं ग्रामप्रबंधक दिलीप कोरेटी, समाज के महिला प्रभाग के अध्यक्ष अंबिका सलामें, समाज के कर्मचारी प्रभाग के ब्लाक अध्यक्ष महाजन कोमरे, पंच द्वय मीनाबाई हारमें एवं शारदा कोरेटी रहे। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यअतिथि ललिता कंवर ने कहा कि गोंड़वाना वीरांगना रानी दुर्गावती नारी शौर्यता की प्रतीक है। गोंड़ समाज मूलतः प्रकृति के पुजारी एवं जल-जंगल-जमीन के रक्षक हैं। दिनेश कोरेटी ने कहा कि हमारे गोंड़वाना का इतिहास अति प्राचीन एवं गौरवशाली रहा है। इस गौरवशाली इतिहास को कभी नहीं मिटने देंगे। सभा को पवनबाई ध्रुर्वे, रूपनाथ हारमें, दिलीप कोरेटी एवं महाजन कोमरे ने संबोधित कर सामाजिक एवं सांस्कृतिक एकता को बनाये रखने का आव्हान किया। स्वागत भाषण महिला प्रभाग के अध्यक्ष अंबिका सलामें, सफल संचालन भगवान दास पुरामे एवं आभार प्रदर्शन सविता पुरामे ने किया। इस अवसर पर कबड्डी के स्थानीय निवासिन व बालिका कबड्डी के राष्ट्रीय खिलाड़ी कु. छाया चन्द्रवंशी के माताजी हुमेश्वरी चन्द्रवंशी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण समाज प्रमुख सहित समाज के समस्त पैंसठ परिवार के लोग सैंकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

# रिश्ते को कलंकित करने वाले वृद्ध को अंतिम सांस तक कारावास की सजा

## नांदगांव फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने सुनाया फैसला

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

मानपुर क्षेत्र में एक नाबालिग नातिन से रेप करने वाले नाना के विरूद्ध आरोप साबित होने पर उसे अंतिम सांस तक सजा का फैसला नांदगांव फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट ने फैसला सुनाया है। अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक स्पेशल कोर्ट (पॉक्सो) राजनांदगांव पीठासीन न्यायाधीश अविनाश तिवारी ने अभियुक्त नाना को अंतिम सांस तक कारावास की सजा दी है। एक 12 वर्षीय नाबालिग नातिन से रेप करने वाले नाना के विरूद्ध आरोप साबित होने पर यह फैसला सुनाया गया। थाना मानपुर क्षेत्र के तहत निवासी 55 वर्षीय अभियुक्त को भारतीय दंड संहिता की धारा 363 के तहत 3 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 366 के तहत 5 वर्ष का सश्रम कारावास, धारा 376 (3) के तहत 20 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा दी गई है। पॉक्सो एक्ट की धारा 5(ढ़)/6 के तहत आजीवन कारावास (जिसका अभिप्राय अभियुक्त के शेष प्राकृत जीवन काल के लिए कारावास होगा) उक्त धाराओं में कुल 31500 रुपए का अर्थदंड की सजा का दंडादेश पारित किया गया है। मामले में शासन की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक (पॉक्सो एक्ट) परवेज अख्तर ने की। उन्होंने बताया कि 12 वर्षीय पीड़िता के 5वीं पास होने के बाद गांव में आगे की पढ़ाई की सुविधा नहीं होने के कारण उसके माता-पिता ने आगे पढ़ाई के लिए उसे नाना के यहां भेजा था। पीड़िता के सो जाने पर नाना ने उसे जंगल में ले जाकर कई बार रेप किया। आरोपी ने फिर पीड़िता को जंगल में ले जाने प्रयास किया तो पीड़िता के रोने और चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। घटना की जानकारी होने पर पीड़िता के भाई ने थाना मानपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई। विवेचना के बाद थाना प्रभारी मानपुर ने चालान विचारण के लिए विशेष न्यायालय के समक्ष पेश किया गया था।

# घर से निकले बच्चे गुम, पुलिस तलाश में जुटी

**राजनांदगांव।** डोंगरगांव क्षेत्र के ग्राम किरगी के तीन नाबालिग घर से भाग निकले हैं। इनकी उम्र 14, 11 और 10 साल है। यह बच्चे रविवार से घर से निकले हैं। पुलिस इनकी तलाश में लगी हुई है। डोंगरगांव थाना प्रभारी उपेंद्र कुशवाहा ने बताया कि, तीनों बच्चों को अर्जुनी के होटल में देखा गया था। यहां से वे बस में सवार होकर निकले हैं। एहतियात बरतते हुए पुलिस उनकी खोजबीन में जुटी है। इनमें से एक बालक के पास कुछ पैसे हैं जो उसने अपने ही परिजनों से लिए थे। उनकी तलाश के लिए टीम गठित की गई है। रविवार को बच्चों के लापता होने के बाद परिजन पूरे दिन उनकी खोज-खबर ली लेकिन वे नहीं मिले। सोमवार को इसकी सूचना पुलिस को दी गई। परिजनों ने पुलिस को बच्चों के संबंध में विस्तृत जानकारी दी है।

# शराब पीकर स्कूल पहुंचे तो खैर नहीं कलेक्टर ने कहा बर्खास्तगी की कार्रवाई होगी

## स्कूलों के खुलने से पहले तैयारियों की समीक्षा



पायनियर संवाददाता मोहला
www.dailypioneer.com

कलेक्टर एस जयवर्धन ने जिलाधिकारियों की बैठक ली। कलेक्टर ने कई शिक्षकों के द्वारा शराब सेवन कर स्कूल आने की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को कड़े निर्देश देते हुए कहा है कि ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्रवाई करें। कलेक्टर ने बेहद गंभीरता से निर्देशित करते हुए कहा कि ऐसे शिक्षकों के विरुद्ध सीधे तौर पर बर्खास्तगी की कार्रवाई किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की कोई रियायत नहीं देने कहा गया है। कलेक्टर ने बैठक में शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं, सेवाओं और कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी अधिकारी प्राथमिकता के साथ योजनाओं का क्रियान्वयन करें। बैठक में कहा कि संबंधित विभाग के जिला अधिकारियों की महती जिम्मेदारी है कि वह योजनाओं का क्रियान्वयन प्राथमिकता से करें। योजनाओं के क्रियान्वयन में अपेक्षित प्रगति में कमी पाए जाने पर संबंधित अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।

**खेती पर जोर, किसानों को दिक्कत न हो**–कलेक्टर ने मानसून में आई सक्रियता को ध्यान में रखते हुए किसानों की मांग के अनुसार खाद बीज का वितरण करने एवं केसीसी लोन स्वीकृत करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि किसानों को किसी भी प्रकार की कोई दिक्कत ना हो इसका विशेष ध्यान रखते हुए सहकारी बैंक इस दिशा में कार्यवाही करें। कलेक्टर ने बैठक में सभी विभागीय अधिकारियों को अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन प्राथमिकता से करने के निर्देश दिए हैं।

# राजनांदगांव के दो वेटलिफ्टर डोपिंग टेस्ट में फेल, वेटलिफ्टर और ट्रेनर चार साल के लिए सस्पेंड

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के दो वेटलिफ्टर डोपिंग टेस्ट में दोषी पाए गए हैं। नेशनल वेट लिफ्टिंग फेडरेशन ने कार्रवाई करते हुए दोनों को 4 साल के लिए निलंबित कर दिया है। इनमें एक महिला और एक पुरूष खिलाड़ी है। जानकारी के मुताबिक शहर के जय भवानी व्यायाम शाला से जुड़े वेटलिफ्टर मिथलेश सोनकर और महिला वेटलिफ्टर एकता बंजारे को डोप टेस्ट में दोषी पाया गया है। दोनों को भारतीय भारोत्तोलन संघ नोएडा नई दिल्ली द्वारा निलंबित किया गया है। एसोसिएशन ने छत्तीसगढ़ वेट लिफ्टिंग एसोसिएशन को इस आशय की जानकारी दी है। काफी विचार विमर्श के बाद दोनों खिलाड़ियों को निलंबित किया गया है। साथ ही प्रशिक्षक अजय लोहार भी निलंबित किए गए हैं। प्रदेश एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय बघेल के निर्देश पर सचिव डॉ. राजेश जंघेल ने दोनों वेट लिफ्टरों को अगले 4 वर्षों के लिए निलंबित किया है। प्रशिक्षक अजय लोहार 2024 से 2028 तक निलंबित रहेंगे। एकता बंजारे पूर्व में राष्ट्रीय स्तर पर हुए खेल में काफी उपलब्धियां हासिल की है। मिथलेश सोनकर भी एक अच्छे वेटलिफ्टर माने जाते हैं।

# बालक वर्ग में मेजबान राजनांदगांव व बालिका वर्ग में सांई राजनांदगांव बनी चैंपियन

- छत्तीसगढ़ राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता का समापन

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




5वीं छत्तीसगढ सब जूनियर राज्यस्तरीय बालक बालिका हॉकी प्रतियोगिता का खिताब बालक वर्ग में मेजबान राजनांदगांव व बालिका वर्ग में सांई राजनांदगांव ने अपने नाम किया है। अंतिम दिन बालिका वर्ग का फायनल मैच हॉकी दुर्ग विरूद्ध सांई राजनांदगांव और राजनांदगांव विरूद्ध स्पोटर्स हॉकी अकादमी रायपुर के मध्य खेला गया। पराजित टीमें दूसरे स्थान पर रहीं। इस प्रतियोगिता में दोनो वर्ग के तीसरे व चौथे स्थान के लिए मैच खेले मुकाबले में बालिका वर्ग में मेजबान राजनांदगांव व बालक वर्ग में हॉकी दुर्ग ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं बालक वर्ग में खेले गए मैच में हॉकी दुर्ग ने हॉकी बिलासपुर को 4-1 गोल से पराजित कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम राजनांदगांव में पूर्व सांसद मधुसूदन यादव के मुख्य आतिथ्य, निगम नेता प्रतिपक्ष किशुन यदू की अध्यक्षता, अंतर्राष्ट्रीय व्हालीबॉल खिलाड़ी रेखा पदम के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित हुआ। इस दौरान छत्तीसगढ हॉकी अध्यक्ष फिरोज अंसारी, नीलम जैन, सुआशा थॉमस, शिवनारायाण धकेता, रामअवतार जोशी, गणेश प्रसाद शर्मा, भगवत यादव, चंदन भारद्धाज,रणविजय प्रताप सिंह, महेन्द्र ठाकुर, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाडी मृणाल चौबे , प्रिंस भाटिया, अनुराज श्रीवास्तव, शिवा चौबे, अजय झा, योगेश द्विवेदी, राजू वर्मा, घनश्याम प्रसाद, छोटे लाल की उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर अंतर्राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी अनिशा साहू व भुमिक्षा साहू का सम्मान किया गया। आयोजन में मुख्यअतिथि मधुसूदन यादव ने कहा कि वरिष्ठ खिलाडियों को देख कर अच्छा लगा इसी का फल है कि यह हॉकी नर्सरी लगातार आगे बढ रही है। हमारे शहर की दो बालिकाओं ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल कर शहर का नाम रौशन किया। आज फायनल मैच में दोनो टीमो ने बहुत अच्छे खेल का प्रदर्शन किया। छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष फिरोज अंसारी ने कहा कि इस तरह के आयोजन से सुदुर क्षेत्रो में भी हॉकी को बढ़ावा मिला है। जिससे प्रतिभाओं को आगे लाने का मौका हमे मिला। 25 जून से बालक व बालिका वर्ग की राज्यस्तरीय हॉकी प्रतियोगिता आयोजित हो रही है। 21 जुलाई से 28 जुलाई तक वेस्ट जोन जूनियर बालक बालिका की प्रतियोगिता भी आयोजित होगी।

प्रतियोगिता में आयोजन समिति के अमित माथुर, तीरथ गोवस्वामी, शकिल अहमद, सचिन खोब्रागढे, अभिनव मिश्रा, खेमराज सिन्हा, आशीष सिन्हा, खुशाल यादव, तकनीकी अधिकारी व निर्णायकगण का सहायोग रहा।

**आपातकाल की बरसी पर कांग्रेसी तानाशाही पर बरसे**

# कांग्रेस के डीएनए में लोकतंत्र का सम्मान नहीं है: शिवरतन शर्मा

पायनियर संवाददाता राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




कांग्रेस द्वारा देश में 1975 में लगाए गए आपातकाल के षड्यंत्र को जन जन तक पहुंचाने हेतु प्रदेश भाजपा के आवाहन पर प्रत्येक जिलों में आपातकाल स्मृति दिवस के रूप में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिला भाजपा अध्यक्ष रमेश पटेल ने बताया कि जिला भाजपा कार्यालय में आहुत विचार गोष्ठी में मुख्य वक्ता के रूप में शिवरतन शर्मा ने अपने उद्गार व्यक्त किए। भाटापारा के पूर्व विधायक एवं प्रदेश भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा सत्ता बरकरार रखने के लिए संवैधानिक तरीकों का इस्तेमाल करने का इतिहास रहा है। 1975 में इंदिरा गांधी ने हमारे लोकतंत्र की हत्या में मर्यादा की सारी हर पर कर दी थी। कहा कि आज 49 वर्षों के बाद हम आपातकाल को इसलिए याद कर रहे हैं क्योंकि आज भी कांग्रेस की नीति में संविधान और उसके सिद्धांतों के प्रति सम्मान की कमी है। शर्मा ने कांग्रेस के इतिहास के 21 माह पर प्रकाश डालते हुए बताया कि 1971 के चुनाव में इंदिरा गांधी के भ्रष्ट प्रयासों के आधार पर चुनाव परिणाम को इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा रद्द कर दिया गया था, प्रति उत्तर में 25 जून 1975 की आधी रात में मंत्रिपरिषद को सूचित किए बिना राष्ट्रपति को आपातकाल की घोषणा पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया। कुल मिलाकर 14 लाख लोगों को गिरफ्तार किया गया, जिसमें 22 लोगों की हिरासत में मौत हो गई। शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं को बताया कि काले इतिहास की पहली सुबह समाचार पत्रों के प्रकाशन को रोकने के लिए दिल्ली के सभी हिस्सों में बिजली बंद कर दी गई। संपन्न लोकसभा चुनाव में कांग्रेस द्वारा झूठा प्रचार किया गया और डर का माहौल बनाया गया कि यह चुनाव आखिरी चुनाव होगा। मोदी जी आगे चुनाव नहीं होने देंगे, और यह भी दुष्प्रचार किया गया भाजपा संविधान बदल देगी, परंतु संविधान को बदलने का कार्य आपातकाल में कांग्रेस ने किया था। शिवरतन शर्मा ने बताया कि 1976 में संजय गांधी ने नए अभियान की शुरुआत की, मुख्यमंत्रियों को नसबंदी के लक्ष्य सौंप गए। जबरन परिवार नियोजन का विरोध करने वालों को गिरफ्तार किया गया। लोगों को पकड़ पकड़ कर जबरन नसबंदी की गई। उन्होंने कहा कि आज भी कांग्रेस सत्ता में आने के लिए असंवैधानिक और अनैतिक सिद्धांत अपनाने के लिए तैयार बैठी है। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री रविंद्र वैष्णव व आभार प्रदर्शन सावन वर्मा ने किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष रमेश पटेल, सचिन बघेल,नीलू शर्मा,विनोद खांडेकर,खेदूराम साहू,सुरेंद्र सिंह बन्नोवाना,शशिकांत द्विवेदी, सावन वर्मा,राजेश श्यामकर,अशोक देवांगन, तरुण लहरवानी,अतुल रायजादा,रोहित चंद्राकर,आलोक बिंदल,नरेश बैद,पूर्णिमा साहू,किरण साहू, शिव वर्मा,रघुवीर वाधवा,सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### मीसाबंदियों का सम्मान किया गया

विचार गोष्ठी की शुरुआत भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता नीलू शर्मा,वरिष्ठ नेता राजेंद्र गोलछा,दिनेश गांधी ने संबोधित किया। विचार गोष्ठी के पश्चात जिले में निवासरत मीसा बंदियों का एवं उनके परिजनों का जिला भाजपा द्वारा सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें अंबिका तिवारी स्वर्गीय मदन तिवारी, छाया गुप्ता स्वर्गीय काशी प्रसाद गुप्ता, इंद्रजीत सिंह भाटिया, बसंतलता स्वर्गीय रामकृष्ण निर्वाणी, कुलवंत सिंह कक्कड़ सुल्तान बेन, स्वर्गीय बच्चू भाई उदयनी, शारदा रानी छाबड़ा ज्ञान सिंह छाबड़ा, गुरुचरण कौर स्वर्गीय हरमहेंद्र सिंह, प्रभाकर राव गिरधर, स्व गंगाधर चौधरी मुरलीधर चौधरी का सम्मान हुआ।

# बाइक चोरों को पकड़ने में पुलिस को मिली सफलता

# चोरी की 07 मोटर सायकल के साथ 03 आरोपी गिरफ्तार

- **प्लांट में ठेकेदार के अधीन वेल्डर व फीटर के काम की आड में चुरा रहे थे शहर से बाइक**
- **शातिर चोर बाइक के लॉक खोलने में माहिर, पुलिस को मिले हैं आरोपियों के अपराधिक रिकॉर्ड**

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com






बाइक चोरी एवं संपत्ति संबंधी अपराधों पर अंकुश लगाने एसपी दिव्यांग कुमार पटेल द्वारा सभी थाना, चौकी प्रभारियों को उनके क्षेत्र के संपत्ति संबंधी अपराधों में चालान हुए आरोपी तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर निगाह रखकर कार्यवाही का निर्देश दिया गया है। इसी परिपेक्ष्य में थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक त्रिनाथ त्रिपाठी द्वारा मुखबिर लगाकर चोरी की बाइक में माल-मुल्जिम की पतासाजी की जा रही थी कि थाना कोतरारोड़ क्षेत्र से 20 जून को एक मोटरसाइकिल पैशन प्रो सीजी 13 एक्स 4228 चोरी हुई थी, मामले में थाना कोतरारोड में अज्ञात आरोपी के विरुद्ध धारा 379 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर माल मुलाजिम पतासाजी दौरान घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज निकला गया। फुटेज में दिख रहा है संदेही के फोटोग्राफ्स थाना प्रभारी अपने मुखबिरों को शेयर कर स्टाफ के साथ संदिग्ध के पतासाजी में जुटी हुई थी कि मुखबिर से चोरी मोटरसाइकिल पैशन प्रो को ग्राम उच्चभिट्ठी में रहने वाला राकेश कुमार चंद्रा चोरी कर छिपाकर रखे होने की सूचना दिया। तत्काल कोतरारोड़ पुलिस द्वारा किरोड़ीमल नगर आजाद चैक के पास संदेही राकेश कुमार चंद्रा को हिरासत में लिया गया जिससे पूछताछ करने पर अपने साथी अखिलेश कश्यप मूल निवास ग्राम जोबी, नैला हाल मुकाम किरोड़ीमल नगर कोतरारोड़ के साथ 07 बाइक चोरी करना बताया, जिसमें एक जिंदल पार्किंग पतरापाली में पैशन प्रो मोटरसाइकिल को चोरी करना स्वीकार किया। आरोपी राकेश कुमार चंद्रा ने 03 बाइक अपने पास और 02 बाइक को उसका साथी अखिलेश कश्यप तथा चोरी के 02 बाइक को उसके गांव के चाचा मनोज कुमार चंद्रा के पास बिक्री करने हेतु रखना बताया। कोतरारोड़ पुलिस ने आरोपी राकेश कुमार चंद्रा के कब्जे से मोटर साइकिल पैशन प्रो सीजी 13 एक्स 4228, एक बजाज पल्सर और एक मोटर सायकल की जप्ती की गई है। आरोपी राकेश चंद्रा से मिली जानकारी पर पुलिस ने अखिलेश कश्यप को गणेश चौक किरोड़ीमल नगर उसके किराए मकान पर दबिश देकर हिरासत में लिया गया अखिलेश कश्यप से एक लाल रंग का हीरो सीडी डीलक्स और एक लाल काला रंग का पल्सर बाइक की जप्ती की गई है जिसके पश्चात पुलिस टीम ग्राम गलगलडीह थाना जैजेपुर आरोपी मनोज कुमार चंद्रा के निवास पर दबिश दिया आरोपी से एक बाइक यामाहा 15 और एक हीरो होंडा मोटरसाइकिल सीजी 13 आर 9373 को उसके घर से बरामद कर जप्त किया गया है। आरोपियों की संख्या एक से अधिक होने तथा आरोपी मनोज चंद्रा द्वारा चोरी की संपत्ति रखने पर प्रकरण में धारा 34, 411 आईपीसी विस्तारित किया गया। आरोपियों से चोरी की कुल 7 बाइक कीमती 5,30,000 बरामद करने में पुलिस को सफलता मिली है। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

# आदिवासियों की जमीन पर भू माफियों की नजर

## जमीन को बेचने परिवार पर बना रहे हैं दबाव

पायनियर संवाददाता ◄ शिवरीनारायण
www.dailypioneer.com



टेम्पल सिटी शिवरीनारायण राज्य का प्रमुख धार्मिक एवं व्यापारिक केन्द्र होने से यहां की जमीन की कीमत आसमान को छू रही है इसी बात का फायदा उठाने नगर में कुछ भू माफिया काफी सक्रिय है जो किसानों की जमीन (खेत व बंजर भूमि) को सस्ते दामों में खरीद व अवैध प्लाटिंग कर उन्हे महंगे दामों में बेच रहे हैं। यदि कोई किसान भू माफियों को जमीन बेचने से इंकार करते हैं तो उन्हे तरह-तरह से परेशान किया जाता हैं, जिससे किसान परेशान होकर अपनी जमीन भू माफियों को बेचने मजबूर हो जाते हैं। शिवरीनारायण में काफी लम्बे अर्से से एक आदिवासी परिवार रहता है जिनका मुखिया भवंर सिंह ध्रुव है। भवंर सिंह का कहना है कि शिवरीनारायण में उनके परिवार के नाम पर लगभग 4 एकड़ पैतृक जमीन है जिसमें से कुछ धनहा है और कुछ जमीन बंजर है, विगत कुछ समय से इस जमीन पर भू माफियों की नजर लगी हुई है और वे लोग हमें जमीन को बेचने के लिए बार बार बोल रहे हैं हम लोग अपनी जमीन बेचना नही चाह रहे हैं। भवंर सिंह का कहना कि उनके परिवार का कुछ सदस्य बलौदाबाजार जिले के ग्राम राजा देवरी में रहते हैं भूमाफियों को मेरे व्दारा जमीन बेचने से इंकार करने पर वे लोग ग्राम राजा देवरी में जा कर उन्हे जमीन को बेचने प्रलोभन दे रहे हैं और बोल रहे हैं कि आप लोग जमीन बेचने को तैयार हो जाओ बाकि सारा काम कलेक्टर से अनुमति लेने से लेकर जमीन की रजिस्ट्री कराने तक के काम हम लोग करा देंगे तो वहीं कुछ भू माफिया हमें यह बोल कर डरा रहे हैं कि तुम्हारे जमीन के चारो तरफकी जमीन को हम सौदा कर चुके हैं यदि हम उस जमीन का घेरा बंदी कर देंगे तो तुम्हे अपने जमीन में आने जाने का रास्ता भी नही मिलेगा भू माफियो की इस तरह की बातों से हमारे घर परिवार में चिंता व कलह की स्थिति निर्मित हो रही है कि कहीं ये भू माफिया हमारे जमीन को किसी विवाद में न फंसा दे। उल्लेखनीय है कि शिवरीनारायण में भू माफिया किसानों की जमीन व खेतों को सस्ते दामों में सौदा व खरीद कर उनका अवैध प्लाटिंग कर रहे है और उन्हे मंहगे दामों में बेच कर नगर में अवैध कालोनियों का निर्माण कर रहे हैं इस स्थिति कि जानकारी स्थानीय राजस्व विभाग व नगर पंचायत के अधिकारियों को हैं फिर भी वे लोग मौन है जिससे शासन को काफी आर्थिक क्षति हो रही है और भू माफियों के हौसले बुलंद हो रहे हैं ।

# अब बदरा दिखाने लगा गर्मी, बदरा और पॉलिश कोढ़ा में 100-100 रुपए की तेज, रफी पहुंचा 2000 रुपए पर

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



अब बदरा, तेजी का संकेत देने लगा है। इशारा मिलते ही बदरा कोढ़ा क्विंटल पीछे 100 रुपए महंगा हो गया है। जबकि रफी और पॉलिश कोढ़ा पहले से ही उबल रहे हैं। रबी फसल खत्म। अब पशु आहार विक्रेताओं को खरीफ फसल की आवक तक इंतजार करना होगा। ऐसे में पशु आहार में सबसे ज्यादा बिकने वाले कोढ़ा में तेजी आने लगी है। कोढ़ा की तीनों किस्में क्विंटल पीछे 100 रुपए महंगी हो चुकी हैं। संकेत इनमें बढ़त के मिलने लगे हैं। ऐसे में पशुपालकों को महंगी दर पर खरीदी करनी होगी।

**सप्लाई लाईन शार्ट**-बदरा याने अधपका धान। रबी सत्र की फसल में ज्यादा निकलता है। इसमें भी महामाया धान में इसकी मात्रा ज्यादा होती है। ऐसे में चावल और पोहा मिलों से निकला बदरा, पशु आहार उत्पादन करने वाली इकाइयों से होता हुआ विक्रेता संस्थानों तक पहुंचता है। क्योंकि रबी फसल की आवक समाप्ति की ओर है, इसलिए मांग की तुलना में आपूर्ति बेहद कमजोर है।

**इसलिए दिखा रहा गर्मी**-खरीफ की फसल में कम से कम 4 माह का समय। इस सत्र की फसल में बदरा की मात्रा का कम होना और मांग का दबाव। यह तीनों मिलकर बदरा और बदरा कोढ़ा को गर्म किए हुए हैं। रही-सही कसर पड़ोसी जिलों की मांग पूरी कर रही है, जिन्हें आपूर्ति में इकाइयां प्राथमिकता दे रहीं हैं। ऐसे में संकेत दीर्घकालिक गर्मी के मिल रहे हैं।

**बदरा और कोढ़ा इस भाव पर**-खाद्य प्रसंस्करण ईकाइयां गीला बदरा 300 रुपए क्विंटल और सूखा बदरा 700 रुपए क्विंटल की दर पर विक्रय कर रहीं हैं। पशु आहार बनाने वाली इकाइयां बदरा कोढ़ा का विक्रय 900 रुपए क्विंटल पर कर रहीं हैं। जबकि चावल मिलों से निकला पॉलिश कोढ़ा 1100 रुपए क्विंटल और रफी का विक्रय 2000 रुपए क्विंटल पर किया जा रहा है।

# दीपक सोनी कलेक्टर बलौदाबाजार देर रात लवन कसडोल हॉस्पिटल पहुंचे

पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com



कलेक्टर दीपक सोनी ने स्वास्थ्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं का जायजा लेने देर रात लगभग 10 बजे लवन एवं कसडोल नगर स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुँचे. उन्होंने वहां ओपीडी रजिस्टर, कर्मचारियों की उपस्थिति रजिस्टर, फार्मेसी दवाइयों का स्टॉक रजिस्टर का अवलोकन किया। इसके साथ ही उन्होंने भर्ती हुए मरीजों एवं ओपीडी में पहुँचे मरीजों से मुलाकात कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मरीजों ने बताया कि समय पर हमको भोजन की उपलब्ध हो जाती है एवं दवाइयां भी हमे निःशुल्क मिल रही है। लवन हॉस्पिटल में निरीक्षण के दौरान कर्मचारियों ने स्टॉफक्वार्टर एवं हॉस्पिटल में जलभराव संबधित हों रही समस्याओं के बारे में अवगत कराया। जिस पर कलेक्टर ने सीएमओ को नाली निर्माण कर समस्या बिका समाधान करने का निर्देश दिए है। इसी तरह इसी तरह कसडोल में भी गार्ड कमी बताई गई जिस बीएमओ एवं एसडीएम को जीवनदीप के माध्यम से गार्ड रखने के निर्देश दिए है साथ ही ड्यूटी में नदारद मिले गार्ड पर कार्रवाई करने कहा गया है। निरीक्षण के दौरान सोनी ने साफ -सफाई पर और अधिक जोर देने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिए है। इसके साथ ही उन्होंने कसडोल में संचालित एनआरसी सेंटर पहुँचकर वहां एडीमेट हुए बच्चों के माताओं से मुलाकत कर जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को कुपोषित बच्चों का चिन्हाकन कर और अधिक बच्चों को भर्ती करने का निर्देश दिया है। जिनसे बच्चों को कुपोषण के प्रभाव से बचाया जा सकें। निरीक्षण के दौरान एसडीएम भूपेंद्र अग्रवाल,अंशुल वर्मा, बीएमओ सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

# नगर साहू समाज भाटापारा के नए अध्यक्ष नियुक्त हुए राजेश साहू

पायनियर संवाददाता ◄ भाटापारा
www.dailypioneer.com



नगर साहू समाज भाटापारा के नए अध्यक्ष के रूप में राजेश साहू की नियुक्ति की गई। वे पूर्व में सचिव पद पर अपने सफलतम दो कार्यकाल पूर्ण कर चुके है। इनका मनोनयन छ.ग. प्रदेश साहू संघ अध्यक्ष टहल सिंह साहू के अनुशंसा पर जिला साहू संघ अध्यक्ष सुनील साहू के द्वारा किया गया। इनकी नियुक्ति पर क्षेत्र के यशस्वी विधायक व संरक्षक नगर साहू समाज भाटापारा इन्द्र साव, जिला युवा प्रकोष्ठ संयोजक रवि साहू, जिला संगठन सचिव वीरबल साहू, पन्नालाल साहू, शंकर लाल साहू, पूर्व विधायक व तहसील अध्यक्ष चैतराम साहू, उपाध्यक्ष भरत साहू, कमलेश साहू, सचिव घनाराम साहू, कोषाध्यक्ष नरेश साहू, पूर्व तहसील अध्यक्ष दीनदयाल (रामु) साहू, नगर साहू समाज भाटापारा संस्थापक सदस्य घनाराम साहू, सुकृत साहू, मनीराम साहू, भंवर सिंह साहू, बाबूलाल साव, मोपर परिक्षेत्र अध्यक्ष सहदेव साहू, मोपका परिक्षेत्र अध्यक्ष कुलेश्वर साहू, सिंगारपुर परिक्षेत्र अध्यक्ष रामसागर साहू, तरेंगा परिक्षेत्र अध्यक्ष तिहारु साहू, नगर पदाधिकारीगण में भागवत साहू, लुकु साहू, तिलक साहू, जीत नारायण साव, नभ नारायण साहू, अजय (अमृतांशु), पिलाराम साहू, लखन साहू, नंदू साहू, संतोष साहू, अमृत साहू, संतोष (लालू) साहू, कमला साहू, राजलक्ष्मी साहू, प्रमिला साहू, हिरमत बाई साहू, सती साहू, सोनू साहू, लीकेश साहू, पीताम्बर साहू, लाला साहू, निकेश साव, पार्षद व सभापति रोहित साहू, गेंदू साव, जनपद सदस्य चंद्रप्रकाश साहू, रोशन साहू, सरपंच टिकुलिया संतोष साहू, दतरेंगी सरपंच हुलासराम साहू, देवरी सरपंच खेदूराम साहू के साथ ही बड़ी संख्या में साहू समाज के लोगो ने हर्ष व्यक्त किया।

# ससुराल से घर लौट रहे शख्स को तेज रफ्तार ट्रक ने कुचला

## आरोपी वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com

ससुराल से घर लौट रहे बाईक सवार युवक को ट्रक चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक के भाई की रिपोर्ट के बाद पुसौर पुलिस ने ट्रक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर मामले को जांच में ले लिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार पुसौर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम तडोला निवासी प्रसाद सिदार ने थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि वह एनटीपीसी लारा में काम करता है और वह लोग पांच भाई है। सभी भाईयों में रामप्रसाद सिदार बडा है। 20 जून को रामप्रसाद अपने ससुराल तमनार थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम जांजगीर अपनी पत्नी ललिता सिदार के साथ गया था। जहां रामप्रसाद अपनी पत्नी को मायके में छोड़कर 23 जून को वापस अपनी मोटर सायकल क्रमांक सीजी 13 यू ए 0584 से अपने गांव तडोला आ रहा था।

बाईक सवार रामप्रसाद रात करीब पौने 8 बजे जब गांव के करीब पुल के पास पहुंचा ही था कि सामने की तरफ से आ रहे ट्रक क्रमांक ओडी 16 एल 1699 के चालक ने तेज एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए रामप्रसाद और उसकी मोटर सायकल को कुचल दिया। इस दुर्घटना में रामप्रसाद के पैर के अलावा शरीर के अन्य हिस्सों में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी मौत हो गई। साथ ही साथ उसकी मोटर सायकल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई।

बहरहाल मृतक के भाई की रिपोर्ट के बाद पुसौर पुलिस ने आरोपी वाहन चालक के खिलाफधारा 304 ए के तहत अपराध दर्ज मामले को जांच में ले लिया है।

# आपातकाल पर हुई विचार गोष्ठी का आयोजन

## भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया संघर्ष शिल बजरंग मुनि का सम्मान

पायनियर संवाददाता ◄ बलरामपुर
www.dailypioneer.com




स्थानीय भाजपा कार्यालय में भारतीय लोकतंत्र और राजनीति के सबसे काले अध्याय 25 जून 1975 आपातकाल पर विचार गोष्ठी भाजपा संभागीय प्रभारी राजा पाण्डे के मुख्य अतिथि एवं जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल के अध्यक्षता में तथा समाजिक विचार प्रमुख बजरंग मुनि,सुभाष जायसवाल, अंबिका सिंह के विशेष उपस्थित में विचार गोष्ठी का आयोजित किया गया। इस विचार गोष्ठी में संभागीय प्रभारी राजा पाण्डे ने कहा कि आपातकाल के इतिहास के पहले एवं बाद में भी कांग्रेस के सरकार द्वारा देश के नागरिकों का अधिकार छिनने का काम किया। व्ही भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल ने कहा कि स्वतंत्र भारत के इतिहास में आपातकाल के समय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ एवं भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को टारगेट करके उन्हें जेल में डाला गया यह दिन सबसे काला दिन था। आपातकाल के खिलाफलड़ाई लड़ने वाले एवं संघर्ष करने वाले-बजरंग मुनि को साल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया।

इस दौरान भाजपा पुर्व जिलाध्यक्ष गोपाल कृष्ण मिश्रा, वरिष्ठ भाजपा नेता कृष्णा गुप्ता, कन्हैयालाल अग्रवाल,भाजपा जिला उपाध्यक्ष ओमप्रकाश सोनी,भाजपा जिला महामंत्री दिननाथ यादव, व्यापार प्रकोष्ठ जिला संयोजक अरुण केसरी, संजय गुप्ता, बलरामपुर जनपद अध्यक्ष विनय पैकरा, उपाध्यक्ष भानु प्रकाश दिक्षित, बी.डी. लाल गुप्ता, मीडिया प्रभारी अजय यादव मंडल अध्यक्ष दिलीप सोनी, रामानुजगंज मण्डल अध्यक्ष शर्मिला गुप्ता,विनय यादव,रजनी सोनी, श्रवण यादव, विशाल सिंह, मंगलम पांडे सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# पहले डर से दूसरे के नाम पर दर्ज कराई रिपोर्ट, पकड़ी गई तो बदला नाम

## आखिरकार नाबालिग से दुष्कर्म का आरोपी सारंगढ़ से गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ रायगढ़
www.dailypioneer.com



थाना घरघोड़ा में नाबालिक बालिका उसके परिजनों के साथ आकर अजय (परिवर्तित नाम) निवासी खरसिया के विरुद्ध लिखित आवेदन देकर दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज कराई। बालिका के लिखित आवेदन अनुसार जनवरी 2024 को अजय इसके गांव सड़क बनाने मजदूरी का काम करने आया था जिससे जान परिचय हुआ और अजय से मोबाइल पर बात करती थी। अजय ने 01 मार्च को स्कूल से घर वापस लौटते समय जंगल में ले जाकर शारीरिक संबंध बनाया था। बालिका के रिपोर्ट पर धारा 376(2)(द) और 4,6 पॉक्सो एक्ट कायम कर महिला संबंधी अपराध में समय सीमा का परिपालन करते हुए तत्काल घरघोड़ा पुलिस संदेही अजय (परिवर्तित नाम) को हिरासत में लिया गया। पूछताछ में संदेही अजय द्वारा बालिका से केवल मोबाइल में बातचीत करना बताते हुए बालिका से कभी नहीं मिलना कहकर घटना कारित करने से इनकार किया। बालिका के बताए अनुसार घटना 01 मार्च का संदेही के मोबाइल डिटेल की भी जांच की गई जो बालिका के बताये घटनास्थल से भिन्न था। बालिका का महिला पुलिस अधिकारी एवं न्यायालयीन कथन पृथक से कराया गया जिसमें बालिका ने अजय से केवल बातचीत होना बताई और परिवारवालों के डर से आनन-फानन में अजय के नाम पर थ्र् दर्ज करायी जबकि असल में उसके साथ दुष्कर्म राजेश पाल निवासी पोडीदलहा अकलतरा हा.मु. चिराईपानी रायगढ़ ने किया है। घरघोड़ा पुलिस द्वारा संदेही राजेश पाल और पीड़िता का मोबाइल का डिटेल निकल गया जिसमें पिछ्ले 6 महीनों में करीब 1500 बार कॉल मैसेज का आदान प्रदान हुआ है। तत्काल घरघोड़ा पुलिस द्वारा संदेही राजेश पाल को सारंगढ़ में दबिश देकर पकड़ा गया तथा पीड़िता का तहसीलदार घरघोड़ा के समक्ष संदेही से शिनाख्तगी कराई गई। संदेही राजेश पाल को देखकर बालिका पहचान की है। आरोपी राजेश पाल सुंदर लाल पाल उम्र 23 वर्ष सा. ग्राम पोड़ीदलहा थाना अकलतरा जिला जांजगीर-चांपा हा.मु. किराये का मकान ग्राम चिराईपाली किरोडीमल थाना कोतरारोड जिला रायगढ़ से मोबाइल की जप्ती कर आरोपी को दुष्कर्म के अपराध में घरघोड़ा पुलिस द्वारा गिरफ्तार का न्यायाधीश रिमांड पर भेजा गया है।

**समय-सीमा की बैठक में अधिकारियों को दिए निर्देश, कलेक्टर ने की आज से प्रारंभ हो रहे शाला प्रवेश उत्सव की तैयारियों की समीक्षा की**

# जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिशिचत करें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com



कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने स्वास्थ्य एवं संबंधित विभाग के अधिकारियों को वर्षा ऋतु के मद्देनजर जिले में डायरिया एवं अन्य जल जनित बीमारियों की रोकथाम हेतु पुख्ता उपाय सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल मंगलवार को संयुक्त जिला कार्यालय सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में जिले में डायरिया उन्मूलन एवं सिकलसेल की रोकथाम हेतु किए जा रहे उपायों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में उन्होंने शिक्षा विभागके अधिकारियों को आज से प्रारंभ हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली एवं इसके लिए सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर चन्द्रकांत कौशिक एवं जिले के सभी राजस्व अनुविभागीय अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। बैठक में उन्होंने जिले में डायरिया की रोकथाम की प्रभावी उपाय सुनिश्चित हो सके इसके लिए उन्होंने आम जनता को शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने के अलावा सार्वजनिक शौचालयों की नियमित साफ -सफाई कराने के निर्देश दिए। इसके अलावा जिले के अस्पतालों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं तथा मितानिनों के पास समुचित मात्रा में दवाइयां एवं ओआरएस का पैकेट आदि की पर्याप्त मात्रा में उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से जिले में डायरिया उन्मूलन हेतु किए जा रहे कार्यों के संबंध में जानकारी ली।

**डायरिया उन्मूलन अभियान 4 चरणों मे होगा संपन्न**-उन्होंने एक जुलाई से 31 अगस्त तक चलाए जा रहे डायरिया उन्मूलन अभियान के अंतर्गत किए जाने वाले विभिन्न क्रियाकलापों के संबंध में भी जानकारी ली। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को डायरिया के नियंत्रण हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश भी दिए। इसके अंतर्गत उन्होंने आम जनता को वर्षा ऋतु के दौरान उबला पानी पीने एवं भोजन के पहले हाथों की साफ -सफाई करने आदि के संबंध में जानकारी देने को कहा। इंद्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले में डायरिया उन्मूलन अभियान 04 चरणों में संपन्न होगा। इस अभियान में उन्होंने जिले के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

**सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा करने के निर्देश**-बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा विभाग के अधिकारियों से आज 26 जून से प्रारंभ हो रहे शाला प्रवेश उत्सव के तैयारियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जिले के सभी शालाओं में शाला प्रवेश उत्सव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने 20 जून को दल्लीराजहरा शहर के व्यवस्थाओं के अवलोकन के दौरान दिए गए निर्देशों पर की गई कार्यवाही के संबंध में एसडीएम रामकुमार सोनकर एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी से जानकारी ली। इसके अंतर्गत उन्होंने बस स्टैण्ड में स्ट्रीट लाईट की रोशनी समुचित रूप से पहुँच सके इसके लिए बस स्टैण्ड के घने पेड़ों की छटाई तथा शौचालय निर्माण के कार्य की प्रगति के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने पुराना बाजार में संचालित पुरानी सब्जी मण्डी को पुनः प्रारंभ करने तथा वीर नारायण सिंह चौक से शहीद अस्पताल मार्ग के डामरीकरण के अपूर्ण कार्य को पूरा कराने हेतु की जा रही कार्यवाही के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को इन सभी कार्यों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने समय-सीमा की लंबित प्रकरणों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को सभी प्रकरणों का शीघ्र निराकरण सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर जिले में नीट एवं शिक्षक पात्रता परीक्षा के सफलतापूर्वक आयोजन की सराहना करते हुए इसके लिए परीक्षा कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने अधिकारियों कर्मचारियों के बीच समीक्षा बैठक में शामिल हुए



पायनियर संवाददाता ◄ लवन
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य मंत्री व बलौदाबाजार जिला के प्रभारी मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल मंगलवार 25 जून को गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के अरपा सभा कक्ष में कलेक्टर एस सहित तमाम अधिकारियों कर्मचारियों के बीच विभागीय गतिविधियों की समीक्षा की।इस दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, पेयजल, पर्यटन विकास पर सहित किसानों की आय बढ़ाने कृषि के अलावा मछली पालन और उद्यानिकी फसलों की खेती के लिए प्रेरित करने एवं राजस्व मामले के एक भी प्रकरण लंबित ना हो, सहित सीमांकन के सभी 90 लंबित प्रकरण एक सप्ताह के भीतर करें निराकृत करने के निर्देश दिये।

# महंगाई की मार : रीयल एस्टेट का कारोबार पड़ा ठंडा

## रायपुर में अपार्टमेटों की कीमत दिल्ली नोएडा के बराबर पहुंची, घर खरीदी मध्यमवर्ग के दायरे से बाहर

गुणवंत साहू < रायपुर
www.dailypioneer.com

रायपुर में रीयल एस्टेट का कारोबार इन दिनों ठंडा पड़ा हुआ है। बढ़ती कीमतों के कारण बड़ी आबादी वाला मध्यम वर्ग इन दिनों मकानों और फ्लैटों की खरीददारी से दूरी बनाते दिख रहा है। दरअसल में रायपुर में पिछले कुछ वर्षों में मकानों और अपार्टमेन्टों की कीमतों में बेतहासा वृद्वि हुई है। आलम यह है कि अच्छे सोसायटियों के अपार्टमेंटों और मकानों की कीमत दिल्ली-नोएडा के बराबर पहुंच चुकी है। कीमतों में बेतहासा वृद्वि के कारण चारों ओर निर्माण की जा रही सोसायटियों में ग्राहकों की रुचि इन दिनों नहीं दिख रही है। वहीं यह साल तकरीबन आधा बीत चुका है, जिसमें नई योजनाओं में खरीददार और डेव्लेपर की रुचि भी कुछ खास नहीं दिख रही है जिसके कारण रेरा में नई योजनाओं के पंजीयन की संख्या में भी गिरावट देखी जा रही है। लक्जरी निर्माण की दरें मध्यमवर्गीय परिवार के खरीदी से दूर होते जा रही है। सम्भवतः इसीलिए बढ़ती मंहगाई के कारण छत्तीसगढ में रीयल एस्टेट का कारोबार इस साल ठंडा पड़ा हुआ है।



फाइल फोटो

### पंजीयन में गिरावट

रेरा के आकडों की बात करें तो इस साल अभी तक मात्र 80-82 सोसायटियों का ही रेरा में पंजीयन हुआ है। इसके साथ ही बीते साल में भी केवल 137 योजनाओं का ही पंजीयन कराया गया। वहीं कोरोनाकाल के बाद रिकार्ड पंजीयन कराया गया वर्ष 2022 में 273 योजनाएं लांच हुई। रेरा में हुए पंजीयन से अनुमान लागया जा सकता है कि इन दिनों रीयल एस्टेट में ग्राहकों की कोई खास रुचि नहीं दिख रही है।

### समयावधि में प्रोजेक्ट हैण्डओवर नहीं कर पा रहे बिल्डर

ज्यादातर बिल्डर निर्धारित समयावधि में प्रोजेक्टों को सोसायटियों को हैंडओवर नहीं कर पा रहे हैं। इसके पीछे प्रमुख वजह बिक्री न होना पाया जा रहा है। दरअसल में डेव्लेपर या बिल्डर को निर्धारित समयावधि में प्रोजेक्ट सोसायटियों को हैंडआवर करना होता है। लेकिन वह ऐसा नहीं करते, समयावधि पूरा होने के बाद भी बिल्डर अपना नियंत्रण बनाए रखते हैं।

### क्या है वजह जिससे कारोबार ठंडा पड़ा?

दरअसल में रीयल एस्टेट का कारोबार ठंडा पड़ने का प्रमुख कारण यहां पर ज्यादातर प्रोजेक्टों को लक्जरियस बनाया जाना बताया जा रहा है। जिसके कारण आज 1000 वर्गफुट में बने मकानों की कीमत 65 से 75 लाख पहुंच गई है। वही 1200 से 1500 के प्लाट में निर्मित मकानों की कीमत 1 करोड़ से उपर पहुंच चुकी है। इसके साथ ही 2 बीएचके फ्लैटों की कीमत 40 से 50 लाख तक पहुंच गई है, वहीं 3 बीएचके फ्लैट राजधानी में 55 से 75 लाख तक बिक रहे है। कुछ खास सोसायटियों में अपार्टमेटों की कीमत 1 करोड़ रुपये से उपर पहुंच चुकी है। ऐसे में बड़ी संख्या में निवासरत मध्यमवर्गीय परिवार के लिए मकान और अपार्टमेंट खरीदना कठिन होते जा रहा है। बड़े साइज 2000 से 3000 वर्ग फुट या इससे अधिक साइज में बने मकानों की कीमत 2 से 3 करोड तक पहुंच चुकी है। अमूमन बड़े साइज के घरों व बंगलों और अपार्टमेंटों के खरीददार उच्च आय वाले खरीददार हाते हैं, जिनकी बिक्री आसानी से हो जा रही है, लेकिन छोटे भूखंडों में निर्मित घरों की बिक्री में कठिनाई देखी जा रही।

### खराब गुणवत्ता के कारण हाउसिंग बोर्ड और आरडीए के मकानों को नहीं खरीदना चाहते ग्राहक

मध्यमगर्वीय परिवार के लिए सरकारी योजनांए भी बहुत कारगर साबित नहीं हो पा रही हैं। खराब गुणवत्ता के कारण मध्यमवर्गीय परिवार हाउसिंग बोर्ड और आरडीए द्वारा बनाए गए मकानों और फ्लेटों को खरीदने से परहेज करते हैं। नतीजन खरीददारों को मजबूरी में प्राइवेट कंस्ट्रक्शन कंपनियो, डेवलपर और बिल्डरों से मकान और अपार्टमेन्ट खरीदना पड़ता है। नवा रायपुर समेत कई इलाकों में जिन ग्राहकों ने आज से 5-10 साल पहले हाउसिंग बोर्ड के मकानों को जिस कीमत में खरीदा, आज भी उसी दर में हाउसिंग बोर्ड के मकानों की बिक्री की जा रही है, नवा रायपुर में सैकडों की तादात में रिसेल के बोर्ड जगह- जगह देखे जा सकते हैं और कम समयावधि में ही खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं।

# नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति : कम पढ़े-लिखे लोगों को बनाएंगे डिजिटल साक्षर, ऑनलाइन ली जाएगी परीक्षा

## 30 हजार लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य, सर्वेक्षण कार्य जल्द होगा शुरू



पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

जिला साक्षरता मिशन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम-सभी के लिए शिक्षा की बैठक ली। कलेक्टर डॉ. सिंह ने कहा कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू की गई है। इसमें विभिन्न विभागों से समन्वय कर कार्यक्रम को गति दिया जाए। साथ ही डेटा एंट्री का काम भी करें। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका जैसे मैदानी अमला द्वारा सर्वे का कार्य पूर्ण किया जाए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे। उल्लेखनीय है कि नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत 30 हजार लोगों को साक्षर बनाने का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए सर्वेक्षण कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। इसमें 15 वर्ष से अधिक आयु के नागरिकों को साक्षर बनाने प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिले में इसका सर्वे किया जाएगा। इसके लिए 200 घंटे की पढ़ाई कराई जाएगी। साक्षर बनाने के लिए वित्तीय साक्षरता, कानूनी साक्षरता, डिजिटल साक्षरता, आपदा प्रबंधन, व्यवसायिक कौशल, बाल देखभाल एवं शिक्षा, स्वास्थ्य एवं परिवार जैसे विषयों पर जागरूक किया जाएगा।

# श्रीमंत ने पैरा आर्म रेसलिंग में विदेश में लहराया परचम, खेल मंत्री ने की सराहना

## विदेश में प्रशिक्षण के लिए सहयोग का दिया आश्वासन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



दोनों हाथों में केवल 4 उंगलियाँ होने के बावजूद भिलाई के श्रीमंत ने इस कमी को अपने लक्ष्य की राह का रोड़ा नहीं बनने दिया। राष्ट्रीय एव अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पैरा आर्म रेसलिंग में नई ऊंचाईयां प्राप्त की। पैरा आर्म रेसलिंग में छत्तीसगढ़ की ओर से भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ी श्रीमंत झा ने मंगलवार को खेल मंत्री टंक राम वर्मा से उनके निवास कार्यालय में सौजन्य मुलाकात की। मुलाकात के दौरान खेल मंत्री ने देश-विदेश में उनके द्वारा पैरा आर्म रेसलिंग में शानदार प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने उन्हें इस खेल में और निखार लाने के लिए विदेशों में प्रशिक्षण की व्यवस्था करने में आवश्यक सहयोग दिलाने के लिए आश्वस्त किया। वर्तमान में श्रीमंत एक प्राइवेट कंपनी में इंजीनियर के रूप में कार्यरत हैं। उन्होंने आर्म-रेसलिंग में राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई पदक हासिल किये हैं। पांच विश्व चैंपियनशिप जीतने वाले श्रीमंत झा का अगला लक्ष्य पैरा ओलंपिक्स में भारत का प्रतिनिधित्व कर देश के लिए पदक जीतना है। श्रीमंत की हिम्मत, अथक परिश्रम और देश के लिए कुछ कर गुज़रने की ललक सभी के लिए सच्ची प्रेरणा है। श्रीमंत ने अब तक 48 अंतर्राष्ट्रीय पदक हासिल किया है।

# माशिमं की दूसरी परीक्षा की तारीखों का ऐलान, छात्रों ने किया आवेदन

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने 10वीं-12वीं बोर्ड द्वितीय मुख्य परीक्षा 2024 के लिए समय-सारिणी घोषित कर दी है। बता दें बोर्ड परीक्षाओं में फेल हुए छात्रों के लिए एक और मौका है। इस सत्र से बोर्ड की मुख्य परीक्षा दो बार होगी। हाई स्कूल की दूसरी बार आयोजित परीक्षा में अब तक 7059 छात्रों के आवेदन आएं हैं। हायर सेकेंडरी एग्जाम में दूसरी बार शामिल होने के लिए 6826 छात्रों ने आवेदन किया। इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय श्रेणी के छात्र भी आवेदन कर रहे हैं। 23 जून तक प्रथम श्रेणी के 140, द्वितीय श्रेणी के 238, तृतीय से 21, कुल 399 परीक्षार्थियों ने आवेदन किया है। माध्यमिक शिक्षा मंडल की सचिव पुष्पा साहू ने कहा कि, हमारी तैयारियां पूरी हैं और परीक्षार्थियों की मदद के लिए टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। फेल होने वाले छात्र परीक्षा में शामिल हो कर अपना भविष्य सुधार सकेंगे। हायर सेकण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 23 जुलाई से प्रारंभ होकर 12 जुलाई तक आयोजित की जायेगी। वहीं हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा 24 जुलाई से प्रारंभ होकर 8 अगस्त तक आयोजित की जायेगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल ने द्वितीय मुख्य परीक्षा हाईस्कूल और हायर सेकेंडरी के विद्यार्थियों को द्वितीय परीक्षा में भाग लेने के लिए तारीख निर्धारित कर दी है।

# कांग्रेस ने हमेशा संविधान का मजाक बनाया है : अरुण साव

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ के उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने तानाशाही और सत्तालोलुपता का प्रदर्शन करते हुए 25 जून, 1975 को देश पर आपातकाल थोपकर न केवल लोकतंत्र की हत्या की, अपितु भारतीय संविधान का खुलेआम मखौल भी उड़ाया था। साव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने भारतीय लोकतंत्र के उसी काले अध्याय से रू-ब-रू कराते हुए 'आपातकाल का काला दिवस' मनाकर संविधान और लोकतंत्र के नाम पर देश में पाखंडपूर्ण राजनीति कर रही कांग्रेस के इस इस कलंकित राजनीतिक चरित्र से परिचित कराने का बीड़ा उठाया है। प्रदेश के उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि सन 1975 में देश पर आपातकाल थोपकर तत्कालीन इंदिरा सरकार ने जिस प्रकार से लाखो निरपराध लोगों को जेल में डाला, न्यायपालिका और मीडिया के अधिकारों को नियंत्रित करने का काम किया, अपने विरोधियों को जेल में डालकर उन्हें प्रताड़ित करने का काम किया, 50 साल बाद यह देश उस काला दिवस को न तो भूल पाया है और न कभी भूल पाएगा। साव ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा से सत्ता के लिए किसी भी हद तक जाने का काम करती रही है और आज भी कांग्रेस अपने इसी राजनीतिक चरित्र के साथ राजनीति कर रही है। कांग्रेस को न तो देश के संविधान पर भरोसा है और न ही देश की संवैधानिक संस्थाओं पर। सत्ता हासिल करने और उस पर काबिज रहने के लिए, अपने राजनीतिक सत्ता-स्वार्थ के लिए कांग्रेस ने हमेशा संविधान एवं संवैधानिक संस्थाओं पर कब्जा कर उसे तोड़ने का काम किया है। यह कांग्रेस का इतिहास रहा है कि 90 से अधिक बार राज्य सरकारों को बर्खास्त करने का काम भी कांग्रेस ने किया है। संविधान और संवैधानिक प्रावधानों का दुरुपयोग करके दोबारा कोई ऐसी हिम्मत न कर सके, इसके लिए भाजपा ने जन-जन को जागरूक कर देश को एक बार फिर आपातकाल के अन्याय, अत्याचार और ज्यादतियों के बारे में बताने के लिए 25 जून को पूरे जिला मुख्यालय में आपातकाल का काला दिवस मनाया।

# नवीन कानूनों और नवीन तकनीक का उपयोग करें : न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, बिलासपुर के द्वारा राज्य न्यायिक एकेडमी के सहयोग से छत्तीसगढ़ राज्य के 23 जिलों में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ, डिप्टी एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेस कौंसिलों हेतु 23 जून से आयोजित तीन दिवसीय प्रशिक्षण सत्र के अंतिम दिवस छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति एवं छत्तीसगढ़ राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (सालसा) के मुख्य संरक्षक न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने प्रशिक्षण स्थल छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी पहुंचकर वहां की गतिविधियों का औचक निरीक्षण किया। न्यायमूर्ति सिन्हा ने कौंसिलों के प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि प्रशिक्षण कार्यकम का पूर्ण लाभ प्राप्त करते हुए अपने-अपने स्थानों पर अच्छे से कार्य करें एवं अपने विधिक कौशल को विकसित करें। साथ ही उन्होंने कहा कि नवीन कानूनों एवं नवीन विकसित तकनीकों के माध्यम से विधि की अद्यतन जानकारी रखें। उन्होनें कहा कि उच्च न्यायालय में सुनवाई के दौरान् यदि कोई मामला उनके समक्ष आए जिसमें डिफेंस कौंसिल ने अपने पक्षकार के मामले में गुणवत्ता से प्रतिपरीक्षण किया हो तो उन्हें खुशी होगी। सिन्हा ने डिफेंस कौंसिलों को अपने पक्षकार से निरंतर सम्पर्क में रहकर उनकी विश्वसनीयता बनाए रखने, पीड़ित पक्ष का ध्यान रखने और पाक्सो एक्ट के दिशा निर्देशों का पालन करने का मार्गदर्शन दिया। मुख्य न्यायाधिपति अचानक प्रशिक्षण स्थल में प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देने से प्रशिक्षण कार्यकम उत्साही व प्रेरणादायी हो गया। उन्होनें प्रशिक्षार्थी डिफेंस कौंसिलों को उनके कार्यों के लिए प्रोत्साहित करते हुए शुभकामनाएं दी। गौरतलब है कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के निर्देशानुसार राज्य में स्थापित लीगल एड डिफेंस कौंसिल सिस्टम में नियुक्त चीफ डिप्टी चीफएवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिलों का तीन दिवसीय एडवांस ट्रेनिंग प्रोग्राम का आयोजन 23 से 25 जून, 2024 तक राज्य न्यायिक एकेडमी में किया गया था। इस प्रशिक्षण में चीफ23, डिप्टी चीफ 32 एवं असिस्टेंट लीगल एड डिफेंस कौंसिल 50 इस प्रकार कुल 105 कौंसिलगण प्रतिभागी के रूप में उपस्थित रहे।

# जनजातीय गौरव के प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाएं : मंत्री नेताम

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा कि वीरांगना महारानी दुर्गावती का देश प्रेम और समाज के प्रति समर्पण हमें प्रेरणा से भर देता है। हमें जनजातीय गौरव के प्रतीक वीरांगना रानी दुर्गावती से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने में सहभागी बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि वीरांगना दुर्गावती ने तब के समय जब यहां मुगलों का हुकुमत चलता था। तब के समय में अपने साहस, संघर्ष, धैर्य और वीरता से मुगलों को अपना लोहा मनवा दिया था। मंत्री नेताम ने कहा कि समाज को विखंडित करने वाले लोगों से बचते हुए मैं और मेरा समाज की भावना से ऊपर आना चाहिए। उन्होंने कहा कि मुगल सुल्तान के समय में भी रानी दुर्गावती का व्यापक साम्राज्य था। इस साम्राज्य में अनेक जाति, समुदाय और धर्म के लोग निवासरत थे। रानी दुर्गावती ने राजधर्म निभाते हुए अपनी साहस और वीरता के साथ सभी लोगों का सुरक्षा और सेवा की है। हमें उनके मार्ग में चलकर समरसता के साथ समाज को आगे बढ़ाना चाहिए। नेताम आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम में वीरांगना रानी दुर्गावती के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित कर रहे थे। मंत्री नेताम ने कहा कि राजनीतिक और आर्थिक रूप से हम कितना भी संपन्न हो जाए। लेकिन हमें अपने समाज को नहीं छोड़ना चाहिए। हम उस समाज के ऋणी है जिसने हमें जन्म दिया। हमें जीवन का कुछ हिस्सा समाज सेवा में व्यतीत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि हमें अपने संस्कृति, अपने देश-धर्म को बचाने के लिए काम करना चाहिए। समाज में गलत व्याख्या करके लड़ाने वालों से बचना चाहिए। वीरांगना रानी दुर्गावती जिन विषम परिस्थितियों में रहकर समाज और देश के लिए अनुकरणीय कार्य किए, उससे हमें प्रेरणा लेनी चाहिए। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने वीरांगना महारानी दुर्गावती के बलिदान को स्मरण करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में सरकार जनजातीय गौरव की भावना को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। छत्तीसगढ़ में जनजाति समाज के श्री विष्णु देव साय को मुख्यमंत्री बना कर समाज का गौरव बढ़ाया है। देश की राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु जनजातीय समाज से हैं। उनका इस सर्वोच्च पद में आसीन होना जनजातीय समाज के लिए गौरव का विषय है। मंत्री कश्यप कहा कि ऐसी बलिदानी महारानी जिन्होंने हमारे पुरखों और समाज को नई दिशा देने का काम किया है, आगे बढ़ाने काम किया है, उन्हें मैं नमन करता हूं। उन्होंने कहा कि समाज को पूजा-पद्धति, संस्कृति, परंपरा के नाम पर दिगभ्रमित करने वाले लोगों से बचना चाहिए। हमें महारानी दुर्गावती से प्रेरणा लेकर देश की एकता और अखंडता के लिए आगे आना चाहिए। नई पीढ़ियों को भी बताना चाहिए कि ऐसे साहसिक बलिदानी रानी से प्रेरणा लेकर समाज को आगे बढ़ाने की दिशा में काम करना चाहिए। कार्यक्रम को पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने संबोधित किया। इस मौके पर समाज के उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। कार्यक्रम जनजातीय गौरव समाज के तत्वावधान में संपन्न हुआ। इस मौके पर जनजातीय गौरव समाज के अध्यक्ष एम.डी. ठाकुर, पूर्व विधायक वीरेन्द्र राय, समाज सेवी श्री विकास मरकाम, पद्मश्री अजय मंडावी, फूलसिंह नेताम, सत्यभामा नाग, रामलखन पैकरा सहित बड़ी संख्या में जनजाति समाज के लोग उपस्थित थे।




सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2024-26, दूरभाष नंबर 0771-2972403